CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 29°C
न्यूनतम: 24°C

लखनऊ, गुरुवार 10 जुलाई 2025 लखनऊ संस्करण: वर्ष 16 अंक 249 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | आषाढ़ शुक्ल पक्ष 14 विक्रमी सम्वत् 2082 | 14 मुहर्रम 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



बिहार में भी चुनाव चोरी करने की कोशिशः राहुल पेज 2



टेस्ट रैंकिंग में 15 स्थान की लम्बी छलांग के साथ छठे नंबर पर पहुंचे शुभमन गिल खेल टाइम्स



ओली के हवा हवाई दावे से भारत का बेफिक्र रहना ही अच्छा सम्पादकीय



दावाः पूर्व पीएम शेख हसीना ने प्रदर्शनकारियों को गोली मारने का दिया था आदेश पेज 2

# योगी ने छांगुर बाबा को दी जल्लाद की संज्ञा



**कहाः राष्ट्रविरोधी व समाज विरोधी तत्वों को चकनाचूर करके रहेंगे**

आजमगढ़, वार्ता

**सीएम योगी** आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि समाज विरोधी व राष्ट्रविरोधी कार्रवाई में लिप्त तत्वों के खिलाफ कार्रवाई हो रही है। उन्होंने अवैध धर्मांतरण के आरोपी जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा की ओर इशारा करते हुए कहा कि मंगलवार को बलरामपुर में एक जल्लाद को हम लोगों ने गिरफ्तार किया है।

वह जल्लाद हिंदू बहन-बेटियों की इज्जत से खिलवाड़ करता था। पैसे में सौदेबाजी करता था, लेकिन अब ऐसे तत्वों के साथ सख्ती की जा रही है। हम समाज को टूटने भी नहीं देंगे और राष्ट्रविरोधी-समाजविरोधी तत्वों को भी चकनाचूर करके रहेंगे।

### छांगुर बाबा की कोठी में छह जर्मन शेफर्ड व घोड़े मिले, कोठी पर दूसरे दिन भी चला बुलडोजर, बाथरूम से विदेशी सामान बरामद

**बलरामपुर।** यूपी में धर्मांतरण के मास्टरमाइंड जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा की कोठी पर दूसरे दिन भी बुलडोजर चला। बलरामपुर में प्रशासन की टीम बुधवार सुबह 10 बजे कोठी में पहुंची। जहां लाल निशान लगा, उसे तोड़ना शुरू कर दिया। कोठी के अंदर एक मिनी पावर हाउस मिला है। बाथरूम में भी विदेशी ब्रांड के सामान मिले। इसके अलावा, कोठी के अंदर एक घोड़ा भी बंधा मिला। तहसीलदार राजेंद्र बहादुर ने बताया कि मंगलवार और बुधवार दो दिन की कार्रवाई में 1500 स्क्वायर फीट में बने अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया है। 2041 स्क्वायर फीट में हुए निर्माण को प्रशासन ने अवैध बताया था। अभी 500 स्क्वायर फीट में अवैध निर्माण गिराया जाना बाकी है, जिसे गुरुवार को गिराया जाएगा। छांगुर बाबा ने 6 जर्मन शेफर्ड कुत्ते भी पाल रखे थे, जिन्हें गांव वाले उठा ले गए थे। हालांकि, जब पुलिस ने सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी, तो गांव वालों ने कुत्ते वापस सौंप दिए। 3 बीघे में करीब 3 करोड़ की लागत से बनी कोठी में 70 से ज्यादा कमरे और हॉल हैं। इनमें 40 कमरों वाले हिस्से को प्रशासन ने अवैध बताया है।

### ट्रेड यूनियनों के भारत बंद का नहीं दिखा खास असर

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ और विभिन्न मांगों को लेकर प्रमुख ट्रेड यूनियनों के भारत बंद के आह्वान का बुधवार को देशभर में मिलाजुला असर रहा। पश्चिम बंगाल और केरल में इस बंद का ज्यादा असर देखा गया और कई राज्यों में बैंकिंग सेवाएं प्रभावित रही। बंद का आह्वान दस केंद्रीय ट्रेड यूनियनों ने किया था। केंद्र सरकार की नीतियों के विरोध में आयोजित इस बंद के तहत कुछ वाम संगठनों ने राजधानी दिल्ली में जंतर मंतर पर प्रदर्शन किया। दिल्ली में बंद का खास असर नहीं दिखाई दिया और यहां बाजार सामान्य दिनों की तरह खुले रहे एवं सड़कों पर वाहन भी सामान्य रूप से चलते रहे। एक तरफ जहां पश्चिम बंगाल और केरल में बंद का ज्यादा असर देखने को मिला, वहीं भाजपा और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) शासित राज्यों में बंद का कोई खास असर नहीं दिखा। पश्चिम बंगाल में वामपंथी दलों और उससे संबद्ध ट्रेड यूनियनों के भारत बंद के दौरान ट्रेनों के परिचालन पर असर पड़ा। बंद के कारण सार्वजनिक परिवहन में भारी व्यवधान हुआ।

### एनआईए ने लश्कर से जुड़े मामले में तीन को किया गिरफ्तार

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े उग्रवादी की जेल में मदद करने के आरोप में जेल के मनोचिकित्सक और एक पुलिस अधिकारी सहित तीन प्रमुख आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एजेंसी के मुताबिक बेंगलुरु और कोलार जिलों में पांच स्थानों पर व्यापक तलाशी के बाद मंगलवार को ये गिरफ्तारियां हुईं। गिरफ्तार व्यक्तियों की पहचान केंद्रीय कारागार, परप्पाना अग्रहारा, बेंगलुरु के मनोचिकित्सक डा. नागराज, सिटी आर्म्ड रिजर्व पुलिस के सहायक पुलिस निरीक्षक चांद पाशा और एक फरार आरोपी जुनैद अहमद की मां अनीस फातिमा के तौर पर की गई है। एजेंसी के अनुसार छापेमारी में आरोपियों और अन्य संदिग्धों के घरों से डिजिटल उपकरण, नकदी, सोना और आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए गए।

### युद्धपोत 'निस्तार' नौसेना में शामिल

**नई दिल्ली।** गहरे समुद्र में गोताखोरी तथा बचाव अभियान चलाने में सक्षम स्वदेशी युद्धपोत निस्तार नौसेना के बेड़े में शामिल हो गया है। देश की प्रमुख शिपयार्ड कंपनी हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड ने विशाखापत्तनम में नौसेना को यह युद्धपोत सौंपा। इस युद्धपोत को भारतीय नौवहन के अनुसार डिज़ाइन और निर्मित किया गया है और यह गहरे समुद्र में गोताखोरी तथा बचाव अभियान चला सकता है। इसके साथ ही भारतीय नौसेना यह क्षमता हासिल करने वाली दुनिया की चुनिंदा नौसेनाओं में शामिल हो गई है। इस युद्धपोत का नाम 'निस्तार' संस्कृत से लिया गया है जिसका अर्थ मुक्ति, बचाव या मोक्ष है।

### जगुआर लड़ाकू विमान क्रैश, दोनों पायलटों की मौत

**नई दिल्ली।** वायुसेना का एक जगुआर ट्रेनर विमान राजस्थान के चुरू के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया, दुर्घटना में दोनों पायलट की मौत हो गई। वायुसेना ने कहा है कि यह विमान नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दुर्घटना में दोनों पायलटों की मौत हो गई। दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए जांच समिति गठित की गई है। वायुसेना ने सोशल मीडिया पर पोस्ट में कहा कि भारतीय वायुसेना का एक जगुआर ट्रेनर विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

# ब्रिक्स से चिढ़ गए ट्रम्प

## भारत समेत ब्रिक्स देशों पर 10% एक्स्ट्रा टैरिफ लगाएगा अमेरिका

वाशिंगटन, वार्ता

**अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा- डॉलर राजा है, इसे चुनौती देने वालों को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी**



**अमेरिकी राष्ट्रपति** डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार को ब्रिक्स देशों पर एक अगस्त से 10 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ लगाने की धमकी दी। ट्रम्प ने आरोप लगाया ब्रिक्स ग्रुप अमेरिकी डॉलर को कमजोर करने की कोशिश कर रहा है।

उन्होंने कहा कि ब्रिक्स हमें नुकसान पहुंचाने और हमारे डॉलर को कमजोर करने के लिए बनाया गया था। जो भी ब्रिक्स में हैं उन्हें 10 फीसदी टैरिफ देना होगा। अमेरिकी डॉलर की ताकत बनी रहेगी और इसे चुनौती देने वाले को बड़ी कीमत चुकानी होगी। ट्रम्प ने कहा कि डॉलर राजा है, हम इसे ऐसे ही रखेंगे। मैं बस इतना कह रहा हूं कि अगर लोग इसे चुनौती देना चाहते हैं, तो वे कर सकते हैं, लेकिन उन्हें बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी। मुझे नहीं लगता कि उनमें से कोई भी वो कीमत चुकाने के लिए तैयार है। भारत के बारे में पूछे जाने पर ट्रम्प ने कहा कि ब्रिक्स मेंबर होने की वजह से भारत को भी 10 फीसदी टैरिफ देना होगा, किसी को कोई छूट नहीं दी जाएगी। ब्रिक्स ने इसकी आलोचना की है और इसे डब्ल्यूटीओ नियमों के खिलाफ बताया है। ट्रम्प ने भारत के साथ व्यापार समझौते की बात भी की। यह समझौता इस महीने ही या ट्रम्प की भारत यात्रा के दौरान हो सकता है। इस समझौते के तहत दोनों देश 2030 तक आपसी ट्रेड को 500 अरब डॉलर तक पहुंचाना चाहते हैं। इसमें खेती और डेयरी जैसे सेक्टर शामिल नहीं होंगे। अमेरिका अपने कृषि उत्पादों, मेडिकल इक्विपमेंट और इंडस्ट्रियल प्रोडक्ट्स पर कम टैरिफ चाहता है, जबकि भारत टेक्सटाइल एक्सपोर्ट के लिए बेहतर मौके चाहता है। ट्रम्प ने पिछली सरकारों पर तंज करते हुए कहा कि उनकी वजह से अमेरिका को नुकसान हुआ। ट्रम्प ने कहा कि मेरे पहले टर्म में सैकड़ों अरब डॉलर के टैरिफ जमा हुए। तब कोई महंगाई नहीं थी, वह देश का सबसे सफल आर्थिक समय था। मुझे लगता है कि इस बार और बेहतर होगा। हमने अभी शुरू भी नहीं किया और 100 अरब डॉलर से ज्यादा के टैरिफ जमा हो चुके हैं। कुछ देश निष्पक्ष व्यापार चाहते हैं, कुछ बिगड़ गए हैं। सालों से उन्होंने अमेरिका का फायदा उठाया है। अगर अमेरिका के पास पिछली बार जैसा मूर्ख राष्ट्रपति होता, तो आपका स्टैंडर्ड गिर जाता, यहां डॉलर नहीं होता। यह एक वर्ल्ड वॉर हारने जैसा होगा। मैं ऐसा नहीं होने दे सकता। ट्रम्प ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा कि एक अगस्त 2025 से टैरिफ लागू होंगे। इसमें कोई बदलाव या छूट नहीं होगी। टैरिफ का मकसद निष्पक्षता लाना है, लेकिन अगर कोई देश निष्पक्ष समझौता करना चाहे, तो बातचीत हो सकती है। जब उनसे पूछा गया कि क्या एक अगस्त की डेडलाइन फिक्स है, तो ट्रम्प ने कहा कि मैं कहूंगा पक्की है, लेकिन 100 फीसदी नहीं।

# गुजरात में महिसागर नदी पर पुल गिरा, 13 लोगों की मौत

वडोदरा, वार्ता



**गुजरात में** वडोदरा जिले के पादरा क्षेत्र में बुधवार को महिसागर नदी पर बने गंभीरा पुल के अचानक ढहने से मरने वालों की संख्या बढ़कर 13 हो गई और अन्य छह घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस निरीक्षक विजय चरण ने बताया कि वडोदरा-आणंद को जोड़ने वाले गंभीरा पुल का एक हिस्सा सुबह अचानक ढह गया, जिससे वहां से गुजर रहे चार वाहन नदी में गिर गए। उन्होंने बताया कि अब तक 13 लोगों के शव नदी से बाहर निकाले गए हैं और अन्य छह लोगों को बचा लिया गया है। मृतकों की पहचान अभी नहीं हो पाई है। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

## मोदी ने गुजरात हादसे में मरे लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के वडोदरा जिले में पुल के ढहने से हुई जनहानि पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है और प्रत्येक मृतक के निकटतम परिजन को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो-दो लाख रुपये तथा घायलों को 50-50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है।

प्रधानमंत्री ने प्रत्येक मृतक के निकटतम परिजन को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो-दो लाख रुपये तथा घायलों को 50-50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि

**■ मृतक आश्रितों को दो-दो लाख रुपये तथा घायलों को 50-50 हजार रुपये की मदद का ऐलान**

गुजरात के वडोदरा ज़िले में एक पुल के ढहने से हुई जनहानि बेहद दुखद है। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खोया है उनके प्रति मेरी संवेदना। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से प्रत्येक मृतक के परिजनों को दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घायलों को 50-50 हजार रुपये दिए जाएंगे।

# उत्तराखंड में बादल फटा

**■ अयोध्या में घर, वाराणसी में घाट डूबे प्रयागराज में चार मौतें**

**नई दिल्ली।** यूपी में बुधवार को भारी बारिश हुई है। अयोध्या में घरों में पानी भर गया है। प्रयागराज में बारिश के पानी में डूबने से 4 बच्चों की मौत हो गई।

वाराणसी में दशाश्वमेध घाट और अस्सी घाट तक पानी पहुंच गया है। इसके चलते गंगा आरती का स्थान बदला गया है। उत्तराखंड में मानसून जमकर बरस रहा है। मंगलवार को चमोली जिले के नंदप्रयाग घाट के पास मुख गांव में बादल फटने से तबाही मच गई। एसडीआरएफ ने बताया कि जनहानि की सूचना नहीं है। सर्च जारी है। अगले चार दिन राज्य के पांच जिलों में भारी बारिश की संभावना है। मध्य प्रदेश में नर्मदा उफान पर है।

### पंजाब को दहलाने की साजिश नाकाम

**गुरदासपुर।** पंजाब में गुरदासपुर जिला के जंगल से हथियारों का बड़ा जखीरा बरामद कर एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) ने पाकिस्तान स्थित बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) के सदस्य और पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई द्वारा समर्थित हरविंदर रिदा की एक बड़ी आतंकी साजिश को सफलतापूर्वक नाकाम कर दिया।

# उदयपुर फाइल्स के खिलाफ तत्काल सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट ने किया इन्कार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने हिंदी फिल्म 'उदयपुर फाइल्सः कन्हैया लाल टेलर मर्डर' की रिलीज के खिलाफ दायर याचिका पर तत्काल सुनवाई करने से बुधवार को इन्कार कर दिया।



न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ ने मोहम्मद जावेद की याचिका पर तत्काल विचार करने से इन्कार किया, लेकिन उनकी ओर से पेश अधिवक्ता से कहा कि वो 14 जुलाई को (गर्मी की छुट्टियों के बाद) अदालतें फिर से सामान्य रूप से खुलने पर मामले का उल्लेख कर सकते हैं। जावेद उदयपुर के 2022 को कन्हैया लाल तेली हत्याकांड के आरोपियों में शामिल है। उसने 11 जुलाई को रिलीज के लिए तैयार इस फिल्म पर रोक लगाने की मांग करते हुए शीर्ष अदालत में एक रिट याचिका दायर की है।

### तहव्वुर राणा की ज्यूडिशियल कस्टडी 13 अगस्त तक बढ़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एनआईए कोर्ट ने 26/11 मुंबई हमले के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा की ज्यूडिशियल कस्टडी 13 अगस्त तक बढ़ा दी है। वहीं, एनआईए ने बुधवार को राणा के खिलाफ सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल की है। कोर्ट 13 अगस्त को इस चार्जशीट पर सुनवाई करेगी। ये राणा के खिलाफ दूसरी चार्जशीट है।

# वोटर लिस्ट में कोई गैर भारतीय नहीं रहेगा

शाह टाइम्स ब्यूरो



**■ स्क्रीनिंग का बिहार मॉडल पूरे देश में लागू करने की तैयारी, अगला नंबर असम और बंगाल का**

**नई दिल्ली।** बिहार में मतदाता सूची की स्क्रीनिंग पर मचे राजनीतिक कोहराम के बीच चुनाव आयोग (ईसीआई) ने साफ किया है कि यह कवायद देश के हर राज्य में की जाएगी। इसमें घर-घर जाकर मतदाताओं की पुष्टि की जाएगी।

इसके जरिये ईसीआई यह सुनिश्चित करना चाहता है कि कोई गैर भारतीय वोटर लिस्ट में न रहे। आयोग के सूत्रों ने बताया कि अगली बारी उन राज्यों की है, जहां 2026 में विधानसभा चुनाव होने हैं। इनमें असम, पश्चिम बंगाल, केरल, तमिलनाडु और पुड्डुचेरी शामिल हैं। बिहार में चुनाव के बाद इन राज्यों में अभियान चलाया जाएगा। इस कवायद की असली परीक्षा असम और पश्चिम बंगाल में होगी। यहां बांग्लादेशी घुसपैठियों की मौजूदगी पर पहले से राजनीति गरमाई हुई है। 2029 से पहले सभी राज्यों में स्क्रीनिंग करने की योजना अगले फेज में उत्तर प्रदेश, गुजरात, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, गोवा और मणिपुर का नंबर है। यहां 2027 में चुनाव हैं। सूत्रों ने बताया कि 2029 में लोकसभा चुनाव से पहले सभी राज्यों की वोटर लिस्ट की स्क्रीनिंग पूरी करने की योजना है। 2028-29 में 17 राज्यों के चुनाव हैं। वहीं, विपक्ष ने आयोग के फैसले पर सवाल उठाते हुए आंदोलन का ऐलान किया है। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म (एडीआर) और विपक्षी पार्टियों ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की है। याचिकाओं में तर्क दिया गया है कि नागरिकता तय करना आयोग का नहीं, सरकार का काम है। स्क्रीनिंग के लिए आधार कार्ड, राशन कार्ड जैसे दस्तावेज मान्य नहीं हैं, जबकि बिहार के 90 फीसदी लोगों के पास यही हैं। लाखों लोग दूसरे राज्यों में जाते हैं। यह उनके लिए बड़ी चुनौती है। मामले 10 जुलाई को सुनवाई होनी है।

# भारत-नामीबिया ने रक्षा तथा सुरक्षा पर सहयोग बढ़ाने पर की चर्चा

**विडहोक/नई दिल्ली।** नामीबिया की यात्रा पर गए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और नामीबियाई राष्ट्रपति डा. नेटुम्बो नंदी-नदैतवा ने बुधवार को यहां वार्ता के दौरान द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं की समीक्षा और रक्षा तथा सुरक्षा सहित विभिन्न विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की।

वार्ता के बाद श्री मोदी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि राष्ट्रपति नेटुम्बो नंदी-नदैतवा और मैंने आज अपनी वार्ता के दौरान भारत-नामीबिया संबंधों के संपूर्ण पहलुओं की समीक्षा की।

### मोदी को नामीबिया के सर्वोच्च सम्मान से नवाजा

**विडहोक /नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को नामीबिया के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ऑर्डर ऑफ़ द मोस्ट एन्शिएंट वेल्वित्शिया मिराबिलिस' से सम्मानित किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### खास मौकों पर लगाएं आंगनबाड़ी केंद्र और स्कूलों में पेड़: आनंदीबेन

**बाराबंकी।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने लोगों से पेड़ लगाने की अपील करते हुए कहा कि जन्मदिन या शादी की सालगिरह जैसे खास मौकों पर आंगनबाड़ी केंद्रों या स्कूलों में जाकर बच्चों को मिठाई बांटें और पेड़ लगाएं। इससे समाज में नए संस्कार जन्म लेंगे और आपके खास दिन की याद भी लंबे समय तक बनी रहेगी। श्रीमती पटेल बुधवार को भारतीय सेना की बम विस्फोटक कंपनी परिसर में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम शामिल होने आई थी। उन्होंने परिसर में पीपल नीम और बरगद के पौधे लगाए। समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान को मजबूती देने की अपील की। उन्होंने वहां उपस्थित सभी बच्चों को चॉकलेट दिए। राज्यपाल ने कहा कि आज बच्चों को चिड़ियां दिखाने के लिए घरों में घोंसला बनाकर रखना पड़ता है।

### उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त: अजय राय

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय ने मंगलवार को कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है। बलात्कार, हत्या, डकैती और छिनैती की घटनाओं पर योगी सरकार अंकुश लगाने में पूरी तरह विफल रही है। जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी जौनपुर के तत्वावधान में आयोजित कांग्रेस के नवनियुक्त पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह में राय ने कहा कि भाजपा सरकार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। सरकारी स्कूलों को बंद कर शिक्षकों की नौकरियों के अवसर खत्म किए जा रहे हैं, जिससे पढ़ा-लिखा नौजवान हताश और बेरोजगार होता जा रहा है।

## दावा: हसीना ने दिया था प्रदर्शनकारियों को गोली मारने का आदेश

### तख्तापलट से पहले अफसर से बातचीत का आडियो लीक, बोलीं- जहां दिखे, गोली मार दो

**ढाका, वार्ता**



बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना का एक अज्ञात सरकारी अफसर से बातचीत का आडियो लीक हो गया है।

बीबीसी ने आडियो की पुष्टि करते हुए दावा किया है कि पिछले साल तख्तापलट से पहले पूर्व पीएम ने छात्र प्रदर्शनकारियों पर कार्रवाई का आदेश दिया था। फोन काल पर शेख हसीना ने कहा कि मैंने उन सभी को आज रात गिरफ्तार करने का आदेश दिया है। सबको कह दिया गया है, जहां भी आपको वे (प्रदर्शनकारी) दिखें, उन्हें पकड़ लीजिए। मैंने अब खुला आदेश जारी कर दिया है। अब वे घातक हथियारों का उपयोग करेंगे। वे जहां भी दिखेंगे, उनको गोली मार देंगे। बीबीसी के मुताबिक, यह आडियो 18 जुलाई, 2024 को ढाका में बांग्लादेशी पीएम के आवास से की गई एक फोन काल के दौरान रिकार्ड किया गया था। 5 अगस्त 2024 को बांग्लादेश में तख्तापलट हुआ था। हसीना का आडियो इस साल मार्च में लीक हुआ बीबीसी ने पुलिस दस्तावेजों का हवाला देते हुए बताया कि इस काल के बाद, ढाका में मिलिट्री-ग्रेड राइफलों का इस्तेमाल किया गया। जुलाई 2024 में बांग्लादेश में हुए विरोध प्रदर्शनों के दौरान लगभग 1400 लोग मारे गए थे।

पूर्व प्रधानमंत्री पर प्रदर्शनों के दौरान मानवता के खिलाफ अपराध का भी आरोप है। शेख हसीना की यह फुटेज 5 अगस्त, 2024 की है, जब वे हेलिकाप्टर से देश छोड़कर भाग गई थीं। पीएम पद छोड़कर भारत भाग गई थीं हसीना बांग्लादेश में सरकारी नौकरियों में कोटा सिस्टम को लेकर छात्रों का बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुआ था।

## निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मी सड़कों पर

### कार्यालय/कार्य स्थल से बाहर आकर निजीकरण के विरोध में पूरे दिन प्रदर्शन किया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**लखनऊ।** नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लॉइज एंड इंजीनियर्स के आह्वान पर आज देश के 27 लाख बिजली कर्मियों ने एक दिन की सांकेतिक हड़ताल की।

उत्तर प्रदेश के लगभग एक लाख बिजली कर्मचारियों, संविदा कर्मियों, जूनियर इंजीनियरों और अभियंताओं ने कार्यालय/ कार्य स्थल से बाहर आकर निजीकरण के विरोध में पूरे दिन प्रदर्शन किया। ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन के चेयरमैन शैलेंद्र दुबे, ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ पावर डिप्लोमा इंजीनियर्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष आर के त्रिवेदी, ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ़ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाईज के महामंत्री मोहन शर्मा, इलेक्ट्रिसिटी इंप्लॉइज फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के महामंत्री सुदीप दत्ता, इंडियन नेशनल इलेक्ट्रिसिटी वर्कर्स फेडरेशन के महामंत्री कुलदीप कुमार और ऑल इंडिया पावर मेन्स फेडरेशन के महामंत्री समर सिन्हा ने बुधवार को जारी बयान में कहा है कि केंद्र सरकार की एवं राज्य सरकारों की बिजली के निजीकरण की जन विरोधी नीतियों के विरोध में और खास कर उत्तर प्रदेश में पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के विरोध में देश के सभी प्रांतों के लगभग 27 लाख बिजली कर्मियों ने एक दिन की सांकेतिक हड़ताल कर अपनी एकजुटता का परिचय दिया है।

उन्होंने प्रदेश सरकार से मांग की है कि बिजली के निजीकरण का निर्णय वापस लिया जाए और केंद्र सरकार से मांग की है कि विद्युत मंत्रालय इस मामले में पहल कर उत्तर प्रदेश में बिजली के निजीकरण का निर्णय निरस्त करवाना सुनिश्चित करें। बिजली नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि उत्तर प्रदेश में दो विद्युत वितरण कंपनियों के निजीकरण का निर्णय वापस न लिया गया और उत्तर प्रदेश के बिजली कर्मियों का उत्पीड़न करने की कोशिश की गई, तो देश के तमाम बिजली कर्मी मूकदर्शक नहीं रहेंगे और देशव्यापी आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

### एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत मुख्यमंत्री ने रौंपे पौधे

## आठ साल में हीटवेव को ग्रीनवेव में बदला: योगी

**अयोध्या, वार्ता**



**कहा: पिछले आठ वर्षों में उत्तर प्रदेश ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अभूतपूर्व प्रगति की**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि उनकी सरकार ने अपने आठ साल के कार्यकाल में हरित क्रांति के जरिये हीटवेब को ग्रीनवेव में बदलने का काम किया है।

योगी ने यहां रामपुर हलवारा में सरयू नदी के किनारे त्रिवेणी वाटिका में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत बरगद, नीम और पीपल के पौधे रोपकर इसे भगवान श्रीराम, धरती माता और जन्मदायिनी माता को समर्पित किया। अयोध्या की पवित्र भूमि पर आयोजित एक जनसभा में उन्होंने पर्यावरण संरक्षण और जलवायु परिवर्तन के खिलाफ इस अभियान की महत्ता पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने बताया कि पिछले आठ वर्षों में उत्तर प्रदेश ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अभूतपूर्व प्रगति की है। इस दौरान 204 करोड़ पौधों का रोपण किया गया, जिनमें से 75 प्रतिशत पौधे जीवित हैं। इसके परिणामस्वरूप राज्य में 5 लाख एकड़ क्षेत्र में वनाच्छादन बढ़ा है।

योगी ने कहा कि हमने हीटवेव को ग्रीनवेव में बदला है। यह प्रयास न केवल पर्यावरण को स्वच्छ रखने में सहायक है, बल्कि जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों को कम करने में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। उन्होंने वैज्ञानिक जगदीश चंद्र बसु का उल्लेख करते हुए कहा कि पेड़ों में भी जीवन है और ये छाया, फल, मृदा संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान को योगी ने धरती माता और जन्मदायिनी मां के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक बताया। उन्होंने वैदिक उद्घोष 'माता भूमि पुत्रों पृथिव्या' का उल्लेख करते हुए कहा कि एक सच्चा पुत्र वही है, जो अपनी मां की सेवा और रक्षा करता है। इस अभियान के तहत प्रदेशवासियों ने सुबह 7 बजे से ही उत्साह के साथ पौधरोपण शुरू किया। योगी ने कहा कि यह अभियान वर्तमान को संवारने और भविष्य को सुरक्षित करने का संकल्प है। पेड़ हमें प्रदूषण, सांस की बीमारियों और कार्बन उत्सर्जन के दुष्प्रभावों से बचाएंगे। मुख्यमंत्री ने जलवायु परिवर्तन को वैश्विक चुनौती बताते हुए कहा कि अतिवृष्टि, अनावृष्टि और बादल फटने जैसी घटनाएं अनियोजित विकास का परिणाम हैं। उन्होंने अमेरिका के टेक्सास में हाल ही में हुई एक घटना का जिक्र किया, जहां अचानक आई बाढ़ में सैकड़ों बच्चे लापता हो गए। योगी ने जोर देकर कहा कि नियोजित और वैज्ञानिक प्रयासों से विकास और पर्यावरण संरक्षण में संतुलन स्थापित किया जा सकता है।

### वृक्षारोपण महाअभियान: उत्साह और उमंग के साथ शुरू हुआ

**लखनऊ।** पर्यावरण संरक्षण और धरा को हरा भरा बनाए रखने के संकल्प के साथ उत्तर प्रदेश में पौधारोपण महाभियान-2025 बुधवार को उत्साह और उमंग के साथ शुय हुआ और दोपहर 12 बजे तक पूरे प्रदेश में 17 करोड़ 57 लाख से अधिक पौधे रोपे जा चुके थे। एक पेड़ मां के नाम 2.0' थीम पर एक दिन में 37 करोड़ पौधरोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। राज्य के अधिसंख्य इलाकों में सुबह से ही पौधरोपण का सिलसिला शुय हो गया। नदियों, तालाबों, एक्सप्रेस वे, राजमार्ग के किनारे और पार्कों में वृक्षारोपण अभियान में युवाओं के अलावा बच्चों, महिलाओं और बुजुर्ग भी बढ़-चढ़ का हिस्सा ले रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज सुबह अयोध्या में हनुमानगढ़ी और रामलला के दर्शन के उपरांत दशरथ पथ पर स्थित रामपुर हलवारा गांव गए और 'एक पेड़ मां के नाम' थीम पर पौध रोपण किया।

## बिहार में भी चुनाव चोरी करने की कोशिश: राहुल

**पटना, वार्ता**



**कहा: महाराष्ट्र में ऐसा कर चुके हैं, चुनाव आयोग के कमिश्नर भाजपा-आरएसएस की तरह बात कर रहे**

राहुल गांधी बुधवार को पटना में महागठबंधन के प्रदर्शन में शामिल हुए। बिहार में वोटर लिस्ट की स्क्रीनिंग को लेकर विपक्षी पार्टियां विरोध कर रही हैं। यहां राहुल ने आरोप लगाया कि जैसे महाराष्ट्र का चुनाव चोरी किया गया था, वैसे ही बिहार के चुनाव को चुराने की साजिश रची जा रही है, उन्होंने कहा कि इलेक्शन कमिश्नर भाजपा और आरएसएस नेताओं की तरह बात करते हैं। उन्हें (भाजपा) पता चल गया है कि हमने महाराष्ट्र मॉडल समझ लिया है, वे अब बिहार मॉडल लाए हैं। ये गरीबों का वोट छीनने का तरीका है। राहुल ने कहा कि आपको जो करना है करिए, लेकिन बाद में कानून आप पर हावी होगा, कानून आपको नहीं छोड़ेगा, मैं आपको गारंटी दे रहा हूं कि आप कितने ही बड़े क्यों न हो कानून आपको नहीं छोड़ेगा, आप अपना काम नहीं कर रहे हो। राहुल बोले कि विधानसभा चुनाव में 10 प्रतिशत वोटर बढ़े राहुल ने कहा कि कुछ महीने पहले महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव हुआ, उसके कुछ महीने बाद महाराष्ट्र और हरियाणा का विधानसभा का चुनाव हुआ। लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन ने जीत दर्ज की। कुछ महीने बाद विधानसभा के चुनाव में हार गई।

## अर्थ व्यापार



सेंसेक्स 83625.89
निफ्टी 25424.35



सोना रु. 96085
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)



चांदी रु. 107500
प्रति किलो



## शेयर बाजारों में सीमित कारोबार के बीच सेंसेक्स, निफ्टी में गिरावट

**मुंबई, वार्ता**



स्थानीय शेयर बाजारों में देश विदेश की आर्थिक परिस्थितियों के मिले-जुले संकेतों के बीच सीमित कारोबार में बुधवार को हल्की गिरावट दर्ज की गई। मुंबई बाजार का संवेदी सूचकांक 176.43 अंक यानी 0.25 प्रतिशत की गिरावट के साथ 83536.08 और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 50 भी 46.40 अंक यानी 0.18 प्रतिशत नीचे खिसक कर 25476.10 पर बंद हुआ।

विश्लेषकों के अनुसार वैश्विक व्यापार के क्षेत्र में तनाव और अमेरिका में विभिन्न देशों के खिलाफ ऊंचे आयात शुल्क की घोषणाओं से निवेशक रक्षात्मक दृष्टिकोण अपनाए हुए हैं, लेकिन घरेलू बाजारों में मुद्रास्फीति में कमी, अवसंरचनात्मक विकास परियोजनाओं में निवेश तथा ग्रामीण मांग में सुधार के संकेतों से स्थानीय बाजार में भरोसा बना हुआ है। बीएसई का 30 शेयरों वाला संसेक्स सुबह गिरावट के साथ 83,625.89 पर खुला और ऊपर में 83,781.36 तथा नीचे में 83,382.28 तक गया। कल बाजार 83,712.51 पर बंद हुआ था। दिन के कारोबार में अधिकतर समय एक सीमित लाभ में रहने के बाद आखरी दौर में बिकवाली का दबाव बढ़ने से बाजार नीचे चला गया। बीएसई में 13 शेयरों में 0.17 प्रतिशत से 1.40 प्रतिशत के दायरे में लाभ हुआ, जबकि 17 शेयरों में 0.06 प्रतिशत से 2.03 प्रतिशत तक की गिरावट रही। बीएसई में लाभ में रहे शेयरों में बजाज फाइनेंस (1.40 प्रतिशत), हिंदुस्तान लीवर (1.24 प्रतिशत) और अल्ट्रासेमको (0.90 प्रतिशत) प्रमुख हैं। महिंद्रा एंड महिंद्रा, पावर ग्रिड, एशियन पेंट्स, आईटीसी, एचडीएफसी बैंक, मारुति, एनटीपीसी और कोटक बैंक भी लाभ में रहे। घाटे में रहे शेयरों में एचसीएल टेक 2.03 प्रतिशत गिरा जबकि टाटा मोटर्स का शेयर 0.06 हानि में बंद हुआ। एक्सिस बैंक, एसबीआई, टाइटन, इन्फोसिस, टीसीएस, आईसीआईसीआई बैंक, सन फार्मा, अदानी पोर्ट, एलएंडटी, रिलायंस और टाटा स्टील जैसे शेयरों में भी घाटा हुआ। एनएसई का निफ्टी 50 सुबह 25,514.60 पर खुल का ऊपर में 25,548.70 और नीचे में 25,424.35 तक गया। एनएसई में कुल 3030 शेयरों में खरीद फरोख्त हुई, जिनमें 1477 लाभ में और 1455 हानि में बंद हुए निफ्टी बैंक 0.07 प्रतिशत और निफ्टी.100 0.16 प्रतिशत की गिरावट से बंद हुए, निफ्टी मिडकैप 0.13 प्रतिशत नीचे रहा।

### सोना 887 कम होकर 96,085 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आया, चांदी 1.07 लाख रुपये किलो बिकी

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में बुधवार 9 जुलाई को गिरावट रही। 24 कैरेट सोने का दाम 887 कम होकर छ96,085 प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। इससे पहले इसका दाम 96,972 पर था। वहीं चांदी की कीमत 220 कम होकर घ1,07,280 प्रति किलोग्राम हो गई है। इससे पहले ये 1,07,500 पर थी। वहीं 18 जून को चांदी ने 1,09,550 और सोने ने 99,454 का ऑल टाइम हाई बनाया था। भोपाल सहित 4 महानगरों में 10 ग्राम सोने की कीमत- दिल्ली- 24 कैरेट सोने की कीमत 98,330 और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,150, मुंबई- 24 कैरेट सोने की कीमत 98,180 और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,000, कोलकाता- 24 कैरेट सोने की कीमत 98,180 और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,000, चेन्नई- 24 कैरेट सोने की कीमत 98,180 और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,000, भोपाल- 24 कैरेट सोने की कीमत 98,230 और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,050।

## डॉलर के मुकाबले रुपया आठ पैसे नरम

**मुंबई, वार्ता**



अमेरिका में तांबे और औषधियों पर आयात शुल्क बढ़ाने के बारे में राष्ट्रपति डोनाल्ट्रड ईआई की घोषणाओं, भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर अनिश्चितताओं और वैश्विक बाजार में तेल की कीमतों में सुधार के बीच अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये की विनिमय दर में बुधवार को करीब आठ पैसे की गिरावट दर्ज की गई।

रुपया आज प्रति डालर 85.7979 के स्तर पर बंद हुआ, जबकि अमेरिकी मुद्रा कल 85.7188 के स्तर पर थी। बुधवार को एशियाई बाजारों के कारोबार की अवधि में अमेरिकी डॉलर सूचकांक बढ़कर 97.55 के आसपास पहुंच गया। राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि वह तांबे के आयात पर 50 प्रतिशत तक शुल्क लगा सकते हैं। उन्होंने संकेत दिया कि दवा और अन्य चुनिदा क्षेत्रों पर शुल्कों में और भी भारी वृद्धि कर सकते हैं। इस बीच फारेक्स बाजार में कारोबारियों को अमेरिकी फेडरल रिजर्व की नीति निर्धारक समिति की फेड ओप मार्केट कमेटी (एमओएमसी) की पिछली बैठक के कार्यवाही विवरण के प्रकाशन का इंतजार है। इसमें बाजार फेड की भविष्य की ब्याज दर नीति की संभावनाओं की तलाश करेगा। न्यूयार्क जिंस बाजार में ब्रेंट कच्चा तेल 0.070 प्रतिशत की तेजी के साथ 67.63 डॉलर प्रति बैरल पर चल रहा था। एक समय यह 67.93 तक चढ गया था। एलकेपी सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष (अनुसंधान) जिंस एवं विदेशी विनिमय बाजार जतिन त्रिवेदी ने बाजार पर टिप्पणी में कहा कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौते की बातचीत जारी रहने की खबरों और अमेरिका में बढ़े हुए शुल्कों को लागू करने का समय बढ़ाने की संभावना से संभलने में मदद मिली है। उनकी राय में आने वाले समय में रुपये के प्रति डालर 85.30 से 86.20 के दायरे में रहने की संभावना है।

## मुख्तार अंसारी की जमीन पर ईडब्ल्यूएस फ्लैटों का पंजीकरण होगा

**डालीबाग की जमीन पर अवैध कब्जा कर रखा था, जिसे 2020 में ध्वस्त कर दिया गया था**

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) दिवंगत मुख्तार अंसारी के आवास की जमीन पर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित 72 ईडब्ल्यूएस फ्लैटों का पंजीकरण शुरू करेगा।

लखनऊ के डालीबाग इलाके में प्राइम लोकेशन पर यह जमीन मुख्तार अंसारी और उनके परिवार की थी, लेकिन इसे ध्वस्त कर दिया गया और यह इलाका गरीबों के लिए ईडब्ल्यूएस (आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग) फ्लैट बनाने के लिए एलडीए को दे दिया गया। 72 फ्लैटों के लिए पंजीकरण अगले महीने शुरू होगा। एलडीए के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने मंगलवार को बताया कि माफिया ने डालीबाग की जमीन पर अवैध कब्जा कर रखा था, जिसे 2020 में ध्वस्त कर दिया गया था। जिस जमीन पर यह इमारत बनी थी वह मुख्तार के बेटों के नाम थी। 2020 में जमीन मुक्त होने के बाद एलडीए ने करीब दो साल में प्रधानमंत्री योजना के 72 फ्लैट बनाए। मुख्तार अंसारी ने पाकिस्तान गए लोगों की संपत्ति हड़पकर अपने परिवार के सदस्यों के नाम आलीशान मकान बनवा लिया था। ये संपत्तियां सरकारी थीं और इन्हें शत्रु संपत्ति के तौर पर चिन्हित किया गया था। जमीन का कुल क्षेत्रफल 2,327.54 वर्ग फीट है और एलडीए ने तीन मंजिला मकान बनाए हैं। एक फ्लैट की औसत कीमत 4.50 लाख रुपये है। सूत्रों का कहना है कि मुख्तार अंसारी ने पहले फरहत अंसारी के नाम से डालीबाग में बिना नक्शे के मकान बनवाया था। बाद में एलडीए ने फर्जी कागजात के आधार पर नक्शा पास करा लिया। नक्शा वर्ष 2007 में पास हुआ था, लेकिन 2017 में भाजपा के सत्ता में आने के बाद अवैध प्रक्रिया का पता चला।

## एल्कोबेव सेक्टर से यूपी को 56 हजार करोड़ का राजस्व

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था वाला राज्य बनाने में एक्लोबेव सेक्टर भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। यूपी के एल्कॉहलिक बेवरेज उद्योग ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान मार्केट रेवेन्यु में 56 हजार करोड़ रुपए का योगदान दिया, जो राज्य के जीडीपी का 2.4 फीसदी है।

इंटरनेशनल स्पिरिट्स एंड वाइन्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (आईएसडब्ल्यूएआई) ने बुधवार को प्रदेश के एल्कॉहलिक बेवरेज (एल्कोबेव) उद्योग पर अपनी पहली व्यापक रिपोर्ट में इसकी पुष्टि की है। बिल्डिंग पाथवेज फॉर फ्यूचर इन्वेस्टमेंट्स एंड ग्रोथ एल्कोलिक बेवरेजेस इंडस्ट्री इन उत्तर प्रदेश नाम की इस रिपोर्ट में राज्य की अर्थव्यवस्था, रोजगार, कृषि, पर्यटन और औद्योगिक विकास में एल्कोबेव उद्योग की बहुआयामी भूमिका को रेखांकित किया गया है।

रिपोर्ट के विमोचन के अवसर पर आबकारी विभाग के राज्य मंत्री नितिन अग्रवाल ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार आर्थिक विकास एवं सार्वजनिक कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए प्रगतिशील एवं पारदर्शी एक्साइज प्रणाली के निर्माण की दिशा में प्रतिबद्ध है। आईएसडब्ल्यूएआई यूपी इकोनॉमिक रिपोर्ट 2025 नौकरियों के सृजन से लेकर गांवों की प्रगति एवं पर्यटन के विकास तक इस उद्योग के बहु-आयामी योगदान को दर्शाती है। यह उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनाने के मुख्यमंत्री के विजन के अनुरूप भावी नीतियों को आकार देने में कारगर होगा। एक्साइज कमिशनर, डा. आदर्श सिंह ने कहा कि पिछले कुछ वर्षो के दौरान उत्तर प्रदेश ने एक्साइज डोमेन में बड़े एवं प्रगतिशील सुधार किए हैं। पारदर्शिता को अपनाकर, पारम्परिक एकाधिकार को समाप्त कर, डिजिटल प्रशासन और प्रतिस्पर्धी एवं निवेशक अनुकूल वातावरण को बढ़ावा देकर प्रदेश ने दीर्घकालिक मूल्य सृजन की मजबूत नींव तैयार की है। आईएसडब्ल्यूएआई के सीईओ संजीत पाधी ने कहा कि यह उद्योग राज्य को एक ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उत्तर प्रदेश एक आर्थिक पावरहाउस के रूप में बदल रहा है और एल्कॉहलिक बेवरेज सेक्टर इस यात्रा में महत्वपूर्ण पार्टनर है। आईएसडब्ल्यूएआई यूपी इकोनॉमिक रिपोर्ट 2025 उत्तर प्रदेश के एल्कोबेव उद्योग का पहला व्यापक अध्ययन है, जिसे एल्कोबेव कंपनियों, उद्योग जगत के विशेषज्ञों और विश्वस्तरीय स्रोतों जैसे इंटरनेशनल वाइन एंड स्पिरिट रिसर्च (आईडब्ल्यूएसआर) के सहयोग से विकसित किया गया है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## कारोबारी पर कर्ज़ का कहर

# एक और आत्महत्या से लखनऊ सहमा, फेसबुक पर लाइव आकर खुद को मारी गोली

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में कारोबार में घाटे के चलते आत्महत्या की घटनाएं अब खतरनाक संकेत देने लगी हैं। बुधवार को एक कारोबारी ने फेसबुक पर लाइव आकर खुद को गोली मार ली। घटना शहर के शटेढी पुलिया इलाके में स्थित एक आफिस की है। मृतक की पहचान मोहम्मद शहबाजके रूप में हुई है, जो पिछले कुछ वर्षों से कारोबारी तनाव और कर्ज़ के बोझ से जूझ रहा था। फेसबुक पर लाइव होते हुए उसने साफ कहा कि पंद्रह करोड़ का घाटा हुआ है, अब कुछ नहीं बचा. .. शहबाज ने अपनी कनपटी पर पिस्टल रखकर ट्रिगर दबा दिया। गोली चलते ही मौके पर ही उसकी मौत हो गई। सिर के चीथड़े उड़ गए। सोशल मीडिया पर लाइव वीडियो कुछ ही देर में वायरल हो गया और देखते ही देखते पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंच गयी। यह घटना अकेली नहीं है। ठीक इसी महीने की शुरुआत में लखनऊ के ही एक कारोबारी ने अपनी पत्नी और बेटी के साथ मिलकर सामूहिक आत्महत्या कर ली थी। उस मामले में कारोबारी रस्तोगी पर लगभग सत्ताईस लाख रूपयेक्षका कर्ज़ था। उसने कोल्ड ड्रिंक में ज़हर मिलाकर पहले पत्नी और बेटी को पिलाया और फिर खुद भी जहर पी लिया। सुबह-सुबह यह त्रासदी सामने आई थी। रस्तोगी का कारोबार कपड़े और फैब्रिक से जुड़ा हुआ था, और लगातार घाटे के कारण वह मानसिक तनाव में था। अब, इन दोनों मामलों को जोड़कर देखा जाए तो बात साफ़ होती है कि लखनऊ के कारोबारी वर्ग पर घाटे और कर्ज़ का बोझ जानलेवा होता जा रहा है। एक ने जहर चुना, दूसरे ने गोली। मगर दोनों की वजह एक ही रही। मोहम्मद शहबाज ने फेसबुक पर लाइव आकर खुद की विफलताओं, घाटे और सामाजिक दवाब की पीड़ा साझा की। उसने बताया कि वह कई लोगों का पैसा लौटाने में असमर्थ है, और अब उसके पास कोई रास्ता नहीं बचा। शाहिद का यह आखिरी संवाद न केवल एक व्यक्ति की हार की गवाही देता है, बल्कि पूरे कारोबारी तंत्र की समस्या की ओर इशारा है। लगातार हो रही ऐसी घटनाएं यह सवाल खड़ा कर रही हैं कि आखिर हमारे सामा. जिक-आर्थिक ढांचे में कहां चूक हो रही है? जब एक कारोबारी घाटे में जाता है, तो क्या उसके लिए कोई मानसिक, आर्थिक या प्रशासनिक सहारा बचता है? या फिर वह अकेला, निराश और घुटता हुआ किसी अंतिम कदम के लिए मजबूर होता है?

## बारिश से जिले के तापमान में आई गिरावट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** बुधवार की सुबह हुई बारिश ने पूरे जिले को भीषण गर्मी से राहत दी। मंगलवार को अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री दर्ज किया गया था। जिससे रात में भी गर्मी का असर कम नहीं हो पा रहा था। वहीं, मौसम विभाग ने गुरुवार से भारी बारिश की संभावना जताई थी, लेकिन राहत एक दिन पहले ही मिल गई। बुधवार सुबह-सुबह घने बादलों ने पूरे शहर को ढंक लिया बिजली के गर्जन के साथ तेज बारिश शुरू हो गई। बारिश शुरू होते ही सड़कें भीग गईं, पेड़-पौधे धुलकर चमकने लगे और शहर की फिज़ा में एक नई ताजगी घुल गई। गर्मी और उमस से परेशान लोगों ने जैसे ही बूंदों को अपनी त्वचा पर महसूस किया, चेहरे पर सुकून झलकने लगा। बच्चे बारिश में भीगते नजर आए, वहीं कई बुजुर्ग छतों और बरामदों से इस नज़ारे का आनंद उठाते दिखे। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में बारिश की यही रफ्तार बनी रह सकती है और तापमान में गिरावट आने की संभावना है। यदि बारिश इसी तरह जारी रही तो लोगों को आने वाले हफ्ते में गर्मी से काफी हद तक राहत मिल सकती है।

# समाजवादी पार्टी में शामिल हुए आवाज़-ए-हिंद के पदाधिकारी

### अखिलेश को मुख्यमंत्री बनाने का लिया संकल्प

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी की नीतियों और राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में विश्वास जताते हुए बुधवार को लखनऊ स्थित पार्टी मुख्यालय पर आवाज़-ए-हिंद संगठन के दर्जनों पदाधिकारी समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए। इनके साथ देवरिया जनपद के रौनियार समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष पारसनाथ गुप्ता ने भी सपा की सदस्यता ग्रहण की और वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प दोहराया।

इस अवसर पर पूर्व नेता विरोधी दल रामगोविंद चौधरी की पहल से हुए इस सामूहिक प्रवेश को समाजवादी पार्टी ने महत्वपूर्ण सामाजिक समर्थन के रूप में देखा है। अखिलेश यादव ने सभी नए सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि ये साथी पार्टी की विचारधारा को गांव-गांव और बूथ-बूथ तक पहुंचाकर संगठन को और मजबूत बनाएंगे। सदस्यता लेने वालों में आवाज़-ए-हिंद के प्रदेश अध्यक्ष सुशांत राज पाठक के साथ महामंत्री मुकेश सोनी, उपाध्यक्ष राजकुमार मौर्य और मनन सोनी, मंत्री उधारी राजभर एवं राजकुमार यादव, कोषाध्यक्ष आशुतोष पाठक, सोशल मीडिया प्रभारी अविनाश वर्मा, सचिव दुर्गेश यादव, बिहारी लाल और अजित तिवारी, पूर्वांचल प्रभारी सत्यम पाठक तथा एसएसी/एसटी प्रकोष्ठ प्रभारी दीपचंद प्रमुख रूप से शामिल रहे। समाजवादी पार्टी ने इसे सामाजिक न्याय और समानता की दिशा में एक मजबूत कदम बताते हुए कहा कि ओबीसी वर्ग से आने वाले पारसनाथ गुप्ता जैसे नेताओं का जुड़ाव पार्टी की जनाधार बढ़ाने की दिशा में निर्णायक साबित होगा। पार्टी प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी ने बताया कि सदस्यता कार्यक्रम में उत्साह और प्रतिबद्धता का भाव साफ झलक रहा था।

## उप्र में बॉयलर प्रबंधन पूरी तरह डिजिटल

### पारदर्शिता और हरित ऊर्जा की दिशा में बड़ा कदम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उद्योगों को सुरक्षित, दक्ष और पर्यावरण अनुकूल बनाने के लिए योगी सरकार ने बॉयलर प्रबंधन से जुड़ी सभी सेवाओं को डिजिटल प्लेटफार्म पर लाकर नया कीर्तिमान रचा है। अब ब्वायलर के निरीक्षण, पंजीकरण, मरम्मत और नवीनीकरण सहित समस्त कार्य आनलाइन ही पूरे हो रहे हैं।

इससे न केवल समयबद्धता और पारदर्शिता बढ़ी है, बल्कि उद्यमियों को अनावश्यक दफ्तरों के चक्कर लगाने से भी राहत मिली है। प्रदेश में इस समय कुल 3037 ब्वायलर क्रियाशील हैं, जो देश में तीसरे स्थान पर है। ये ब्वायलर खाद्य प्रसंस्करण, रसायन, टेक्सटाइल, चीनी, बिजली व अन्य औद्योगिक इकाइयों की रीढ़ माने जाते हैं। सुरक्षित और ऊर्जा-दक्ष संचालन से न केवल उत्पादन बढ़ता है, बल्कि पर्यावरण और श्रमिक सुरक्षा भी सुनिश्चित होती है। हाल ही में लखनऊ में देश का पहला शराष्ट्रीय औद्योगिक ब्वायलर हरित सम्मेलनश आयोजित हुआ, जिसमें बायोमास और हाइड्रोजन जैसे वैकल्पिक ईंधनों पर आधारित ग्रीन ब्वायलर्स को प्रोत्साहित किया गया। सम्मेलन का आयोजन आईफारेस्ट, भारत सरकार के डीपीआईआईटी और प्रदेश के श्रम विभाग द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस दिशा में उत्तर प्रदेश अब हरित ऊर्जा और औद्योगिक पारदर्शिता का माडल राज्य बनकर उभर रहा है। बड़ी इकाइयों के साथ-साथ एमएसएमई क्षेत्र की भी डिजिटल सेवाओं तक पहुंच आसान हुई है। सरकार विकास और पर्यावरणीय जिम्मेदारी के बीच संत. ुलन बनाते हुए औद्योगिक क्षेत्र को आधुनिक तकनीकों से लैस करने के लिए संकल्पबद्ध है।

### डा. अजय बने उप्र महापौर परिषद के महासचिव

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश महापौर परिषद के अध्यक्ष डा. उमेश गौतम ने सहारनपुर के महापौर डा. अजय कुमार को उत्तर प्रदेश महापौर परिषद का महासचिव मनोनीत किया है।

# बिजलीकर्मियों का प्रदर्शन: लखनऊ में शक्ति भवन घेरा, निजीकरण के विरोध पर दी चेतावनी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन के निजीकरण के विरोध में बुधवार को लखनऊ में बिजलीकर्मियों का जबरदस्त प्रदर्शन हुआ। प्रदर्शनकारियों ने शक्ति भवन मुख्यालय के बाहर घंटों तक नारेबाज़ी की और गेट तक घेराव कर अपनी मांगों के समर्थन में चेतावनी दी। इस दौरान परिसर के बाहर भारी पुलिस बल तैनात रहा और कई जगह बैरिकेडिंग की गई ताकि स्थिति नियंत्रण में रहे। सुबह से ही बिजली निगम के संविदा कर्मचारी, अभियंता और तकनीकी स्टाफ शक्ति भवन के गेट के बाहर जुटने लगे।

दोपहर तक यह भीड़ सैकड़ों की संख्या पार कर गई। कर्मचारियों ने निजीकरण के प्रस्तावित फैसले को वापस लेने की मांग करते हुए आरोप लगाया कि पूर्वांचल और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम को निजी हाथों में देने की प्रक्रिया उपभोक्ता विरोधी है और इससे न केवल कर्मचारियों की नौकरियां संकट में पड़ेंगी, बल्कि विद्युत दरों में भी अप्रत्याशित बढ़ोतरी होगी। प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों ने बिजली विभाग के वरिष्ठ अधिका. रियों और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाज़ी की। उनका कहना था कि सरकार जबरन निजीकरण थोप रही है और विरोध करने पर उन्हें डराने-धमकाने की नीति अपनाई जा रही है। कुछ जगहों पर प्रदर्शनकारी गेट की ओर बढ़े तो पुलिस ने उन्हें रोका। हल्की झड़प जैसी स्थिति भी बनी, लेकिन वरिष्ठ पुलिस अधिका. रियों के हस्तक्षेप से मामला शांत किया गया।

वहीं, अधिकारियों ने प्रदर्शन को अनुशासनहीनता करार देते हुए सख्त रुख अपनाया है। पावर कार्पोरेशन के अध्यक्ष डा. आशीष गोयल ने स्पष्ट किया है कि किसी भी कर्मचारी द्वारा विद्युत आपूर्ति या संचालन में बाधा पहुंचाने पर उसके खिलाफ सेवा समाप्ति तक की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि 'नो वर्क नो पे' की नीति पर सख्ती से अमल किया जाएगा और किसी को भी विभागीय कार्यप्रणाली बाधित करने की छूट नहीं दी जाएगी। इस बीच, कई कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि सरकार निजीकरण को लागू करने के लिए दबाव बना रही है और जून माह का वेतन अब तक नहीं दिया गया है। संविदा कर्मचारियों और अभियंताओं ने कहा कि वेतन रोके जाने से बैंक किस्तें और रोजमर्रा के खर्च भी प्रभावित हो रहे हैं, जिससे तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई है।लखनऊ के अतिरिक्त, बाराबंकी, सीतापुर, उन्नाव और रायबरेली जैसे समीपवर्ती जनपदों में भी विद्युत कर्मियों ने समर्थन में सामूहिक उपस्थिति दर्ज कराई, लेकिन सबसे व्यापक और मुखर प्रदर्शन राजधानी लखनऊ में ही दर्ज हुआ। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने निजीकरण का फैसला वापस नहीं लिया, तो वे आने वाले दिनों में चरणबद्ध आंदोलन शुरू करेंगे, जिसमें जेल भरो अभियान तक शामिल हो सकता है। वहीं प्रशासन और पुलिस विभाग स्थिति पर सतर्क निगाह रखे हुए है ताकि किसी भी आपात स्थिति से निपटा जा सके। यह प्रदर्शन ऐसे समय में हुआ है जब प्रदेश सरकार द्वारा बिजली कर्मचारियों की हड़ताल पर रोक लगाने के लिए आवश्यक सेवा संरक्षण अधिनियम (ईएसएमए) पहले ही लागू किया जा चुका है। इसके बावजूद कर्मचारियों के गुस्से में कोई कमी नहीं आई है और शक्ति भवन परिसर के बाहर बुधवार को दिनभर जन आक्रोश की तस्वीरें देखी गईं।

### कोचिंग के लिए हुई प्रवेश परीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत यूपीएससी/यूपीपीएससी निःशुल्क कोचिंग कक्षाओं मैं प्रवेश के लिए बुधवार को प्रवेश परीक्षा की गई। जिसमें 28 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। अभ्यर्थियों के आवेदनों के सापेक्ष प्रवेश परीक्षा का आयोजन बुधवार को राजकीय इण्टर कालेज (बालक) सीतापुर में किया गया। प्रवेश परीक्षा हेतु कुल 154 आवेदन प्राप्त हुए थे। जिसके सापेक्ष कुल 126 अभ्यर्थी प्रवेश परीक्षा में उपस्थित रहे। 28 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। प्रवेश परीक्षा में सुशील कुमार, कोर्स को-आर्डिनेटर मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, सीतापुर उपस्थित रहे।

## उर्वरक की कालाबाज़ारी पर शिकंजा, जरूरत पर ही लें खाद

### योगी सरकार की खरीफ रणनीति

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** खरीफ की फसल के लिए खाद की किल्लत की आशंका को योगी सरकार ने पहले ही ठोस इंतज़ामों से दरकिनार कर दिया है। एक ही दिन में प्रदेश भर के किसानों तक बत्तीस हज़ार सात सौ मीट्रिक टन यूरिया और छह हज़ार पांच सौ छियासठ मीट्रिक टन डीएपी की आपूर्ति करके सरकार ने यह साफ किया है कि खाद न तो महंगी मिलेगी और न ही कम।

प्रदेश भर के गोदामों और रिटेल केंद्रों पर इस समय चौदह लाख उनसठ हज़ार मीट्रिक टन यूरिया और पांच लाख तिरेसठ हज़ार मीट्रिक टन फास्फेटिक उर्वरक भंडारित हैं। धान और गन्ने की रोपाई जोरों पर है और किसानों को खाद के लिए किसी तरह की मारामारी न हो, इसके लिए प्रशासन और सहकारी समितियों को सक्रिय किया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्पष्ट किया है कि उर्वरकों की ओवररेटिंग या कालाबाज़ारी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शिकायत के लिए हेल्पलाइन नंबर 0522-2209650 पर संपर्क कर तुरंत कार्रवाई कराई जा सकती है। सरकार ने किसानों से अपील की है कि केवल आवश्यकता अनुसार ही उर्वरक लें। आलू, सरसों जैसी आगामी फसलों के लिए अभी से उर्वरक इकठा करना न केवल व्यवस्था पर दबाव बनाता है, बल्कि खुद किसान के लिए नुकसानदायक भी हो सकता है। इस बार प्रदेश में पैंसठ लाख हेक्टेयर में धान की रोपाई का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें से करीब इकतीस लाख हेक्टेयर में रोपाई पूरी हो चुकी है। मक्का, तिलहन, दलहन और श्री अन्न की बुवाई भी तेजी से चल रही है। सहकारी केंद्रो पर खाद की उपलब्धता का विवरण देते हुए बताया कि एक लाख तेरह हज़ार मीट्रिक टन रिटेल में, एक लाख नवासी हज़ार मीट्रिक टन यूरिया गोदामों में ,इकतीस हज़ार मीट्रिक टन रिटेल में, बावन हज़ार मीट्रिक टन डीएपी गोदामों में, तथा सोलह हज़ार मीट्रिक टन रिटेल में, छत्तीस हज़ार मीट्रिक टन एन पी के गोदामों मेंटरशिप उपलब्ध है।

## राज्य महिला आयोग के सदस्य ने सुनीं शिकायतें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** बुधवार को सदर तहसील सभागार में प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य सुजीता कुमारी ने जनसुनवाई की। इस कार्यक्रम में 15 शिकायतें प्राप्त हुयीं। उन्होंने जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से आई महिलाओं की समस्याएं सुनीं और उन्हें आश्वस्त किया कि हर पीड़ित महिला को न्याय दिलाना महिला आयोग की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

जनसुनवाई में बड़ी संख्या में महिलाएं पहुंचीं और घरेलू हिंसा, दहेज प्रताड़ना, मानसिक उत्पीड़न, संपत्ति विवाद, कार्यस्थल पर उत्पीड़न जैसी विभिन्न समस्याएं रखीं। कई पीड़िताओं ने अपनी शिकायतें महिला आयोग को लिखित रूप में भी सौंपीं। सुजीता कुमारी ने कहा कि महिला आयोग इन शिकायतों को गंभीरता से लेकर संबंधित विभागों और प्रशासनिक अधिकारियों के सहयोग से शीघ्र न्याय सुनिश्चित करता है। उन्होंने कहा कि महिला आयोग एक वैधानिक संस्था है जो राज्य में महिलाओं के अधिकारों की रक्षा और उनके कल्याण के लिए कार्य करती है। आयोग समय-समय पर जनसुनवाई, जागरूकता कार्यक्रम और निरीक्षण अभियान चलाता है, जिससे महिलाओं की समस्याओं को समझा जा सके और उनका त्वरित समाधान हो सके। सुजीता कुमारी ने कहा कि महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना होगा। उन्हें अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध डटकर खड़ा होना चाहिए। महिला आयोग हर उस महिला के साथ खड़ा है जो अपने हक के लिए लड़ रही है।उन्होंने यह भी बताया कि आयोग न केवल पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाता है बल्कि उन्हें परामर्श, कानूनी सहायता और मान. सिक सहयोग भी उपलब्ध कराता है। आयोग की यही कोशिश रहती है कि कोई भी महिला अकेली महसूस न करें और उसे पूरा सहयोग मिले। उन्होंने तहसील मिश्रिख में चौपाल लगाकर विभिन्न विभागों द्वारा चलाये जा रहे महिला सुरक्षा एवं महिला सशक्तीकरण के बारे में जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने 2 बच्चों का अन्नप्राशन एवं 2 महिलाओं की गोद भराई भी की। उन्होंने वहां पर उपस्थित महिलाओं से वार्ता करते हुये दिये जाने वाले पोषाहार की भी जानकारी प्राप्त की। साथ ही उन्होंने उपस्थित महिलाओं से महिला उत्पीड़न से बचाव हेतु सरकार द्वारा किये जा रहे महिलाओं के लिये किये जा रहे प्रयासों एवं योजनाओं के बारे में बताया। उन्होंने तहसील परिसर में पौधारोपण भी किया।

## भाई का हत्यारोपी गिरफ्तार




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर ।** रेउसा थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र में छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने रेउसा थाना क्षेत्र के ग्राम बांधे पुरवा रेवान निवासी दिलीप पुत्र गोंधी को गिरफ्तार किया। दिलीप पर अपने सगे भाई शत्रोहन की हत्या का आरोप है। आरोप है कि 7 जुलाई की रात दिलीप ने फावड़े से अपने भाई शत्रोहन की हत्या कर दी थी। भाई की हत्या करने के बाद आरोपी फरार हो गया था। अब पुलिस ने दिलीप को गिरफ्तार करने के साथ हत्या में प्रयुक्त फ़ावड़ा बरामद कर लिया है। पुलिस ने आरोपी दिलीप को न्यायालय में पेश किया है।

# एक पेड़ अपनी मां के नाम लगाकर करें प्रकृति का वंदन: राजेश शुक्ला

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**सीतापुर।** खैराबाद के ग्राम पंचायत रहीमाबाद में सराय नदी के किनारे एक पेड़ अपनी मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण महा अभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला व कारागार राज्य मंत्री सुरेश राही द्वारा पौधारोपण किया गया।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राज. ेश शुक्ला ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा इस कार्यक्रम के तहत पर्यावरण के संरक्षण का विशेष कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा जन-जन से अपील है इस कार्य को अपना धार्मिक कर्तव्य समझकर सभी लोग सफल बनाएं। उन्होंने कहा कि अपनी मां के नाम एक पेड़ लगाकर प्रकृति रूपी मां का वंदन करें। जिला अध्यक्ष ने बताया कि आने वाले समय में इस अभियान के परिणाम के तहत पौधारोपण से जहां वायु प्रदूषण में कमी आएगी, साथ ही साथ ग्लोबल वार्मिंग जैसी गंभीर समस्या से भी निजात मिलेगा। इस अवसर पर कारागार राज्य मंत्री सुरेश राही ने सभी से पौधारोपण कर पर्यावरण के संरक्षण करने की अपील की।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालयः**
फोन-0131-2970013
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# पुलिस अधीक्षक ने बैठक कर दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**सीतापुर।** पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने पुलिस लाईन्स स्थित दधीची सभागार में सम्भ्रान्त व्यक्तियों, डीजे संचालकों के साथ गोष्ठी की । इस दौरान कावड यात्रा से जुडी जानकारी, कंटीजेंसी प्लान एवं रूट डायवर्जन के सम्बन्ध में जानकारी साझा की।

पुलिस अधीक्षक ने डीजे ब्लूटूथ से कनेक्ट करने तथा डीजे पर गाने पैन ड्राईव से बजाये जाने तथा अभद्र गानें नहीं बजाने के संबंध में दिशा-निर्देश दिये गये। मंदिरों के पास डीजे की ध्वनि सामान्य रखने की चेतावनी दी गई। डाक कावर को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। उन्होंने बताया कि व्यवस्था के तहत पुलिस वालिन्टियर बनाये जायेंगे। जिन्हें पुलिस लोगों की जैकेट वितरित की जाएगी। इसी के साथ-साथ आपसी तालमेल हेतु पुलिस कर्मियो के मोबाइल नंबार का आदान प्रदान कर व्हाटसएप ग्रुप बनाये जायेंगे। गोष्ठी में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी आलोक सिंह व क्षेत्राधिकारी गण व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहें।

## चोरी की बाइकों के साथ गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**सीतापुर।** पिसावां थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र के देवगांव पड़ाव के निकट छापेमारी की। यहां पर पुलिस ने पिसावा थाना क्षेत्र के ग्राम बाजनगर निवासी रामसागर पुत्र गयादीन को गिरफ्तार किया। पुलिस का कहना है कि रामसागर शातिर आटो लिफ्टर है।

पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी की चार मोटरसाइकिल ने बरामद की है। पुलिस का कहना है कि उसने अपने अन्य साथी के साथ मिलकर एक बाइकें पिसावां थाना क्षेत्र समेत सरोजनी नगर लखनऊ से चोरी की थी। बाइक बरामदगी के साथ ही पुलिस ने आरोपी रामसागर को न्यायालय में पेश किया है।

## शिक्षा से कोई बच्चा वंचित न रहे, सरकार नहीं मान रही कोर्ट के निर्देश : लोकदल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सुनील सिंह ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विद्यालयों के विलय की प्रक्रिया को शिक्षा के अधिकार कानून का उल्लंघन करार दिया है। उन्होंने कहा कि अदालत स्पष्ट कर चुकी है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं रह सकता, बावजूद इसके सरकार और अफसरशाही अदालत के निर्दोष निर्देशों का पालन नहीं कर रही है।

चौधरी सुनील सिंह ने कहा कि उच्च न्यायालय ने यह स्पष्ट आदेश पारित किया है कि 6 से 14 वर्ष के प्रत्येक बच्चे को स्कूल में दाखिला मिलना चाहिए और उसे नियमित रूप से शिक्षा मिले, यह राज्य सरक. ारों की ज़िम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि विद्यालयों का विलय गरीब, दूरदराज़ और वंचित समुदायों के बच्चों को शिक्षा से दूर कर सकता है, जो संविधान और अदालत दोनों की भावना के खिलाफ है। लोकदल अध्यक्ष ने कहा कि शिक्षा केवल एक अधिकार नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण की बुनियाद है। उन्होंने मांग की कि शिक्षा व्यवस्था में प्रशास. निक लापरवाही बरतने वाले ज़िम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

# पेड़ पौधों के बिना मानव जीवन असंभव, पौधे रौंपने का आह्वान

## कई स्थानों पर आयोजित हुआ वन महोत्सव कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** 'एक पेड़ मां के नाम 2.0' के अर्न्तगत विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण किया गया। नगर पालिका अध्यक्षा राजेन्द्री उर्फ उमा, पूर्व विधायक/नगर स्वच्छता प्रेरक हरपाल सिंह, अधिशासी अधिकारी ललित कुमार आर्य ने पौधे रौंपकर जनमानस को पेड़ पौधों का महत्तव बताया। चेयरपर्सन ने कहा कि पेड़ पौधे हमें जीवन जीने के लिये ऑक्सीजन प्रदान करते हैं। इस अवसर पर लेखाकार आदेश कुमार, लिपिक अजय कुमार, सभासद चंद्रपाल सिंह, अरकान आलम, सुभाष सिंह, भाजपा मंडलाध्यक्ष सुनील गुप्ता, डॉ.राजीव शुक्ल, एड.सुरमित गुप्ता, रवि सैनी, रीना रानी, दीप कुमार, अजय सागर आदि मौजूद रहे। सेंट जान्स कान्वेंट स्कूल में पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के लिये पौधारोपण किया गया। इस मौके पर प्रबंधक फादर दीपक विक्की जोसफ, पीटीआई रविराज सिंह, मीनू, दिया, सौम्या, मानसी, दीपिका आदि मौजूद रहे। नगर के रमाबाई अम्बेडकर राजकीय महाविद्यालय में वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ प्राचार्य प्रो.महबूब अली गौरी ने नीम का पौधा लगाकर किया। कार्यक्रम का आयोजन पर्यावरण समिति की संयोजक व रासेयो प्रभारी डॉ.श्वेता अग्रवाल के निर्देशन में हुआ। इस अवसर पर रोवर प्रभारी डॉ.अनिल सिंह एवं रेंजर प्रभारी डॉ.नेहा अग्रवाल का सराहनीय सहयोग प्राप्त हुआ। इस अवसर पर डॉ. अजीता रानी, डॉ.मनमोहन वर्मा, डॉ.मनोज कुमार, डॉ.जूही बिरला समेत मेराज हसन, हरपाल, सुनील, शशि देवी आदि कर्मचारी मौजूद रहे।





**गजरौला।** विधायक राजीव तरारा ने बुधवार को कन्या गुरूकुल चोटीपुरा, पतई एमन, हाईवे स्थित महाराजा अग्रसैन कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग और तिगरी में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में पौधे रौंपे। विधायक ने कहा कि पर्यावरण को सरंक्षित रखने में पेड़ पौधों का अहम योगदान है। यह अभियान न केवल पर्यावरण को हरा भरा बनाने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है, बल्कि मातृभूमि और प्रकृति के प्रति सम्मान प्रकट करने का माध्यम भी है, ताकि आने वाली पीढ़ियों को एक स्वच्छ, सुरक्षित और संतुलित पर्यावरण विरासत में मिले। इस अवसर पर अग्रसैन कॉलेज के चेयरमैन मुक.`श कुमार गुप्ता, एसपी सिंह, प्रो.ओमकार सिंह, सुशील शर्मा प्रशासनिक अधिकारी, फैजान अहमद रजिस्ट्रार, कल्पना, ओमवीर सिंह, यशपाल सिंह, लोकेश कुमार, यश मिश्रा, नीरज त्यागी, मुनीराज, जगदीश सिंह आदि मौजूद रहे।

## कार सवारों ने युवक को पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** हाइवे पर अनियंत्रित होकर कार खड़ी बाइक से टकरा गयी तथा खाई में जा घुसी। कार सवार युवकों ने बाइक चालक को जमकर पीटा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को संभाला। बुधवार को मुरादाबाद से दिल्ली दिशा में जा रही एक कार अचानक हाइवे पर बुढ़नपुर के पास अनियंत्रित हो गयी। इस बीच जिला संभल के गांव गुमसानी निवासी जागन सिंह बाइक खड़ी कर टायलेट करने गया था। कार बाइक में जा घुसी। जिससे बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी जबकि कार भी खाई में पहुंच गयी। कार सवारों ने जागन सिंह के साथ मारपीट की। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर हालात संभाले।

## गंग नहर में जल्द पानी छोड़ा जाए

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** भारतीय किसान यूनियन ने क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ाये जाने पर बल देते हुए मध्य गंगा नहर में पानी छोड़े जाने की मांग की है।

बुधवार को मंडी समिति में भारतीय किसान यूनियन की मासिक पंचायत का आयोजन किया गया। पंचायत में वक्ताओं ने कहा कि क्षेत्र में यूरिया खाद की किल्ल्त बढ़ रही है। इलाके में चोरों का आतंक दिन-ब-दिन बढ़ रहा है। क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ाई जाये। उन्होंने कहा कि प्रथमा बैंक मंडी समिति के शाखा प्रबंधक को लोन करने का अधिकार दिया जाये। किसानों की फसले की सिंचाई को देखते हुए मध्य गंगा नहर में पानी छोड़ा जाये। उन्होंने कहा प्रथमा बैंको द्वारा लोन देने में परेशान किया जा रहा है। किसानों की इस समस्या का समाधान किया जाये। उन्होंने कहा कि लाइसेंस धारको को कारतूस जल्दी से जल्दी दिलाये जाये। हसनपुर तहसील मे निर्धारण के सही करने के नाम पर अवैध वसूली की जा रही है उस पर जल्द रोक लगाई जाये। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष काले सिंह संजीव बालियान योगेंद्र सिंह बृजपाल सिंह शीशपाल सिंह महेश ठाकुर रणवीर सिंह रोहता सिंह आदि मौजूद होते थे

## कांवड़ यात्रा को लेकर अधिकारियों ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** कांवड़ यात्रा के मद्देनजर अमरोहा जनपद के बृजघाट क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने हेतु पुलिस प्रशासन द्वारा महत्वपूर्ण कदम उठाए गए। इस दौरान अमरोहा के यातायात प्रभारी, हापुड़ यातायात

**■ श्रद्धालुओं की सुरक्षा व सुविधा में न रहे कोई कमी**

प्रभारी तथा थाना प्रभारी गजरौला और एनएचआई की टीम द्वारा संयुक्त रूप से मौके पर पहुंचकर



व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। बृजघाट पर स्थित मुख्य मार्ग के डिवाइडर को व्यवस्थित कराया जा रहा है, जिससे कि कांवड़ यात्रियों एवं आम जनमानस को कोई असुविधा न हो। इस दौरान संयुक्त रूप से निरीक्षण को पहुंचे उपरोक्त अधिकारियों ने एक एक बिंदु की समीक्षा की। यातायात प्रभारी अमरोहा ने बताया कि, कांवड़ यात्रा में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधा हमारी प्राथमिकता है। सभी संबंधित विभागों के साथ समन्वय बनाकर कार्य किया जा रहा है। हापुड़ यातायात प्रभारी एवं गजरौला थाना प्रभारी अखिलेश प्रधान ने भी यात्रा की तैयारियों पर संतोष व्यक्त करते हुए आम जनता से सहयोग की अपील की।

## सपा छात्रसभा ने स्कूल मर्ज का किया विरोध

### राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** कलेक्ट्रेट में मंगलवार को समाजवादी छात्रसभा के पदाधिकारियों ने विद्यालय मर्जर के विरोध में प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष अनुज त्यागी के नेतृत्व में राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा गया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार लगभग 5000 विद्यालयों को बंद करने जा रही है। उसमें पढ़ने वाले अनुसूचित जाति, पिछड़ी जाति, अल्पसंख्यक, आदिवासी, गरीब, किसान के बच्चे शिक्षा से वंचित रह जाएंगे। बच्चों को शिक्षा से वंचित करना उनके मौलिक अधिकारों का हनन है। इसे हर हाल में रोका जाए। ऐसा न होने पर समाजवादी छात्रसभा पूरे प्रदेश में व्यापक आंदोलन करने को बाध्य होगी। प्रदर्शन में मजहर मलिक, अदनान खान, ईशान त्यागी, समीर, कासिम, फरहान अख्तर, तालिब सैफी, सुहैल, मारुफ, सचिन, इरशाद आदि शामिल थे।

## महाराणा प्रताप की प्रतिमा के समीप से हटे गंदगी

### एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** महाराणा प्रताप चौक पर फैली गंदगी को हटवाये जाने को लेकर करणी सेना ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है।

बुधवार को करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने उप जिला अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि नगर के रहरा अड्डे पर स्थित हिंदू सम्राट वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा लगी हुई है। प्रतिमा के आसपास ठेले वाले अपने ठेला लगाते हैं। जिससे प्रतिमा की दीवार गंदी हो गई हैं। वह प्रतिमा के बराबर में कूड़ा दान रखा हुआ है। जिससे वहां गंदगी फैल रही है संगठन के द्वारा काफी बार ठेले वालों से मना किया गया परंतु कोई भी ठेला वाला इस बात पर कोई विचार नहीं करता है। प्रतिदिन महाराणा प्रताप की प्रतिमा के नजदीक कूडा डाला जा रहा है जो यह बहुत ही निंदनीय है। प्रतिमा के नजदीक ही एक बिजली का ट्रांसफार्मर लगा हुआ है जो आबादी के बीच में है उसे वहां से हटाया जाये तथा महाराणा प्रताप चौक का सौंदर्य करण कराया जाये । करणी सेना ने कहा है कि अगर एक हफ्ते के अंदर प्रतिमा के आसपास लगे हुए ठेले एवं कूड़ादन को नहीं हटाया गया और कूड़ा डालने को नहीं रोका गया तो करणी सेना आंदोलन करने को विवश होगी। ज्ञापन देने वालों में कौशल राणा ,रोहित राणा, उदय सिंह, जयपाल सिंह, वीर प्रताप सिंह, विनोद कुमार, जगपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

## पिकअप के नीचे दबकर किसान की मौत



### सब्जी लेकर दिल्ली जा रहा था मृतक



**शाह टाइम्स संवाददाता रहरा।** सब्जी लादकर दिल्ली जा रहे किसान की पिकअप के नीचे दबकर दर्दनाक मौत हो गई। किसान की मौत से परिजनों को कोहराम मचा हुआ है। थाना आदमपुर क्षेत्र के गांव दमगढ़ा निवासी किशन स्वरूप बीती रात पिकअप में लौकी लेकर दिल्ली के गाजीपुर मंडी जा रहे थे। इस दौरान नेशनल हाईवे पर हापुड़ बाईपास के नजदीक लौकी से लदी पिकअप गाड़ी का एक्सल टूट गया। जिससे तेज रफ्तार पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमें किसान किशन स्वरूप की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि पिकअप में सवार एक दर्जन लोग घायल हो गये। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को नजदीक अस्पताल में भर्ती कराया जबकि मृतक का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। जबकि पिकअप में बैठे लक्ष्मण, ब्रह्मपाल, महेश, जगजीवन, दिनेश निवासी दमगड़ा चरन सिंह निवासी गांव परता. पुर समेत एक दर्जन लोग घायल हो गये। घायलों को तत्काल स्थानीय पुलिस की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया गया। जबकि पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टमको भेज दिया। परिजनों ने बताया कि मृतक किशन स्वरूप अपने पीछे पत्नी विनोद वती के अलावा दो बेटे लव कुश, सुनील तथा दो बेटी मनीषा,आरती को रोते-बिलखते छोड़ गया है। फिलहाल परिजन शव लेने के लिए रवाना हो गये हैं

## आधार कार्ड में संशोधन न होने से लोग परेशान

### लोगों को निराश होकर लौटना पड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** आधार कार्ड संशोधन करवाने के लिए को लोग दर दर की ठोकरे खाते हुए घूम रहे है। आधार कार्ड संशोधन व्यवस्था पूरी तरह से ठप हो चुकी है। स्टेट बैंक, पोस्ट ऑफिस में आधार संशोधन कराने वाले लोग पहुंच रहे है। उनकी सुनने वाला कोई नहीं है।

व्यवस्था सुधारने और सभी बैंकों, दूरसंचार केंद्र में आधार संशोधन सुविधा प्रारंभ करने की मांग की है। राष्ट्रीय लोक दल रूहेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय महासचिव एवं वरिष्ठ अधिवक्ता मुजाहिद चौधरी ने हसनपुर में आधार कार्ड में संशोधन ना होने पर रोष व्यक्त किया है। स्टेट बैंक शाखा हसनपुर, मुख्य डाकघर की शाखा मे आधार कार्ड में संशोधन नहीं हो पा रहा है। स्टेट बैंक में 4 महीने से आधार संशोधन प्रक्रिया ठप होने तथा पोस्ट ऑफिस में कई दिन से प्रिंटर खराब होने की जानकारी दी गई है। जबकि आधार संशोधन कराने वालों की लाइन लगी हुई है। उन्होंने इस संबंध में केंद्रीय दूरसंचार मंत्री, रालोद अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री चौधरी जयंत सिंह तथा महानिदेशक बीएसएनएल समेत अधिकारियों को पत्र प्रेषित करते हुए हसनपुर में तथा रूहेलखंड क्षेत्र के सभी जनपद, तहसील, व ब्लॉक स्तर पर सभी बैंकों, दूरसंचार केन्द्रों आदि स्थानों पर आधार संशोधन सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की है। किसान संगठनों ने भी आधार कार्ड संशोधन प्रक्रिया शुरू करवाये जाने की मांग की है।

## भाकियू ने की गन्ना समिति में तालाबंदी

### गन्ना भुगतान को लेकर गरजे कार्यकर्ता



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** जब तक भुगतान नहीं, तब तक चौन नहीं इसी गूंज के साथ बुधवार को भारतीय किसान यूनियन असली के बैनर तले किसानों ने गन्ना समिति कार्यालय के बाहर जमकर प्रदर्शन किया और तालाबंदी कर दी। किसानों की एकजुटता और नाराजगी देख गन्ना समिति परिसर आंदोलन का अखाड़ा बन गया।

मंडल अध्यक्ष डूंगर सिंह ने गरजते हुए कहा, ष्हमारा गन्ना पेर लिया गया, लेकिन भुगतान नहीं हुआ। किसान की जेब खाली है और घर में त्योहार हैं, स्कूल की फीस है, लेकिन अफसर और मिल वाले चौन की नींद सो रहे हैं।ष इसके बाद किसानों ने समिति की तालाबंदी कर दी। तालाबंदी की खबर मिलते ही प्रशासन में खलबली मच गई। आनन-फानन में मिल अधिकारी और तहसीलदार मूसाराम थारू मौके पर पहुंचे। अधिकारियों और किसानों की वार्ता के बाद जब मिल प्रबंधन ने लिखित में यह आश्वा. सन दिया कि 20 जुलाई तक सभी किसानों का बकाया भुगतान कर दिया जाएगा, तब जाकर किसानों का आक्रोश थोड़ा ठंडा हुआ। ब्लॉक अध्यक्ष जसपाल गिल ने दो टूक कहा, ष्ये आखिरी चेतावनी है। अगर 20 जुलाई तक भुगतान नहीं हुआ तो किसान और बड़ा आंदोलन करेंगे। अब निगाहें 20 जुलाई पर टिकी हैं, देखना होगा वादा निभाया जाएगा या फिर किसान फिर से मोर्चा खोलेंगे। यहां डूंगर सिंह, बचन सिंह, जन्म सिंह, जसपाल गिल, कपिल प्रधान, दिनेश प्रधान, देशराज सिंह, कलुआ खा, लोकेश कुमार, भूपेंद्र, खचेडू, शारिक, इस्तियाक, सुरेश, मनोज, गंगाशरण, राजवीर, नन्हे, रमेश, खेमपाल, सुखविंदर आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### एसडीएम ने पौधारोपण किया



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** तहसील परिसर में हुए इस पौधरोपण अभियान में सिर्फ पौधे नहीं लगे, बल्कि एक विचार बोया गया। हर पेड़ हमारी माँ की तरह जीवनदायिनी है। एसडीएम विभा श्रीवास्तव ने कहा, जिस तरह माँ हमें सांसें देती है, उसी तरह पेड़ हमें शुद्ध हवा देते हैं। अगर हर व्यक्ति अपनी माँ के नाम एक पौधा लगाए, तो यह धरती एक विशाल ऑक्सीजन बैंक बन सकती है। पौधरोपण कार्यक्रम में तहसीलदार मूसाराम थारू, नायब तहसीलदार योगेश लोधी, बार एसोसिएशन अध्यक्ष अवधेश त्यागी, महासचिव ओमवीर सैनी और कई अन्य अधिकारी व अधिवक्ताओ ने भी भावनात्मक संदेश के साथ पौधरोपण किया। पर्यावरण की जिम्मेदारी सिर्फ अफसरों की नहीं थी, बल्कि किसानों ने भी अपने हाथों से माँ धरा को हरियाली का उपहार दिया। राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के कार्यकर्ताओं ने भी कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर स्टेनो राजीव सिंह, लेखपाल दिनेश कुमार, विकास यादव, मोहित चौधरी समेत कई कर्मियों की सहभागिता ने इसे एक जन-जुड़ाव अभियान बना दिया।

### एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधारोपण



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में चलाए जा रहे वृक्षारोपण महाभियान-2025 के अंतर्गत नगर पालिका परिषद द्वारा वृक्षारोपण कर वन महोत्सव मनाया गया। अधिशासी अधिकारी अवधेश कुमार वर्मा ने पौधा लगाकर अभियान की शुरुआत की। उन्होंने बताया कि एक पेड़ माँ के नाम पहल के तहत उत्तर प्रदेश में 37 करोड़ पौधे लगाए जा रहे हैं, जो एक नया रिकॉर्ड होगा। इस अवसर पर लिपिक रामेन्द्र यादव, विशाल शर्मा, सभासद दुलीचन्द्र सिंह, लोकेश कुमार, निशान्त, सफाई नायक महेन्द्र, राजकुमार, मनोज कुमार सहित कई कर्मचारी व नगरवासी मौजूद रहे। नगर पालिका ने नागरिकों से अपील की है कि वे भी आगे आकर हरियाली के इस संकल्प में योगदान दें और एक पेड़ माँ के नाम अवश्य लगाएं।

## पौघे लगाकर बचाएं पर्यावरण: हाशमी



**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा।** हाशमी गर्ल्स इंटर कालेज में वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया जिसमें छात्रों, शिक्षिकाओं व प्रधानाचार्य और प्रबंधक महोदया ने भी प्रतिभाग किया। विद्यालय की शिक्षिकाओं ने छात्रों को पौधो के महत्व के बारे में बताया पौधे हमारे जीवन के लिए बहुत उपयोगी हैं। पौधों से हमें ऑक्सीजन मिलती है तथा वातावरण स्वस्थ व ठंडा रहता है। श्रीमती तबिया हाशमी ने कहा की पौधे हमारे जीवन में बहुत महत्व रखते हैं हमें अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ व सुंदर बनाए रखने के लिए पौधे लगाने चाहिए एक पेड़ मां के नाम चल रही मुहीम के अंतर्गत जो छात्राएं पेड़ पौधे लगा सकती हैं वह जहां भी मौका लगे उसे पौधे को रोपित कर दें। प्रधानाचार्या हिना खान ने भी पौधों के महत्व के बारे में बताते हुए विद्यालय में पौधों रोपण करने की गतिविधि में प्रतिभा किया। इस अवसर पर विद्यालय का स्टाफ वह छात्राएं उपस्थित थी।

## बिजली के तार की चपेट में आकर भैंस मरी

**शाह टाइम्स संवाददाता रहरा।** थाना आदमपुर क्षेत्र के गांव गुरैठा खादर में बिजली का तार टूटकर गिरने से भैंस की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार ग्यारह हजार की लाइन का तार टूट कर गिर गया जिसकी चपेट में जाकर भैंस की मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने बिजली विभाग को इसकी जानकारी दी, लेकिन विभाग ने तत्परता नहीं दिखाई पशुपालक जसवंत ने बिजली विभाग के कर्मचारियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए बताया कि जर्जर लाइन में आए दिन फाल्ट होते है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में दो घरों के ऊपर से 11000 की विद्युत लाइन गुजर रही है। जो की जर्जर हालत में है। बार-बार शिकायत करने के बावजूद भी अधिकारियों ने इस तरफ कोई ध्यान नहीं दिया। जिससे आज गांव में हादसा हो गया।

## एबीवीपी छात्रहित में हमेशा प्रयासरत्

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मेरठ प्रांत जिला अमरोहा की नगर इकाई गजरौला द्वारा नगर के नवादा रोड पर स्थित कारमेल पब्लिक स्कूल में 77 वे स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 'छात्र संवाद' आयोजित किया गया, जिसमें अखिल भारतीय

**■ वक्ताओं ने विचार व्यक्त करके किया मार्गदर्शन**




विद्यार्थी परिषद के गौरवशाली व क्रांति पूर्ण इतिहास को एक वीडियो द्वारा छात्र-छात्राओं को दिखाया व समझाया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में कारमेल पब्लिक स्कूल के प्रबंधक महोदय विक्रम सिंह ने कहा कि छात्रों में नेतृत्व की क्षमता का विकास करने के लिये एबीवीपी ने बहुत कार्य किया है। छात्र जीवन में हमारे मन में नए नए विचार आते हैं और यह जीवन ऊर्जा से भरा होता है। इस दौरान विभाग संयोजक ने कहा परिषद 77 वर्ष में छात्रहित व राष्ट्र हित में सदैव कार्यरत रहा है और आगे भी रहेगा। इस अवसर पर कारमेल पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य सुधांशु शर्मा, विभाग संगठन मंत्री दिवाकर बावरा, विभाग संयोजक विकास शर्मा, जिला संयोजक यश बंसल समेत प्रशांत, विवेक, विकास आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# उप्रःदूरदराज के छात्रों के लिए बड़ी राहत

## घर से पांच किमी से दूर हुआ स्कूल, तो छात्रों को मिलेगा पांच हजार रुपये का भत्ता



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** बुंदेलखंड के सात व सोनभद्र के दूर-दराज के छात्रों के लिए विद्यालय जाना अब कष्टकारी नहीं होगा। इन जिलों में पांच किमी से अधिक दूरी से विद्यालय जाने वाले 9वीं से 12वीं के छात्रों को 6000 रुपये परिवहन भत्ता दिया जाएगा।

माध्यमिक विद्यालयों में छात्र-छात्राओं दोनों को यह लाभ मिलेगा। जबकि पीएमश्री विद्यालयों में सिर्फ छात्राओं को यह दिया जाएगा। बुंदेलखंड के सात जिलों जालौन, झांसी, हमीरपुर, ललितपुर, महोबा, बांदा व चित्रकूट और सोनभद्र में पूरे प्रदेश की अपेक्षाकृत माध्यमिक विद्यालय दूर स्थित हैं। शिक्षा मंत्रालय की योजना के अनुसार हर पांच किलोमीटर की दूरी पर एक राजकीय माध्यमिक विद्यालय होना चाहिए। ऐसे में पांच किलोमीटर से ज्यादा दूरी तय कर विद्यालय आने वाले छात्र-छात्राओं को छह हजार रुपये परिवहन भत्ता दिए जाने के लिए मंत्रालय ने बजट देने पर सहमति दी है। समग्र शिक्षा के तहत बजट स्वीकृत होने के बाद माध्यमिक शिक्षा विभाग ने इसके लिए प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह राशि डीबीटी के माध्यम से सीधे छात्रों या उनके अभिभावकों के खाते में भेजी जाएगी। पहले चरण में यह राशि दो भाग में भेजने की तैयारी है। क्योंकि इसके माध्यम से संबंधित छात्र-छात्राओं की उपस्थिति भी 10 फीसदी तक बढ़ाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। माध्यमिक शिक्षा विभाग की ओर से इसके लिए एक प्रोफार्मा तैयार किया गया है। छात्रों को इस योजना का लाभ पाने के लिए प्रोफार्मा भरकर देना होगा। इसमें वह यह बताएंगे कि उनके घर से पांच किलोमीटर के अंदर कोई राजकीय माध्यमिक विद्यालय नहीं है। इस प्रोफार्मा और घोषणा का ग्राम प्रधान और विद्यालय के प्रधानाचार्य से सत्यापन कराना अनिवार्य होगा। शहरी क्षेत्र में पार्षदों से इसका सत्यापन कराया जाएगा। समग्र शिक्षा के अपर राज्य परियोजना निदेशक विष्णुकांत पांडेय ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य न सिर्फ विद्यार्थियों की आर्थिक मदद करना बल्कि उन्हें नियमित विद्यालय आने के लिए प्रेरित करना भी है। उन्होंने बताया कि एक अनुमान के मुताबिक आठ जिलों में लगभग 24 हजार छात्र-छात्रा इससे लाभांवित होंगे। 146 पीएमश्री विद्यालयों की 4000 छात्राएं भी प्रभावित होंगी। यह योजना छात्र-छात्राओं के ड्रॉप आउट दर को भी कम करने का काम करेगी।

# खाली कैंपस में चलेंगी बालवाटिकाएं

## स्कूलों का विलय: 8800 एजुकेटर रखने की प्रक्रिया भी हुई शुरू



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** यूपी में कम नामांकन वाले परिषदीय विद्यालयों के विलय के बीच खाली हो रहे विद्यालयों में बालवाटिका को बेहतर बनाने की प्रक्रिया तेज हो गई है। इसके तहत 8800 परिषदीय व कंपोजिट विद्यालयों में बालवाटिका के लिए अर्ली चाइल्डहुड केयर एंड एजुकेशन (ईसीसीई) एजुकेटर रखने की प्रक्रिया शुरू की गई है। जिला स्तर पर इनकी तैनाती बीएसए द्वारा की जाएगी। शिक्षा मंत्रालय ने वार्षिक परियोजना में प्रदेश के परिषदीय प्राथमिक व कंपोजिट विद्यालयों में बालवाटिका के लिए 8800 ईसीसीई एजुकेटर रखने के लिए बजट स्वीकृत किया है। इसका उद्देश्य प्रदेश के इन विद्यालयों में चल रहे को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों व बालवाटिका को बेहतर करना और उसके लिए प्रशिक्षित मानव संसाधन की तैनाती करना है। इसके तहत महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने सभी बीएसए को निर्देश दिए हैं कि जेम पोर्टल के माध्यम से ईसीसीई एजुकेटर रखने की प्रक्रिया को 30 सितंबर तक पूरा किया जाए। उन्होंने सभी 75 जिलों के लिए आवश्यकतानुसार ईसीसीई एजुकेटर की संख्या भी निर्धारित करके भेजी है। इसके साथ ही पिछले साल की 10684 एजुकेटर रखने की प्रक्रिया को भी विभाग ने समय से पूरा करने का निर्देश दिया है। महानिदेशक स्कूल शिक्षा ने बताया है कि इसके तहत लखनऊ में 90, श्रावस्ती में 60, गोंडा में 170, अंबेडकरनगर में 90, अमेठी में 130, बहराइच में 140, बलरामपुर में 100, बाराबंकी में 160, सीतापुर में 200, सुल्तानपुर में 130, रायबरेली, प्रयागराज, गोरखपुर व हरदोई में 210-210, जौनपुर में 220 एजुकेटर रखे जाएंगे।

# चुनाव न लड़ने वाले अपना दल समेत 119 राजनीतिक दलों को नोटिस जारी



## बीते छह वर्षों से नहीं लड़ा चुनाव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लखनऊ।** यूपी के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने छह वर्ष में एक भी चुनाव न लड़ने पर यूपी के 119 पंजीकृत अमान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया है।

इन दलों ने 2019 से 2024 तक एक भी चुनाव नहीं लड़ा। यह कार्रवाई चुनाव आयोग के निर्देश पर की गई है। नवदीप रिणवा ने बताया कि संबंधित पार्टी के अध्यक्ष और महासचिव अपना पक्ष, हलफनामा और अभिलेख 14 जुलाई तक मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय में उपलब्ध करा सकते हैं। सुनवाई के लिए 21 जुलाई को मुख्य निर्वाचन अधिकारी के सामने अपना पक्ष रख सकते हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि अगर पार्टी की ओर से कारण बताओ नोटिस के संबंध में निर्धारित तिथि के भीतर आवेदन उपलब्ध नहीं कराया जाता है, तो यह माना जाएगा कि पार्टी को इस मामले में कुछ नहीं कहना है। संबंधित पार्टी को राजनीतिक दलों की सूची से हटाए जाने के संबंध में संस्तुति सहित प्रस्ताव भारत निर्वाचन आयोग को भेज दिया जायेगा। अपना दल समेत 119 पंजीकृत अमान्यता प्राप्त राजनीतिक दल को मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय की ओर से जारी कारण बताओ नोटिस पंजीकृत पते पर रजिस्टर्ड डाक से भेजा गया है।

# नोएडा में पुलिस की बदमाश से मुठभेड़

## दिल्ली एनसीआर के थानों में दर्ज 18 मुकदमे, बाइक चोरी और लूटपाट करता था



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा में पुलिस की एक बदमाश से मुठभेड़ हो गई। बदमाश पर दिल्ली एनसीआर में करीब 18 मुकदमे दर्ज है। पुलिस इसके साथी की तलाश कर रही है। थाना सेक्टर-24 पुलिस ने सेक्टर-54 एलिवेटेड रोड के नीचे बैरियर लगाकर चौकिंग कर रही थी। एनटीपीसी की तरफ से एक स्कूटी सवार व्यक्ति आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस टीम ने संदिग्ध प्रतीत होने पर उसको रुकने का इशारा किया।

पुलिस टीम को देखकर पीछे मुड़कर सेक्टर-54 के जंगल की तरफ भागने का प्रयास करने लगा। बदमाश की स्कूटी असंतुलित होने के कारण वह टकराकर गिर गई। बदमाश ने अपने को घिरता देखकर तमंचे से पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया।

**बदमाश के पैर में लगी गोली:** पुलिस टीम ने जवाबी एक्शन लेते हुए फायर किया। बदमाश के पैर में गोली लगी। वो जमीन पर गिर गया। पुलिस ने बदमाश को गिरफ्तार किया। घायल बदमाश की पहचान रवि निवासी त्रिलोकपुरी दिल्ली हुई।

उसकी उम्र करीब 29 साल है। बदमाश के कब्जे से एक अवैध तमंचा बिना नंबर प्लेट लगी चोरी की एक स्कूटी व एक मोबाइल फोन बरामद हुआ है। घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस ने बताया कि रवि शातिर किस्म का अपराधी है।

**सेक्टर में रेकी कर करता था चोरी:** ये सेक्टर, सोसाइटी व सार्वजनिक स्थानों पर खड़े दो पहिया वाहनो को रेकी कर चोरी कर लेता है और राह चलते व्यक्तियों से उनका मोबाइल फोन छीन लेता है।

बरामद स्कूटी व मोबाइल फोन के बारे में पूछताछ करने पर बताया कि मैंने अपने साथी के साथ मिलकर यह स्कूटी करीब 15 दिन पहले सेक्टर-34 नोएडा से चोरी की थी। मोबाइल फोन राह चलते व्यक्ति से छीना था। बदमाश की जानकारी अन्य जनपद और राज्यों को भेजी गई है।

# पुलिस की तीन बदमाशों से मुठभेड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** थाना सेक्टर 20 पुलिस डीएलएफ मॉल के पास चौकिंग कर रही थी। इस दौरान एक बिना नंबर प्लेट ब्रेजा कार को रुकने का इशारा किया। वो नहीं रुके और मौके से भागने लगे। शक होने पर पुलिस टीम ने 900 मीटर तक उनका पीछा किया। बदमाश कार से भागते हुए सेक्टर 18 नोएडा स्थित मल्टीलेवल पार्किंग के समीप जंगल की ओर पहुंचे। वहां बदमाशों ने अपने को घिरता देख पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर किया गया।

पुलिस ने कई बार वार्निंग दी। लेकिन वो नहीं माने पुलिस ने जवाबी फायर किया। एक बदमाश के पैर में गोली लगी। वो जमीन पर गिर गया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। उसकी पहचान अशरफ उर्फ अजय निवासी बिसरख ग्रेटर नोएडा हुई। उसके दो साथी अंधेरे में भागने लगे। कांबिंग के दौरान उन दोनों को भी गिरफ्तार किया गया। इनकी पहचान आरिफ उर्फ तसलीम और सलमान उर्फ आसिफ के हुई। दोनों ऐटा के रहने वाले है। इनके कब्जे से एक-एक तमंचा, चोरी के 45000 रुपए नगद बरामद किए गए।

**घरों में रेकी कर करते चोरी:** पूछताछ में बदमाशों ने बताया कि हम तीनों लोग मिलकर दिन में घरो की रेकी करते है। मौका मिलने पर घरों में चोरी कर लेते है। हम लोगों ने दिल्ली एवं नोएडा क्षेत्र के कई घरों में चोरी की कई घटनाएं की है। इस गाड़ी का नंबर प्लेट हटाकर घटना करने के लिए निकलते है और घटना को अंजाम देते है।

## एक नजर

### ग्रेनो वेस्ट में भीषण जाम लगा, एंबुलेंस भी फंसी

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट के लोगों को जाम की समस्या से निजात नहीं मिल रही। किसान चौक से पर्थला ब्रिज की तरफ जाने वाले मार्ग पर बुधवार को करीब दो घंटे तक वाहनों की कतार लगी रही। जाम में एक एंबुलेंस भी फंस गई। एक मूर्ति गोल चक्कर से पर्थला ब्रिज की ओर जाने वाले मार्ग पर तीन लेन से आने वाला ट्रैफिक किसान चौक के पास पहुंचने के बाद दो लेन में बदल जाता है। मार्ग पर दबाव बढ़ने से स्थिति बिगड़ने लगती है। लोगों का कहना है कि किसान चौक पर निर्माण कार्य की वजह से सुबह और शाम के समय रोजाना जाम की स्थिति बन रही है।
बुधवार को जाम में एंबुलेंस फंस गई। लोगों ने इस पर रोष जताया। साथ ही, सोशल मीडिया पर नाराजगी भी जाहिर की। वहीं, आरोप है कि रोजाना जाम लगने की वजह से लोगों को अपने दफ्तर पहुंचने के लिए घर से आधे घंटे पहले निकलना पड़ता है। इसके बाद भी वे घंटों जाम में फंसे रहते हैं। इस समस्या का समाधान करने के लिए कोई भी तैयार नहीं है।

### एक महीने में ही टूटी नई सड़कें

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा के जेवर क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाई गई नई सड़कें महीने भर में ही टूटने लगी हैं। नवादा से अमरपुर तक जाने वाली सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। इन गड्ढों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं।
करप्शन फ्री इंडिया संगठन के प्रदेश महासचिव मास्टर दिनेश नागर ने बताया कि पीडब्ल्यूडी ने एक महीने पहले इस सड़क का निर्माण किया था। दनकौर-सिकंदराबाद रोड से बिजली घर के सामने यमुना एक्सप्रेसवे तक जाने वाली सड़क भी 15 दिन पहले ही बनी थी। यह सड़क भी कई जगहों से टूट गई है।
स्थानीय लोगों का आरोप है कि विभाग ने घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया है। इस मामले में क्षेत्रीय समाजसेवियों ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने भ्रष्टाचार में शामिल अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई और सड़कों के पुनर्निर्माण की मांग की है।

### दहेज में प्लॉट और फॉर्च्यूनर नहीं मिली

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा के जमालपुर गांव में एक विवाहिता की कथित तौर पर हत्या कर दी गई। मृतका के परिजनों का आरोप है कि दहेज में प्लॉट और फॉर्च्यूनर गाड़ी की मांग पूरी नहीं होने पर ससुराल वालों ने उसकी गला दबाकर हत्या कर दी। मृतका के भाई भोलू ने पुलिस को बताया कि उनकी बहन पूजा की शादी 5 साल पहले जमालपुर गांव निवासी विनय से हुई थी। शादी में दिए गए दहेज से ससुराल पक्ष संतुष्ट नहीं था। इसी कारण पूजा पिछले 8 महीने से अपने मायके में रह रही थी। करीब 15 दिन पहले आरोपी पूजा को वापस ससुराल ले गए थे। मंगलवार को उसकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने मृतका के भाई की शिकायत पर बुधवार को पति विनय, ससुर सुंदर, सास सुरेश, जेठ कपिल, जेठानी बबली और ननद स्वाति के खिलाफ केस दर्ज किया है। दनकौर कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सटीक कारणों का पता चल पाएगा। पुलिस फरार आरोपियों की तलाश कर रही है।

### किसानों की महापंचायत 30 जुलाई को दनकौर में

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा में किसान आंदोलन की तैयारी कर रहे हैं। दनकौर में 30 जुलाई को महापंचायत आयोजित की जाएगी। बुधवार को इसकी तैयारियों को लेकर

# दक्षिण यूपी में भारी बारिश का अलर्ट



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड, विंध्य क्षेत्र और मध्य प्रदेश से सटे जिलों में गुरुवार को भारी बारिश की संभावना है। मौसम विभाग ने 14 जिलों में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। साथ ही 40 जिलों में गरज चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने की संभावना जताई गई है। बुधवार को प्रदेश के तराई हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश हुई। बुधवार और बृहस्पतिवार के दौरान बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर और बिजनौर के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश देखने को मिली। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक बुधवार को पश्चिम तराई, विंध्य क्षेत्र और बुंदेलखंड में अच्छी बारिश के आसार हैं। यहां है भारी वर्षा की चेतावनी-बांदा, चित्रकूट, प्रयागराज, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर व आसपास के इलाकों में।

यहां है मेघगर्जन और वज्रपात होने की संभावना-बांदा, चित्रकूट, प्रयागराज, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, भदोही , कानपुर देहात, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, गौतम बुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, कासगंज, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, संभल, बदायूं, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर एवं आसपास के इलाकों में।

# सड़क हादसे में घायल युवक की अस्पताल में मौत

**ग्रेटर नोएडा।** एनटीपीसी के समीप ततारपुर मोड़ पर करीब 10 दिन पहले सड़क हादसे में घायल हुए बाइक सवार युवक की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। युवक के मामा ने अब इस मामले में आरोपी टेंपो चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। पुलिस आरोपी चालक की तलाश में जुटी है। बागपत के रहने वाले धीर सिंह ने पुलिस को बताया कि 29 जून को उनका भांजा विनीत अपने दोस्त लव के साथ बुलेट बाइक पर सवार होकर सिकंदराबाद जा रहा था। एनटीपीसी के ततारपुर मोड़ के समीप एक टेंपो ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद पीछे बैठा विनीत सड़क पर गिर गया।

# चार मंजिला भवन में सिलेंडर फटने से आग लगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-87 स्थित नया गांव में मंगलवार रात एक चार मंजिला रिहायशी भवन में खाना बनाते समय एलपीजी सिलेंडर में आग लगने के बाद फटने से हड़कंप मच गया। भवन में रहने वाले 100 से अधिक लोग छत पर चढ़ गए, जिन्हें दमकलकर्मियों ने सीढ़ियों की मदद से बचाया। छह गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाया गया। पुलिस के मुताबिक नया गांव निवासी जीतन भाटी ने अपनी जमीन पर चार मंजिला भवन बना रखा है। इस भवन में 80 से अधिक कमरे बने हैं, जिनका इस्तेमाल किराए पर रहने वाले लोगों के लिए किया जाता है। इन कमरों में करीब 150 से अधिक लोग परिवार के साथ रहते हैं।

मंगलवार रात 11 बजकर 24 मिनट पर फायर सर्विस यूनिट को भवन में 14 किलोग्राम का एलपीजी गैस का सिलेंडर फटने से आग लगने की सूचना मिली। मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि मौके पर अलग-अलग फायर स्टेशन से छह गाड़ी रवाना की गईं। इसके अलावा हाइड्रोलिक प्लेटफार्म और एडवांस रेस्क्यू टेंडर रवाना किया गया। मौके पर जाकर देखा तो आग भवन के प्रथम तल पर बने एक कमरे में लगी थी। टीम के पहुंचने से पहले सिलेंडर फट चुका था। कमरे में रखा फ्रीज भी आग की चपेट में आ गया और उसका कंप्रेसर भी फट गया।

# कंस्ट्रक्शन का काम दिलाने के बहाने पांच लाख रुपये ऐंठे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** कंस्ट्रक्शन का काम दिलाने का झांसा देकर आरोपी ने एक व्यक्ति के साथ पांच लाख रुपये की ठगी कर ली। रुपये देने के दस महीने बाद जब काम नहीं मिला तो पीड़ित ने मामले की शिकायत सेक्टर-39 थाने की पुलिस से की।

शिकायती पत्र में सेक्टर-39 थाना क्षेत्र निवासी रविश वत्स ने बताया कि करीब दस महीने पहले उनका संपर्क अनिल त्यागी से हुआ। अनिल ने विश्वास में लेने के बाद रविश की प्रोफाइल ली और कंस्ट्रक्शन का काम दिलाने का दावा किया। इसके एवज में रविश ने अनिल को पांच लाख रुपये दे दिए। सारी रकम ऑनलाइन ली गई।आरोप है कि दस महीने बाद भी अनिल ने न तो रविश को काम दिलाया और न ही रुपये वापस कर रहा है। रुपये मांगने के लिए जब भी शिकायतकर्ता कॉल करता है, आरोपी का नंबर या तो बंद आता है या तो वह कॉल ही नहीं उठाता है। अन्य माध्यमों से भी शिकायतकर्ता ने आरोपी से संपर्क करने का प्रयास किया पर सफलता नहीं मिली। आखिर में उसने मामले की शिकायत पुलिस से की। दो पक्षीय कार्य अनुबंध की कॉपी भी पुलिस से शिकायतकर्ता ने साझा की। शिकायतकर्ता ने ट्रांजेक्शन संबंधी दस्तावेज भी पुलिस को उपलब्ध कराए। पीड़ित ने आरोपी का पता और मोबाइल नंबर भी पुलिस को उपलब्ध कराया है।

**नोएडा।** श्रमिक संगठनों ने बुधवार को अलग-अलग स्थानों पर हड़ताल की और पैदल मार्च निकालकर विरोध दर्ज कराया। श्रमिक संगठनों ने दावा किया है कि उनकी हड़ताल सफल रही। हालांकि, औद्योगिक सेक्टर में सभी इकाई रोजाना की तरह खुली रहीं। एनईए के अध्यक्ष विपिन मल्हन ने बताया कि शहर में सभी इकाइयां हर रोज की तरह खुली।

# दुकानदार से ठगी गई रकम वापस कराई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** कासना थाने की साइबर हेल्प डेस्क टीम द्वारा एक दुकानदार से साथ हुई साइबर ठगी के 40 हजार रुपये उसके खाते में वापस करवाए गए हैं। साइबर ठगों ने पीड़ित दुकानदार को झांसे में लेकर 52 हजार रुपये की ठगी की थी। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक कासना कस्बे में रहने वाले लक्की गुप्ता के साथ कुछ दिनों पहले साइबर ठगी की घटना हुई थी। पीड़ित कस्बे में सेनेटरी की दुकान चलाते हैं साइबर ठगों ने सेनेटरी का सामान खरीदने का लालच देकर पीड़ित को झांसे में लिया। इसके लिए पीड़ित के मोबाइल पर एक लिंक भेजा।

पीड़ित द्वारा लिंक पर क्लिक करते ही खाते से 52,250 हजार रुपये निकाल लिए गए। पीड़ित ने इस घटना की ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई थी। थाना कासना साइबर हेल्प डेस्क पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई कर संबंधित बैंक से सामंजस्य स्थापित किया। पीड़ित के करीब 40 हजार रुपये को वापस करा दिए। साइबर हेल्प डेस्क टीम द्वारा की गई त्वरित कार्रवाई के लिए आवेदक द्वारा पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया गया।

# कावंड यात्रा के मार्गों का निरीक्षण किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जनपद गौतम बुद्ध नगर में श्रावण मास के दौरान चलने वाले कावड़ यात्रा को ध्यान में रखते हुए आज डीएम मनीष कुमार वर्मा ने तहसील जेवर के ग्राम खेड़ा भाईपुर में स्थित प्राचीन नानकेश्वर महादेव मंदिर पहुंचकर सर्वप्रथम पूजा अर्चना कर, यात्रा मार्गो एवं तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण किया।



निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया की कावड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधाओं में किसी प्रकार की कमी न हो। साफ सफाई, पेयजल व्यवस्था, चिकित्सा सुविधा, विद्युत आपूर्ति, सीसीटीवी कैमरे तथा सुरक्षा व्यवस्था जैसी सभी पहलुओं पर विशेष ध्यान देते हुए सभी व्यवस्थाओं को समय रहते दुरुस्त कर लिया जाए।

उन्होंने कावड़ मार्गों पर सड़क मरम्मत, बैरिकेडिंग, प्रकाश व्यवस्था, शौचालय की उपलब्धता एवं प्राथमिक उपचार केंद्रों की स्थापना की स्थिति की समीक्षा की और मौके पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने इस अवसर पर मंदिर समिति के प्रबंधकों के साथ बैठक करते हुये कहा कि कावड़ यात्रा एक महत्वपूर्ण धार्मिक आयोजन है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेते हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा सुनिश्चित करना हमारी जिम्मेदारी है। इसलिए उनके द्वारा भी श्रद्धालुओं के लिए सभी व्यवस्थाएं मानकों के अनुरूप पूर्ण कर ली जाएं।

इस अवसर पर जिलाधिकारी के साथ उप जिलाधिकारी जेवर अभय सिंह, एसीपी सार्थक सैंगर, वन विभाग से अनामिका, मंदिर समति के पदाधिकारीगण एवं संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# आवारा सांड को बचाने के प्रयास में सांड से टकराई बाइक

## बाइक सवार दो लोग हुए घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** बुधवार को मुरादाबाद फर्रुखाबाद हाईवे पर ग्राम भटपुरा के समीप सड़कों पर घूम रहे आवारा सांड को बचाने के प्रयास में बाइक सवार दो लोग सांड से टकराकर हुए गंभीर रूप से घायल। हम आपको बता दें कि जनपद संभल थाना बनिया क्षेत्र के गांव पचाक निवासी एडवोकेट धर्मेश पुत्र बाबूराम अपने साथी डालचंद पुत्र राजपाल निवासी बरौली रुस्तमपुर थाना बिलारी जनपद मुरादाबाद के साथ बाइक पर सवार होकर बदायूं किसी काम से गए थे वापस लौटते वक्त मुरादाबाद फर्रुखाबाद हाईवे पर ग्राम भटपुरा के पास सड़क पर घूम रहे आवारा सांड को बचाने के प्रयास में बाइक सवार दोनों लोग सांड से टकरा गए जिसमें दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने तत्काल प्रभाव से घायलों को बिसौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लाकर भर्ती कराया जहां उपस्थित डॉक्टरों द्वारा घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया तथा घायल धर्मेश पुत्र बाबूराम निवासी ग्राम पचाक थाना बनियानठेर जनपद सम्भल की गंभीर अवस्था को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया वहीं घटना की सूचना पाकर घायलों के परिजन भी मौके पर आ पहुंचे।

# बिल्सी में अभियान के तहत लोगों ने लगाए पौधे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिल्सी।** विकास खंड अंबियापुर परिसर में एसडीएम रिपुदमन सिंह और बीडीओ शैली गोविल ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधे लगाए गए। इस मौके पर ब्लाक का समस्त स्टाफ मौजूद रहा। महाराणा प्रताप राजकीय पीजी कालेज में बैंक ऑफ बड़ौदा के शाखा प्रबंधक आशीष कुमार गुप्ता और प्राचार्य डा. पंकज कुमार सिंह ने स्टूडेंट्स के साथ परिसर में पौधारोपण किया। महेश बाल इंटर कालेज में भाजपा नेता शैलेंद्र शर्मा और प्रधानाचार्य डा.रोहिताश कुमार ने पौधारोपण किया। वहीं तहसील परिसर में बार के पूर्व अध्यक्ष विवेक राठी और भाजपा नगराध्यक्ष आदित्य माहेश्वरी ने पौधे लगाए। इसके अलावा अन्य स्थानों पर लोगों ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

# एसडीएम ने पौधरोपण कर अभियान की शुरुआत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** बुधवार को उपजिलाधिकारी राशि कृष्णा ने एक पेड़ मां के नाम पहल के तहत तहसील परिसर में पौधारोपण अभियान की शुरुआत की। जहां तहसीलदार विजय कुमार शुक्ला, नायब तहसीलदार गिरजा शंकर यादव एवं नायब तहसीलदार सृजन यादव के संग कर्मचारियों व लेखपालों ने पौधारोपण किया।

इस दौरान एसडीएम राशि कृष्णा ने सभी कर्मचारियों व नागरिकों से अधिक से अधिक वृक्ष लगाने की अपील की। उन्होंने कहा कि पेड़ न केवल हमें स्वच्छ वायु प्रदान करते हैं, बल्कि ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन जैसी समस्याओं को कम करने में भी अहम भूमिका निभाते हैं।



तहसीलदार विजय कुमार शुक्ला ने कहा कि पेड़ प्रकृति का अमूल उपहार है। हमें न केवल अपने लिए बल्कि आने वाली पीढियों के लिए भी पेड़ लगाने की आदत डालनी चाहिए। इस अवसर पर नायब तहसीलदार गिरजा शंकर यादव, नायब तहसीलदार सृजन यादव, स्टैनो जहीर आलम, अवनीश शर्मा, राजस्व निरीक्षक विनोद कुमार शर्मा, यशपाल सिंह, मुनेश पाल सिंह, खुशहाल बाबू, लेखपाल संघ के अध्यक्ष अमित कुमार, सचिव संदीप कुमार, लोकपाल सिंह, अरविंद कुमार, कुलदीप पाराशरी आदि मौजूद रहे।

# पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए लगाएं पौधे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर डा. मोहित यादव एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ सुविधा माहेश्वरी के नेतृत्व में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डा. माहेश्वरी ने कहा कि हमें प्राकृतिक संसाधनों व पेड़ों की रक्षा सुरक्षा करने के साथ-साथ पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने चाहिए। डा. मोहित यादव ने प्रत्येक व्यक्ति से एक-एक पौधा लगाने व उसकी बच्चों की तरह भली-भांति देखभाल व सुरक्षा करने का आह्वान किया। इस अवसर पर चीफ फार्मासिस्ट डी. एन मिश्रा, आसिफ खान, यस चौहान आदि मौजूद रहे।

# एसडीबी पब्लिक स्कूल के नन्हें मुन्ने बच्चों ने कविता वाचन में मधुर कंठ से सुन्दर कविताएं की प्रस्तुत

**एसडीबी पब्लिक स्कूल में कक्षा प्री-नर्सरी से लेकर कक्षा दो तक के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों के बीच कविता वाचन प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया।**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** एसडीबी पब्लिक स्कूल में कक्षा प्री-नर्सरी से लेकर कक्षा दो तक के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों के बीच कविता वाचन प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में भाषा - संवे. दनशीलता, आत्मविश्वास तथा मंच पर प्रस्तुति कौशल का विकास करना था। छात्र-छात्राओं ने हिंदी एवं अंग्रेजी दोनों भाषाओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया और अत्यंत मधुर कंठ से सुंदर-सुंदर कविताएं प्रस्तुत कीं। नन्हे बच्चों की मासूम प्रस्तुतियाँ सराहनीय रहीं, और उन्होंने मंच पर पूरे आत्मविश्वास के साथ प्रस्तुति दी। यह प्रतियोगिता गतिविधि समन्वयक श्वेता शर्मा के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। साथ ही शिक्षिकाएँ सुंदरी, विनीता, शालू, सिम्मी, मुस्कान, अर्चना, गौरी, दिव्या, स्वाति, शगुफ्ता, नीलम एवं कुमकुम भी आयोजन की सफलता में सहयोगी रहीं।

प्रधानाचार्या मीनू बत्रा, निदेशक अखिलेश वार्ष्णेय, तथा एक्टिविटी इंचार्ज शारदा बवेजा ने कार्यक्रम की मुक्त कंठ से सराहना की और सभी प्रतिभागियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। प्रतियोगिता के परिणाम कक्षा पीएन सी से आराधना ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, शिवि को द्वितीय स्थान मिला, जबकि अवनी, उज्ज्वल, रेयांश और जिकरा ने तृतीय स्थान साझा किया। एनसी ए कक्षा में इन्दु ने प्रथम, शिवान्या और स्मृति ने द्वितीय, तथा अक्षिता, मानवी और दिव्यांशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।एनसी बी से आरोही ने प्रथम, भाव्या और प्रिन्सी ने द्वितीय, जबकि नव्या, सारांश, माईटी और क्रमाशय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। केजी ए और बी से अन्वी और प्रिन्स को प्रथम, दिव्यांशी और ईशिका को द्वितीय स्थान मिला, जबकि अथर्वले, आराधना, वेदिका, एप्पल, अधिराज, राघव और मायबैंक ने तृतीय स्थान साझा किया। कक्षा 1 ए और बी से कुलदीप और नित्या को प्रथम स्थान मिला। साक्षी और वंश द्वितीय स्थान पर रहे, जबकि अन्वी, आरुषि, हर्ष, तान्या, आरुष, याशिका और शौर्य ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।कक्षा 2 ए और बी में सूर्यांश और पायल को प्रथम, कार्तिक और कनिष्का को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। वहीं अभि, वीरल, प्रियतर्षिनी, नैतिक, महक, आराध्या, आन्या और अंश ने तृतीय स्थान साझा किया।बच्चों के उत्साह, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग से यह आयोजन अत्यंत सफल और स्मरणीय रहा।

# एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत स्कूल में लगाए पौधे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नरैनी।** सिद्ध बाबा इंटर कालेज शरह बरौलिया में बुधवार को एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य,शिक्षकों,कर्मचारी एवं विद्यार्थियों ने मिलकर विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर कालेज के प्रधानाचार्य राजकुमार शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए वृक्षों के महत्व व वृक्षारा. ेपण कर वृक्षों की सुरक्षा करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर नीरज चौहान,विपलव भारती, रामौतार मौर्य, डॉ प्रमोद शर्मा,प्रवीण मिश्रा,अश्वनी शर्मा,अनमोल उपाध्याय आदि शिक्षक एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अंत्येष्टि में शामिल होने आए वृद्ध को सड़क पार करते समय कार ने मारी टक्कर, मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** बुधवार को बिसौली कोतवाली क्षेत्र के दिसौलीगंज गांव के पास पैदल रोड पार कर रहे व्यक्ति को कार ने मारी टक्कर हुई मौत हम आपको बता दें कि जनपद बदायूँ के बिसौली कोतवाली क्षेत्र के दिसौलीगंज गांव के पास बुधवार को नन्हेंलाल मौर्य पुत्र हेतराम मौर्य उम्र 62 वर्ष निवासी कुँआडाडा दिसौलीगंज गांव में अपने समधी सुखवीर मौर्य की माँ की अंत्येष्टि में शामिल होने के लिए श्मशान घाट पर जा रहे थे तभी मुरादाबाद फर्रुखाबाद हाईवे पर रोड क्रॉस करते समय तेज रफ्तार से आ रही करने रोड क्रॉस कर



रहे नन्हेंलाल मौर्य को जोरदार टक्कर मार दी वहीं आनन फानन में घायल को इलाज के लिए बिसौली नगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपस्थित डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया वहीं पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

# पुलिस जवानों को पर्यावरण की रक्षा का दिलाया संकल्प



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** कोतवाली परिसर में इंस्पेक्टर हरेंद्र सिंह ने पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए विशेष पौधारोपण अभियान चलाया।

उन्होंने पुलिस जवानों को हरियाली बढ़ाने और पर्यावरण की रक्षा का संकल्प दिलाया। श्री सिंह ने कहा कि हर व्यक्ति को एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए। इस पहल में दर्जनों पुलिस कर्मियों ने भाग लिया और पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का संकल्प लिया।

हरेंद्र सिंह ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना है, बल्कि पुलिस बल को प्रकृति के प्रति जागरूक और उत्तरदायी बनाना भी है।

# एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का हुआ आयोजन, भाजपा कार्यकर्ताओं ने रोपे पौधे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उघैती।** उघैती मंडल में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का नेतृत्व मंडल अध्यक्ष ललतेश ठाकुर ने किया। बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, पदाधिकारी और स्थानीय लोग सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे. सभी ने मिलकर विभिन्न प्रजातियों के फलदार एवं छायादार पौधे लगाये और उन्हें सुरक्षित रखने का संकल्प भी लिया. मौके पर मंडल अध्यक्ष ललतेश ठाकुर ने कहा कि जिस प्रकार से आज प्रदूषण खतरनाक स्तर पर पहुंच चुका है, वह हम सभी के लिए गंभीर चिंता का विषय है. ऐसे में हर व्यक्ति को चाहिए कि वह कम से कम एक



पौधा अवश्य लगायें और उसकी देखभाल भी करें. महामंत्री मनोज शर्मा ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान बहुत ही सकारात्मक पहल है। मंडल उपाध्यक्ष संतोष सिंह मंडल उपाध्यक्ष प्रेमपाल मंडल मंत्री पूर्व मंडल महामंत्री अनिल शर्मा, नेहा कश्यप शक्ति केंद्र संयोजक सत्यपाल शर्मा जी ग्राम प्रधान बृजपाल महंत महाराज सोम दत्त जी अंकुर चौहान जी योगेश कठेरिया युवा मोर्चा मंडल मंत्री जगदीश प्रजा. पति बूथ अध्यक्ष आदि लोग उपस्थित रहे।

# पशु प्रेमी विकेंद्र शर्मा को गौरक्षा प्रमुख ब्रज प्रान्त किया नियुक्त



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सिलहरी।** अंतराष्ट्रीय हिन्दू परिषद - राष्ट्रीय बजरंग दल के संस्थापक व अध्यक्ष डॉक्टर प्रवीण भाई तोगड़िया के निर्देशन में पशु प्रेमी विकेंद्र शर्मा को गौरक्षा प्रमुख ब्रज प्रान्त नियुक्त किया गया पशु प्रेमी को गौ रक्षा प्रमुख ब्रिज प्रांत नियुक्त किए जाने पर दातागंज तिराहा स्थित राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद जिला संरक्षक प्रवेश राठौर वरिष्ठ संवाददाता के कार्यालय पर खुशी मनाई गई, इस मौके पर जिला संरक्षक ने बताया कि वीकेंद्र शर्मा को गौ रक्षक प्रमुख नियुक्त किए जाने पर खुशी मनाई, इस मौके पर संजीव पटेल जिला उपाध्यक्ष राष्ट्रीय पत्र का सुरक्षा परिषद, मुकेश यादव संवाददाता अमृत विचार, संदीप तोमर पत्रकार हिंदुस्तान अखबार तेजिंदर सागर पत्रकार अमृत विचार अवनेश राठौर पत्रकार अमर उजाला , अश्वनी पटेल पत्रकार अमर प्रभात, अनुरोध पटेल,आदि मौजूद।

# सुंधाशु ने सभी स्वयंसेवकों को वृक्ष लगाने को किया प्रेरित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** नगर स्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की आजाद शाखा के स्वयंसेवकों ने जिले में आए नए विभाग प्रचारक सुंधाशु जिला प्रचारक भरत लाल नगर प्रचारक तुलसीदास के साथ एक वृक्ष अपने नाम की मुहिम चलाते हुए मेला ग्राउंड स्थित गांधी पार्क के अंदर वृक्षारा. ेपण करा। विभाग प्रचारक सुंधाशु ने सभी स्वयंसेवकों को वृक्ष लगाने को प्रेरित करने के साथ-साथ इन वृक्षों की जिम्मेदारी लेते हुए इनका एक लंबे समय तक ध्यान रखना को भी कहा उन्होंने बताया वर्तमान समय में वायुमंडल में तपिश दिन पर दिन बढ़ती जा रही है।

पेड़ों के कटान से वातावरण दूषित हो रहा है इसलिए हर व्यक्ति को पर्यावरण को बचाने के लिए पेड़ लगाना बहुत जरूरी है। नगर कार्यवहा अंकित ने सभी स्वयंसेवकों को प्रेरित करते हुए वृक्ष पौध भी दिये और बताया घर के आसपास बगीचे में या कहीं भी वृक्ष फल फूल सकता है उसे वहां लगाये जिससे प्रकृति का संतुलन बना रहे।हरे भरे वृक्ष राहगीरो के लिए छाया का काम करता हैं। भूमि कटान को रोकने के अलावा यह वृक्ष वर्षा कराने में भी सहायक होते हैं यह सब मानव जीवन के लिए अमूल्य है जिसको हम नहीं समझ पा रहे हैं।

उसका नुकसान बीमारियों से प्राकृतिक आपदा बाण आदि के रूप में देखते हैं। नगर प्रचारक प्रमुख मुदित ने सभी स्वयंसेवकों को संकल्प कराया की समय-समय पर यह मुहिम चलाकर वृक्षारोपण स्वयं करेंगे व लोगों को वृक्ष लगाने के लिए प्रेरित भी करेंगे जिससे आने वाले समय में गर्मी का प्रभाव में कुछ कमी ला सके। शाखा पर रूप किशोर अतुल अनुज सूर्यांश मुदित आदि स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# झमाझम बारिश ने लोगों को दी उमस भरी गर्मी से राहत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंवरगांव।** बुद्धवार की दोपहर बाद हुई झमाझम बारिश से लोगों को गर्मी से काफी राहत मिली।तो वहीं किसानों के चेहरे भी खिल गए। यह बारिश खेती के लिए संजीवनी का काम करेगी। वहीं काफी समय से उमस भरी गर्मी व तीखी धूप से बिलबिलाए लोगों को काफी सकून मिल गया। वैसे तो आसमान में कई दिनों से बादल उमड़-घुमड़ रहे थे। सुबह से ही तीखी धूप व उमस भरी गर्मी से लोग काफी परेशान थे। इधर किसान भी लंबे समय से बारिश न होने से अपनी फसलों को लेकर चिंतित थे। धान की फसलों में किसान नलकूप से पानी भी देने लगे थे। दोपहर बाद अचानक बादलों ने आसमान



को ढक लिया। इसके बाद रुक रुक कर कभी धीमी तो कभी तेज बारिश हुई। इससे लोगों को गर्मी से निजात मिल गई तो किसान भी खुशी से गदगद हो गए। मौसम सुहाना होने के बाद आसमान से गिर रही बारिश की बूंदें धान की फसल के लिए संजीवनी के ही समान हैं। ऐसे में ग्रामीण इलाकों में कई जगह जमकर बारिश होने से किसानों को काफी राहत मिल गई।

# बच्चों को पिलाई गई विटामिन ए की खुराक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** बाल स्वास्थ्य पोषण माह कार्यक्रम का शुभारम्भ अपर जिलाधिकारी प्रशासन अरुण कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला महिला चिकित्सालय बदायूँ द्वारा जिला महिला चिकित्सालय में 09 माह से 05 वर्ष के बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाकर किया गया। कार्यक्रम में बताया गया बच्चों को विटामिन ए की 09 खुराके दी जाती है जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढाती है, रतौंधी व अन्य नेत्र रोगों से बचाव एवं उपचार, कुपोषण से बचाव साथ ही साथ बच्चे का सम्पूर्ण टीकाकरण जानलेवा बीमारियों से बचाता है जैसे टीबी, पोलियो, हिपेटाइटिस बी, डायरिया, डिपथीरिया, काली खांसी, टिटनेस, निमोनिया, मीजिल्स आदि। इस अवसर पर डॉ0 मोहन झा अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉ0 असलम जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, डॉ0 राजवीर सिंह उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सुधा देवी जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी, जिला समन्वयक यूनीसेफ, अरविंद क्वालिटी मैनेजर, आदि उपस्थित रहे।

# संगठन महामंत्री के घर पहुंचे बिसौली विधायक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

बिसौली। बिसौली विधायक आशुतोष मौर्य बुधवार 9 जुलाई को भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह के आवास नगीना जनपद बिजनौर पहुंचकर उनकी माता भाग्यवती देवी के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। बिसौली विधायक आशुतोष मौर्य संगठन महामंत्री व परिवार के अन्य सदस्यों से मिलकर शोक जताया. बिसौली विधायक आशुतोष मौर्य संगठन मंत्री धर्म पाल सिंह के गांव हुर्र नगला उनके आवास पर पहुंचे और वहां पर उन्होंने उनकी माता जी के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए और परिवार के लोगों से बातचीत की और इस दुख की घड़ी में हौसला बनाए रखने को कहा।

# एक पेड़ माँ के नाम 2.0 अभियान के तहत मयंक गुप्ता ने किया वृक्षारोपण



**आतिफ निसार जैनू,शाह टाइम्स**

**सहसवान।** नगर पंचायत दहगवां में बी जे पी नेता व पूर्व प्रधान दहगवा मयंक गुप्ता ने कार्यकर्ताओं के साथ वृक्षारोपण किया ये वृक्षारोपण प्रकृति और मां के लिए नि:स्वार्थ प्रेम के प्रतीक हैं मयंक गुप्ता ने कहा मां हमें स्नेह देती है और वृक्ष हमें सांसें आइए हम सब इस अनमोल संबंध को समझें और वृक्षारोपण जन आंदोलन 2025 से जुड़कर अधिक से अधिक संख्या में वृक्ष लगायें तथा अपनी धरती माँ को हरा-भरा बनाये।

# मियां की जियारत पर चिरागी लगाने वालों की भारी भीड़ जुटी

**प्राचीन हनुमान मंदिर में भी श्रद्धालुओं ने घंटे घड़ियाल बजाकर पूजा अर्चना की , भीड़ को काबू करने में पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**आसफपुर।** हाल ही शुक्ल - पक्ष के दिन मंगलवार की रात स्थानीय प्राचीन हनुमानगढ़ी मंदिर व मियां की ज्यारत पर मिन्नत मांगने वालों की भारी भीड़ जुटी। इस दौरान दूरदराज से आए श्रद्धालुओं की अपार श्रद्धा नजर आई। लोगों की मान्यता है कि स्थानीय प्राचीन हनुमानगढ़ी मंदिर व मियां की ज्यारत दोनों ही धर्म स्थल काफी पौराणिक हैं।

जहां जिला बदायूं जिला के अलावा अंतर्जनपदीय लगभग सौ - सौ किलोमीटर दूर से आने वाले भक्तगण यहां मिन्नत मांगने आते हैं। धर्म के प्रति गहरी आस्था रखने वाली भारी भीड़ काबू करने को यहां थाना फैजगंज बेहटा , बिसौली , इस्लामनगर आदि थानों की पुलिस को भारी मशक्कत करनी पड़ी। इस बृहद मेले में प्राचीन हनुमानगढ़ी मंदिर के मुख्य द्वार पर स्थानीय फूल माली जगदीश आदि ने पूजा अर्चना की सामग्री व पुष्प मालाओं से अपने अपने प्रतिष्ठान सजाए।

यहां गौरतलब है कि दूर दराज से मेले में आए श्रद्धालुओं को रात्रि विश्राम ,पीने के पानी व सिर ढकने को छत भी मेला आयोजक मुहैया नहीं करा सके इसके चले श्रद्धालुओं को बिसौली से आसफपुर मार्ग पर मुख्य सड़क के किनारे अपनी जान जोखिम में डालकर जमीन पर बिछौना बिछाना पड़ा। मेले में सुरक्षा व्यवस्था को पारदर्शी बनाए रखने के ख्याल से यहां गिने चुने सी सी टी वी कैमरे तो नजर आए पर मियां की ज्यारत के भीतर निगरानी रखने वाला सी सी टी वी कैमरा तकनीकि खराबी के चलते कई घंटों तक बंद पड़ा रहा। मेला प्रबंधन तंत्र को कैमरा बंद होने को लेकर बेखबर रहा।

# पीड़िता के आंसू देख महिला इंस्पेक्टर को लगाई फटकार

## फरियाद न सुनने और परेशान करने पर होगी कड़ी कार्रवाई: पुष्पा

■ महिला आयोग की सदस्या ने जनसुनवाई कार्यक्रम में सुनीं महिलाओं की फरियादें



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** राज्य महिला आयोग की सदस्या पुष्पा पाण्डे ने वुधवार को तहसील पहुंचकर जहां महिलाओं की फरियादें सुनीं, वहीं उन्होंने तीन गर्भवती महिलाओं की गोद भराई भी की। प्रचार-प्रसार के बगैर किए गए इस कार्यक्रम में अधिकांश आंगनवाड़ी कार्यकर्त्री शामिल रहीं।

सुबह 11 बजे तहसील पहुंची राज्य महिला आयोग की सदस्या पुष्पा पाण्डे की एसडीएम उदित पवार, तहसीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह ने अगवानी की। उसके बाद उन्होंने तहसील सभागार में जिला प्रोवेशन कार्यालय द्वारा आयोजित जन सुनवाई कार्यक्रम में महिलाओं की फरियादें सुनीं।

कस्बे की नीतू पाठक द्वारा पिछले तीन दिनों से थाने के चक्कर लगाने के बाद भी उसकी चोरी की रिपोर्ट दर्ज नहीं हो सकी, जिस पर राज्य महिला आयोग की सदस्या पुष्पा पाण्डे बिफर पड़ीं, और महिला इंस्पेक्टर आयशा खान की जमकर फटकार लगाते हुए कार्यवाही के निर्देश दिए। इसके साथ ही अधिवक्ता संतोष कुमारी, कस्बे की नगमा ने भी अपनी शिकायत दर्ज कराई, जिस पर उन्होंने पुलिस को कार्यवाही के निर्देश दिए। कथावाचक नानक चन्द शर्मा ने एक निजी विद्यालय द्वारा उनकी पुत्री की मार्कशीट न दिए जाने की शिकायत की, जिसपर उन्होंने शिक्षा विभाग को कार्यवाही के आदेश दिए। आयोजन में 38 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 12 के निस्तारित किए जाने का दावा किया।

दो घंटे तक चले इस जनसुनवाई कार्यक्रम में एसडीएम उदित पवार, तहसीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह, नायब तहसीलदार शिवा वर्मा, इंस्पेक्टर क्राइम आदेश कुमार, महिला इंस्पेक्टर परमेश्वरी, आयशा खान, सरिता चौधरी, सीडीपीओ सुषमा राठौर, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य डॉक्टर सतेंद्र कौर, पूर्ति निरीक्षक सुनील कुमार भटनागर आदि शामिल रहे।

आयोजन के समापन के बाद उन्होंने तहसील परिसर में पौधारोपण किया। उसके बाद कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और क्षेत्र के अटल आवासीय विद्यालय का भी निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। उनके साथ एसडीएम उदित पवार, तहसीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह, वाल कल्याण समित की सदस्य डॉक्टर राखी चौहान, चंचल गंगवार, रिंकी सैनी आदि मौजूद रहे। महानगर वापसी के दौरान उन्होंने कस्बा हाफिजगंज के कस्तूरबा विद्यालय का भी निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए।

# डीजे पर डांस में नोट लुटाने के विरोध पर मारपीट, बैरंग लौटी बारात

■ लड़की वालों ने दूल्हे को बनाया बंधक, दुल्हन की मां समेत मारपीट में पांच घायल





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** भदपुरा ब्लॉक के एक गांव में शादी समारोह में डीजे पर डांस में रूपये लुटाने के विरोध पर जमकर बवाल हो गया, इस दौरान दूल्हे के बहनोई ने शादी हॉल में अपने साथियों के साथ मिलकर दुल्हन की मां समेत पांच युवकों की लाठी डंडों से पिटाई कर डाली। विवाद बढ़ा तो पुलिस मौके पर पहुंची, और घायलों को इलाज को भेजकर दूल्हे के पिता को गिरफ्तार कर लिया। हंगामे के बाद दुल्हन के परिजनों ने शादी से इंकार कर दिया। जिसके बाद बारात बैरंग वापस लौट गई। बुधवार को पूरे दिन दोनों पक्षों में समझौते के प्रयास होते रहे।

क्योलड़िया थाना क्षेत्र के गांव मधुनगला निवासी पूरन लाल ने अपनी पुत्री नीलम की शादी बीसलपुर के भीमसेन के बेटे सत्यवीर से तय की। मंगलवार को क्योलड़िया के एक शादी हॉल में बारात पहुंची थी। लड़की वालों ने बारात आने पर स्वागत करने के बाद सभी को नाश्ता और खाना खिलाया। इसके बाद शादी की रस्में शुरू हो गईं। बताया जा रहा है इसी दौरान जब लड़की पक्ष की महिलाएं और लड़कियां डीजे पर डांस कर रही थीं तो वर पक्ष के कुछ युवकों ने लड़कियों पर नोट लुटाने शुरू कर दिए। इसपर वधु पक्ष ने नाराजगी जताई, जिसपर दोनों पक्षों में कहा.सुनी होने लगी। कुछ लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत करा दिया। इसके बाद फिर विवाह की रस्में पूरी होने लगीं, और लोग खुशी खुशी से डांस करने लगे।

लड़की के परिजनों ने पुलिस को बताया कि लगभग चार बजे के करीब दूल्हे के बहनोई ज्ञान प्रकाश ने अपने गांव के अपने कई साथियों को बुला लिया। आरोप है इसके बाद दबंगों ने लाठी डंडों से शादी हॉल में लड़की पक्ष के लोगों पर लाठी डंडों से हमला करते हुए पिटाई शुरु कर दी। दबंगों के हमले में दुल्हन की मां सोमवती, गौरव, हिमांशु, विपिन, सौरभ आदि घायल हो गए। हंगामे और मारपीट में वहां अफरा तफरी मच गई, और शादी की रस्में रोक दी गईं। दोनों पक्षों में मान मनौव्वल शुरु हुआ, लेकिन लड़की पक्ष ने शादी से साफ इंकार कर दिया। इस दौरान पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस दूल्हे के पिता को पकड़कर थाने ले आई। लड़की के परिजनों ने लड़के पक्ष पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए लिखित शिकायत की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों पर कार्यवाही करते हुए रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

थाना प्रभारी राजबली सिंह ने बताया कि पुलिस को हंगामे की सूचना मिली थी, जिसपर पुलिस शादी हॉल पहुंची, घायलों को अस्पताल भेजा गया। तहरीर मिलने पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। बारात आज वापस लौट गई। बारात लौट जाने से दुल्हन के हाथों में मेंहदी लगी रह गई।

# बहेड़ी से उज्जैनी कावड़ पदयात्रा का शुभारंभ



■ पचास से अधिक कांवड़ियों का जत्था रवाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** श्रावण माह के शुभ अवसर पर मध्य प्रदेश के दोनों ज्योतिर्लिंग ओंकारेश्वर से महाक. ालेश्वर के लिए बहेड़ी से उज्जैनी कांवड़ पदयात्रा का शुभारंभ हुआ। महंत सचिन रस्तोगी और प्रमोद गुप्ता के नेतृत्व में जा रहे इस जत्थे को भाजपा नेता राहुल गुप्ता ने तिलक लगाकर विदा किया।

बम बम भोले, शिव शंकर की जय, महाकाल की जय और ओम नमः शिवाय के उद्घोष के साथ मां नर्मदा का जल लेने सभी कांवड़िए रवाना हुए। इस अवसर पर महाक. ाल सेवा समिति के अध्यक्ष शक्ति गुप्ता, डॉ० धर्मेंद्र रस्तोगी, ठाकुर लाल सिंह चौहान, ओमप्रकाश गबरू, राजीव रस्तोगी, विश्वास गुप्ता, ऋषभ गुप्ता, सनी रस्तोगी, राहुल गुप्ता, मुकेश रस्तोगी, अवधेश गुप्ता, चंदन सिंह ठाकुर, जितेंद्र कुर्मी, ठाकुर रमेश सिंह और आदित्य रस्तोगी आदि लोग मौजूद रहे।

भगवान शिव की पूजा और नर्मदा जल को महाकालेश्वर मंदिर में अर्पित करना है। इस यात्रा में शामिल कांवड़िए भगवान शिव की भक्ति में लीन हैं, और उनकी यात्रा को सफल बनाने के लिए वहां मौजूद लोगों ने शुभकामनाएं दीं।

## एक नजर

### लूट की सूचना पर दौड़ी पुलिस मामला निकला मारपीट का

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** बुधवार को गांव जाफरपुर में अलीम व आशिफ के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी के बाद मारपीट हो गई थी। जिसके बाद आलिम ने प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र सिंह को फोन पर सूचना दी कि उससे गांव के ही आशिफ ने मारपीट कर ढाई लाख रुपये लूट लिए और फरार हो गया। सूचना पाकर प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र सिंह पुलिस फोर्स के गांव पहुंच गए। साथ ही आलिम के द्वारा दी गई लूट की तहरीर पर पुलिस ने जांच शुरु कर दी। ग्रामीणों के द्वारा पूंछतांछ व पुलिस जांच में लूट की घटना झूंठी तथा मामला मारपीट का निकला। तब कहीं जाकर पुलिस ने राहत की सांस ली। पुलिस ने लूट की झूंठी सूचना देने बाले आलिम का शांति भंग की धारा में चालान कर दिया।

फर्जी सूचना देने वाले को भेजा जेल

प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र सिंह ने बताया कि लूट की सूचना भ्रामक थी मामला आपस मे मारपीट का था झूंठी सूचना देने बाले व्यक्ति का शांति भंग की धारा में चालान किया गया है।

### एक पेड़ मां के नाम चेयरमैन नीलोफर ने नगर पंचायत में किया पौध रोपण

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शीशगढ़।** शासन के निर्देशानुसार बुधवार को नगर पंचायत शीशगढ़ द्वारा पर्यावरण संरक्षण (एक पेड़ मां के नाम) की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर चेयरमैन नीलोफर एंव अधिशासी अधिकारी दुर्गेश कुमार सिंह के द्वारा वृक्षारोपण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।अधिशासी अधिकारी दुर्गेश कुमार सिंह ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य नगर में हरियाली को बढ़ावा देना तथा जनमानस को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना है। उक्त कार्यक्रम में निकाय के समस्त कर्मचारी व वार्ड प्रोत्साहन समिति, स्वच्छ सार्थी क्लब, ब्रांड अम्बेसडर सक्रिय रूप से सम्मिलित हुए। मौके पर मौजूद सभी ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

# पुलिस ने दो सप्ताह बाद जानलेवा हमले के आरोपियों को पकड़ कर कोर्ट से मांगा रिमांड

■ कोर्ट ने फटकारते हुए खारिज किया रिमांड

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नवाबगंज।** दो सप्ताह पहले कस्बे के व्यापारी नेता राजीव गुप्ता के साथ की गई मारपीट के आरोपियों को बुधवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर उन्हें नगर की मुंसिफ कोर्ट में पेश कर कोर्ट से 14 दिन का रिमांड मांगा।

मालूम हो कस्बे के व्यापारी नेता राजीव गुप्ता के साथ क्षेत्र के दिनेश गंगवार और सूरज प्रताप ने दो सप्ताह पहले मारपीट की थी। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ था। इस मामले में राजीव गुप्ता द्वारा जानलेवा हमले की धारा में अगले दिन नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी।

घटना को लेकर क्षेत्र के साथ ही बरेली में भी जमकर बयान बाजी हुई थी, आखिर में मामला ठंडा पड़ जाने के बाद बुधवार को उप निरीक्षक राजेश कुमार ने दोनों ही नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, और कोर्ट से 14 दिन का रिमांड मांगा था।

आरोपियों के अधिवक्ता राजीव गंगवार ने विवेचक द्वारा मांगे गए रिमांड का विरोध किया, और कई तर्क देते हुए न्यायालय से जानलेवा हमले की धारा का पुरजोर विरोध किया। अधिवक्ता राजीव गंगवार ने कहा कि वायरल वीडियो में साधारण मारपीट है, कोई प्राण घातक हथियार घटना में प्रयुक्त नहीं है, केवल बेल्ट और चप्पल से मारना पीटना दर्शित है। जिसपर न्यायिक मजिस्ट्रेट विनेश कुमार ने सीडी और मेडिकल रिपोर्ट का अवलोकन करते हुए रिपोर्ट में लगाई गई जानलेवा हमले की धारा 109 को हटाते हुए विवेचक राजेश कुमार द्वारा मांगा गया रिमांड भी खारिज कर दिया। उन्होंने अपने आदेश में कहा है कि जानलेवा हमले की धारा हटने के बाद अब रिपोर्ट में 7 वर्ष से कम का अपराध है, जिसपर पुलिस द्वारा आरोपियों को धारा 35 का नोटिस तामील कराए जाने के बाद उन्हें रिहा कर दिया। इतना ही नहीं न्यायिक मजिस्ट्रेट विनेश कुमार ने विवेचक को चेतावनी भी दी कि आगे इस तरह का रिमांड कोर्ट में प्रस्तुत न किया जाए, अन्यथा आवश्यक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। व्यापारी नेता राजीव गुप्ता पर हमला करने वालों की रिहाई के बाद जहां इस खेमे में निराशा छा गई है, वहीं रिहा होने वालों के खेमे में हर्ष का माहौल है।

# पुलिस को मिली सपफलता डोडा की बड़ी खेप सहित एक आरोपी दबोचा, भेजा जेल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** पुलिस ने नशीले पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए 2 किलो 370 ग्राम अवैध डोडा के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पकड़े गए आरोपी की पहचान शकील पुत्र लल्लू निवासी मोहल्ला अंसारी वार्ड नंबर 14 कस्बा व थाना फतेहगंज पश्चिमी बरेली से हुई।

मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर बने यात्री शेड के निकट दबिश दी, जहां एक संदिग्ध व्यक्ति डोडा बेचने की फिराक में था। मौके पर पहुंची पुलिस टीम को देखकर आरोपी भागने का प्रयास करने लगा, लेकिन घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया गया। पुलिस द्वारा आरोपी की तलाशी लेने पर उसके पास से 2 किलो 370 ग्राम अवैध डोडा बरामद किया। पूछताछ के दौरान शकील ने बताया कि यह डोडा उसे एक ट्रक ड्राइवर देता है, जिसे वह जानता नहीं है। वह इस डोडा को खुद भी पानी में गर्म कर पीता है और कुछ बेचकर मुनाफा कमा लेता है। इस प्रकरण में पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में थाना प्रभारी सुरेंद पाल सिंह, चौकी प्रभारी अनूप सिंह, हेड कांस्टेबल कुलदीप सिंह, हेड कांस्टेबल विपिन कुमार शामिल रहे।

# सहकार भारती संघ की संवाद एवं गन्ना गोष्ठी बैठक सम्पन्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** ब्लॉक सभागार में बुधवार को सहकार भारती संघ की संवाद एवं गन्ना गोष्ठी की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में प्रदेश प्रमुख कर्मवीर सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि सरकारी चीनी मिल का अध्यक्ष किसानों के बीच का ही व्यक्ति होना चाहिए, न कि जिलाधिकारी। इससे किसानों की समस्याओं का शीघ्र समाधान हो सकेगा।

प्रदेश उपाध्यक्ष देवेन्द्र स्वरूप वर्मा ने अपने सम्बोधन में कहा कि भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है, और कुछ अधिकारी सरकार की छवि को धूमिल कर रहे हैं।

बैठक में सहकार भारती संघ के नवनियुक्त पदाधिकारियों की घोषणा की गई, जिनमें जिला मीडिया प्रभारी ढाकन लाल गंग. वार, जिला सह प्रमुख स्मिथ जौहारी, जिला मंत्री ओमकार गंग. वार आदि शामिल हैं।

बैठक में किसानों की समस्याओं पर भी चर्चा की गई। सरदार जैल सिंह ने कहा कि बहेड़ी का किसान बहुत परेशान है, और सरकार से अपेक्षा करता है कि केसर चीनी मिल से किसानों का बकाया गन्ना भुगतान शीघ्र कराया जाए।

कार्यक्रम में कर्मवीर सिंह, छत्रपाल चौधरी, दिग्विजय सिंह, आलोक गर्ग, देवेन्द्र स्वरूप वर्मा, पूर्व ब्लॉक प्रमुख जुगेन्द्र सिंह आदि गणमान्य उपस्थित रहे।

### वन महोत्सव पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** वन महोत्सव के अवसर पर एक वृक्षारोपण एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपजिलाधिकारी रत्निका श्रीवास्तव, सांसद जितिन प्रसाद के पीए रवि मलहोत्रा, ब्लॉक प्रमुख अमरिंदर सिंह गोल्डी, चेयरमैन रश्मि जायसवाल, वन क्षेत्राधिकारी सत्येंद्र सिंह चौहान और उप वन क्षेत्राधिकारी मनोज कुमार यादव उपस्थित रहे।

बरेली-नैनीताल मार्ग पर स्थित ग्राम गुड़वारा के पास लाहौरिया रेस्टोरेंट पर वृक्षारोपण किया गया। सभी लोगों ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझा, और वृक्षारोपण के माध्यम से इसका संरक्षण करने का संकल्प लिया। वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी भी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे, और सभी ने मिलकर वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर सभी ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

वन महोत्सव के इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना और पेड़ों के महत्व को समझाना है। इस तरह के आयोजनों से लोगों में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना बढ़ती है, और पेड़ लगाने और उनकी देखभाल करने के लिए प्रेरित होते हैं।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत महाविद्यालय में किया गया वृक्षारोपण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** गन्ना उत्पादक महाविद्यालय में वृक्षारोपण महा अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व प्राचार्य डा. हरिकेश सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि पेड़ पर्यावरण को ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, और प्रदूषण कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पेड़ पर्यावरण की गुणवत्ता में सुधार करते हैं। प्रदूषण कम करने में मदद करते हैं। जीवित प्राणियों के लिए ऑक्सीजन प्रदान करते हैं। जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग को नियंत्रित करने में मदद करते हैं। महाविद्यालय के शिक्षक और शिक्षणेत्तर कर्मचारी राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक और रोवर्स/ रेन्जर्स- कार्यक्रम अधिकारी विनीत कुमार श्रीवास्तव, और प्रेम. वती वृक्षारोपण महा अभियान के माध्यम से पर्यावरण सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना, जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावों को कम करने के लिए वृक्षों की अनावश्यक कटाई पर रोक लगाना, पेड़ों के महत्व और पर्यावरण संरक्षण के बारे में जागरूकता फैलाना।

इस अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करना है। उत्तर प्रदेश सरकार ने एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण करने का लक्ष्य रखा है।

# नमाज के दौरान उड़ाया नगदी से भरा बैग

■ सीएमएस एजेंट का पूर्व साथी निकला चोर

■ एक लाख रुपये, मोबा. इल व बाइक के साथ दबा. चा गया शातिर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** खुर्रम गौटिया मस्जिद में नमाज पढ़ रहे सीएमएस एजेंट की नजरें खुदा पर थीं, और चोर की नजरें पैसों से भरे बैग पर। मौका पाकर चोर ने बैग उड़ाया और रफूचक्कर हो गया। मामला संगीन था, लिहाजा बारादरी पुलिस और एसओजी ने एक्शन मोड में आते हुए चंद दिनों में ही शातिर चोर को दबोच लिया।

गिरफ्तार आरोपी नूरे आलम, कोई आम चोर नहीं, बल्कि सीएमएस का पुराना साथी निकला, जो पहले उसी कंपनी में कलेक्शन एजेंट रह चुका था। उसे भली-भांति पता था कि नमाज के वक्त बैग कहां रखा जाता है, और कब मौका सही होता है।

4 जुलाई को सैनिक कॉलोनी निवासी सहनवाज सिद्दीकी, जो कि सीएमएस फाइनेंस कंपनी में एजेंट हैं, रोज की तरह पैसे जमा करने निकले थे। बैग में 2.5 लाख रुपये और एक रेडमी मोबाइल रखा था। नमाज का वक्त हुआ तो खुर्रम गौटिया मस्जिद में रुक गए, और जूते-चप्पलों के पास बैग रखकर अंदर चले गए। बाहर मौजूद नजरबाज ने मौका ताड़ा और बैग लेकर नौ दो ग्यारह हो गया।

एसएसपी के सख्त निर्देश पर पुलिस ने तेजी दिखाई। सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए, हजार से ज्यादा बाइक नंबरों की पड़ताल हुई। आखिरकार फुटेज और तकनीकी सुरागों के जरिए आरोपी नूरे आलम 8 जुलाई की रात धर दबोचा गया। उसके पास से घटना में प्रयुक्त स्प्लेंडर बाइक, एक लाख रुपये नकद और चोरी किया हुआ मोबा. इल बरामद किया गया।

पूछताछ में नूरे ने कबूला कि वह पहले सीएमएस के साथ ही काम करता था, और उसकी दिनचर्या से अच्छी तरह वाकिफ था। उसने अपने दोस्त कुलदीप से पत्नी की बीमारी का बहाना बनाकर बाइक मांगी और चोरी के लिए निकल पड़ा। बाइक की नंबर प्लेट पर ब्लैक टेप भी चिपका दिया ताकि पहचान न हो सके। चोरी के बाद नूरे ने बताया कि बैग में कुल 1.3 लाख रुपये थे। इसमें से 30 हजार वह पहले ही उड़ा चुका था। बाकी 1 लाख की नकदी पुलिस ने जब्त कर ली। थाना फतेहगंज पूर्वी के ग्राम पिसवा निवासी नूरे आलम पुत्र जुबैर अहमद के पास से 1 लाख रुपए नगद, रेडमी मोबाइल, स्प्लेंडर मोटरसाइकिल (यूपी 25 सीडी 4524) बरामद हुई है।

पुलिस की सक्रियता और तेजी से की गई कार्रवाई के चलते एक बड़ा मामला सुलझाया गया। टीम में प्रभारी निरीक्षक धनंजय कुमार पांडेय समेत उ.नि. अखिलेश उपाध्याय, हे.का. रचिन कुमार, का. बलवेंद्र सिंह व सतपाल सिंह शामिल रहे।

**शाह टाइम्स आपके साथ....**

**हमें बताएं अपने इलाके की समस्या**

प्रिय पाठक, शहर में यदि आपके घर के आसपास या इलाके में सड़क टूटी होने, कूड़ा न उठने जैसी कोई ऐसी समस्या है जो तमाम लोगों को परेशान कर रही है तो फोटो के साथ हमें लिख भेजें। हम आपकी समस्या को प्रमुखता से अपने अगले अंक में प्रकाशित करेंगे। शाह टाइम्स के व्हाट्सएप नंबर 9720775874 पर अपनी समस्या आप हमें भेज सकते हैं।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**बरेली।** देवरनियां कोतवाली क्षेत्र के नैनीताल हाईवे पर मंगलवार को देर रात एक दर्दनाक हादसा हो गया, जिसमें एक युवक की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। युवक नग्न अवस्था में सड़क पर घूम रहा था, और बताया जा रहा है कि वह शराब के नशे में था।

हादसा बसुपुरा के सामने नैनीताल हाईवे पर हुआ, जब अज्ञात वाहन ने युवक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। वाहन चालक हादसे के बाद फरार हो गया।

सूचना मिलने पर देवरनियां कोतवाली प्रभारी अशुतोष द्विवेदी पुलिस टीम के साथ घटना स्थल पर पहुंचे, और शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए बरेली भेज दिया। शव की अभी पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस आसपास के लोगों से अपील कर रही है कि अगर किसी को इस युवक के बारे में कोई जानकारी है तो वह पुलिस को सूचित करे। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है, और अज्ञात वाहन चालक की तलाश कर रही है।

समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी (बरेली)
मो0- 9456212547 8077380691
Email: irfanggnewslive@gmail.com

# एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान के अंतर्गत वृहद पौधारोपण कार्यक्रम सम्पन्न

- जनप्रतिनिधियों व नोडल अधिकारी की उपस्थिति में विभिन्न स्थानों पर हुआ पौधारोपण
- वृक्षारोपण केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि भविष्य की जिम्मेदारी है: राज्यमंत्री



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** पर्यावरण संरक्षण एवं जलवायु संतुलन हेतु जनसामान्य को प्रेरित करने के उद्देश्य से एक पेड़ माँ के नाम द्वितीय चरण के अंतर्गत जनपद के विभिन्न विकास खंडों, तहसीलों व ग्रामों में भव्य वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किए गए। मा. कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख, शहर विधायक आकाश सक्सेना, जिला पंचायत अध्यक्ष ख्यालीराम लोधी, आयुक्त गन्ना एवं जनपद के नोडल अधिकारी प्रमोद कुमार उपाध्याय, जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह, पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र, मुख्य विकास अधिकारी नन्द किशोर कलाल, ब्लाक प्रमुख मिलक अर्चना गंगवार, भाजपा जिला अध्यक्ष हरीश गंगवार, प्रभागीय निदेशक प्रणव जैन सहित अन्य जनप्रति. निधियों की उपस्थिति में जनपद में ग्राम सिंगनखेड़ा, नवाब स्टेशन, सिविल लाइन्स, सहकारी गन्ना विकास समिति की भूमि, तहसील बिलासपुर स्थित ग्राम मनकरा, तहसील मिलक स्थित ग्राम पजाबा, क्योरार एवं ग्राम निस्वी में वृहद वृक्षारोपण किया गया।

वृक्षारोपण कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्राम सिंगनखेड़ा स्थित हॉकी स्टेडियम में एक पेड़ माँ के नाम द्वितीय अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण किया गया। विधायक ने कहा कि "पेड़ हमारे जीवन में केवल ऑक्सीजन के स्रोत नहीं, बल्कि पर्यावरणीय संतुलन, वर्षा, जल संरक्षण और जैव विविधता के रक्षक हैं। हर नागरिक का यह कर्तव्य है कि वह कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए और उसकी देखभाल करें। तत्पश्चात राज्य मंत्री की उपस्थिति में तहसील बिलासपुर स्थित ग्राम मनकरा में नव निर्मित तालाब के चारों ओर वृक्षारोपण किया गया। स्कूली बच्चों, ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने मिलकर पौधे लगाए। मंत्री ने मौके पर ही ग्रामीणों को पौधे वितरित करते हुए कहा "वृक्ष हमारे जीवन की अमूल्य धरोहर हैं। वृक्षारोपण केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि भविष्य की जिम्मेदारी है। इस अवसर पर मंत्री द्वारा जनपद में नदियों के पुनर्जीवन पर आधारित ''नदियों का संकलन'' नामक पुस्तक का विमा. 'चन भी किया गया। इसके बाद गन्ना आयुक्त एवं जिलाधिकारी ने तहसील मिलक स्थित ग्राम पजाबा में झील पर वृक्षारोपण किया गया तथा झील पर कराए गए जीर्णोद्धार कार्यों का निरीक्षण किया और मत्स्य पालन को बढ़ावा देने हेतु झील में मछलियों को छोड़ा गया। गन्ना आयुक्त एवं जिलाधिकारी द्वारा तहसील मिलक स्थित ग्राम क्योरार में वित्तीय वर्ष 2024 में कराए गए वृहद वृक्षारोपण के कार्यों का निरीक्षण किया गया। गन्ना आयुक्त ने विभिन्न प्रजातियों के पौधों की स्थिति, देखभाल और वृद्धि की सराहना की। इसके बाद तहसील मिलक स्थित ग्राम पंचायत निस्वी में 51 किलोमीटर लंबी नहाल नदी के जीर्णोद्धार कार्यों का निरीक्षण किया तथा नदी के तटों पर वृक्षारोपण भी किया गया। इस दौरान गन्ना आयुक्त ने उपस्थित लोगों से अपील करते हुए कहा कि "पौधों की सुरक्षा, देखभाल और संरक्षण ही वृक्षारोपण अभियान की सफलता का आधार है। जिलाधिकारी ने बताया कि "जनपद में इस वर्ष कुल लगभग 2706700 लाख पौधे लगाए जा रहे हैं। यह जनसहभागिता आधारित ऐतिहासिक पहल है।" एक पेड़ माँ के नाम द्वितीय अभियान के अंतर्गत जनपद में वृक्षारोपण केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि हरित भविष्य की नींव है। इस अभियान में जिला प्रशासन, जनप्रति. निधि, छात्र, स्वयंसेवी संगठन एवं आमजनता की अहम भूमिका रही।

# इंपैक्ट कॉलेज में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** बुधवार को शासन के निर्देशानुसार एवं जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह व उच्च शिक्षा विभाग के आदेशानुसार इंपैक्ट कॉलेज ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, रामपुर में "वृहद वृक्षारोपण वर्ष 2025-26" के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

इस अवसर पर कॉलेज को 600 पौधे लगाने का लक्ष्य प्राप्त हुआ था, जिसे पूर्ण कर लिया गया।

इस वृक्षारोपण में नीम, यूकेलिप्टस, सागौन, पीपल, आंवला और जामुन जैसी पर्यावरण हितैषी प्रजातियों के पौधे लगाए गए।



कार्यक्रम में कॉलेज के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं प्रबंधन समिति के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सभी ने पर्यावरण संरक्षण हेतु अपने योगदान का संकल्प लिया और इस मुहिम को निरंतर जारी रखने की प्रतिबद्धता जताई। कॉलेज प्रबंधन द्वारा यह सुनिश्चित किया गया कि लगाए गए पौधों का नियमित देखभाल और संरक्षण किया जाएगा ताकि ये भविष्य में घने वृक्ष बनकर पर्यावरण को लाभ पहुंचा सकें। इस अवसर पर कॉलेज चेयरमैन डॉ. सुलतान अहमद सैफी, एम.डी. सरताज अहमद, डायरेक्टर डॉ. कौशल शर्मा, प्राचार्य प्रो. आसिम अहमद, असिस्टेंट प्रो. राजेश शर्मा, असिस्टेंट प्रो. शिखा शर्मा, रणजीत, अकलीमा रानी, फरहीन समद, जगप्रीत कौर, आरती राठौर, प्रवेश कुमार, जमील अहमद, नितिन, हरस्वरूप, चंद्र प्रकाश आदि मौजूद रहे।

# विकास भारती स्कूल में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण को किया जागरूक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी/रामपुर।** क्षेत्र के शिक. ारपुर मे विकास भारती स्कूल में बुधवार को पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकगण, छात्र-छात्राएँ एवं अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल प्रधानाचार्य स्मिता गुप्ता द्वारा पौधारोपण कर की गई। उन्होंने विद्यार्थियों को पर्यावरण के महत्व के बारे में बताया और अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों ने भी विभिन्न प्रकार के पौधे लगाकर प्रकृति के प्रति अपने दायित्व को निभाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर शिक्षकों ने भी अपने विचार रखते हुए कहा कि वृक्ष न केवल हमें शुद्ध वायु प्रदान करते हैं, बल्कि यह जल संरक्षण, भूमि कटाव रोकने और जैव विविधता को बनाए रखने में भी सहायक होते हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को एक-एक पौधा भेंट स्वरूप दिया गया, जिससे वे उसे अपने घर या आस-पास लगाकर देखभाल कर सकें।

# नोडल अधिकारी ने वृक्षारोपण की तैयारियों को लेकर की बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जनपद में 09 जुलाई को आयोजित होने वाले वृक्षारोपण कार्यक्रम के संबंध में शासन द्वारा नामित नोडल अधिकारी एवं आयुक्त गन्ना प्रमोद कुमार उपाध्याय ने संत शिरोमणि रविदास सर्किट हाउस सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक की।

बैठक में नोडल अधिकारी ने वृहद वृक्षारोपण की तैयारी के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली। टीएफओ प्रणव जैन ने बताया कि जनपद रामपुर में वृक्षारोपण महा अभियान 2025 के अंतर्गत एक पेड़ मां के नाम 2.0 के थीम पर 9 जुलाई को वन विभाग व अन्य विभागों द्वारा कुल 27,07,511 पौधे आरोपित किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है जो कि लगभग 5500 चिन्हित स्थानों पर लगाए जाएंगे।



नोडल अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया पौधों को छात्र प्रतिशत लगाया जाए और उनकी जियो टैगिंग कराकर समय से रिपोर्टिंग की जाए और पौधों को सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी संबंधित अधिकारियों की होगी।

इस दौरान जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने बताया कि जनपद में वृक्षारोपण का कार्यक्रम जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में सभी तहसील एवं ब्लॉक स्तर पर आयोजित किया जाएगा।

जिसमें समस्त सरकारी गैर सरकारी संस्थानों सिविल सोसाइटी एनसीसी एनएसएस नेहरू युवा केंद्र युवक मंगल दल महिला मंगल दल आदि का सक्रिय सहयोग प्राप्त करते हुए वृक्षारोपण अभियान का संचालन किया जाएगा।

वृक्षारोपण कार्यक्रम को व्यापक जन सहभागिता के साथ एक जन आंदोलन के रूप में मनाया जाएगा और सभी रोपित पौधों की सुरक्षा व्यवस्था एवं जियो टैगिंग भी की जाएगी। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में विभिन्न प्रकार के पौधरोपण जैसे अटल वन, एकलव्य वन, शौर्य वन, एकता वन, ऑक्सी वन, गोपाल वन, त्रिवेदी वन आदि की स्थापना के संबंध में नोडल अधिकारी तैयारी की समीक्षा भी करेंगे।

बैठक में पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र, मुख्य विकास अधिकारी नंदकिशोर कलाल सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# नगर पालिका टांडा में हुआ वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टांडा/रामपुर।** बुधवार को वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें जिले से मिले निकाय टांडा को तीन हजार वृक्षों के लक्ष्य के सापेक्ष एक पेड़ मां के नामष्अभियान के तहत अधिशासी अधिकारी पुनीत कुमार के नेतृत्व में अवर अभियंता अभिनेश तिवारी , वरिष्ठ लिपिक धनीराम सैनी और लेखा लिपिक शुभम भारती सहित समस्त नगर पालिका परिषद टांडा के द्वारा जन सहभागिता के माध्यम से वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया।



यह कार्यक्रम स्टेडियम और एमआरएफ सेंटर के साथ अन्य स्थानों पर किया गया, जहां सभी ने पौधे लगाए और उनकी सुरक्षा की शपथ ली गई।

इस मौके पर मौजूद अधिशासी अधिकारी पुनीत कुमार, अवर अभियंता अभिनेश तिवारी , वरिष्ठ लिपिक धनीराम सैनी और लेखा लिपिक शुभम भारती आदि मौजूद रहे।

# भाकियू अराजनैतिक ने शिकायतों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** बुधवार को भारतीय किसान यूनियन आराजनैतिक की मासिक पंचायत का आयोजन किया गया। ब्लॉक अध्यक्ष रामनाथ मौर्य की अध्यक्षता में हुई बैठक में किसानों की विभिन्न समस्याओं पर विचार-विमर्श हुआ। बैठक में किसानों ने जमीनों के अंश बंटवारे में आ रही परेशानियों को प्रमुखता से उठाया।

किसानों का कहना है कि इस काम के लिए उन्हें तहसील के कई चक्कर लगाने पड़ते हैं। बिजली बिलों को लेकर भी गंभीर शिकायतें सामने आईं। बिलर द्वारा कहीं लोड बढ़ाकर दिखाना और कहीं अधिक बिल बनाने की समस्या बताई गई। ग्रामीण क्षेत्रों के कनेक्शन को शहरी क्षेत्र में दर्शाए जाने का मुद्दा भी उठा। ढकिया में सड़क के बीच में लगे बिजली के खंभों की समस्या को भी रखा गया। किसानों ने आवारा पशुओं और बंदरों



से फसलों को हो रहे नुकसान की समस्या भी उठाई। पंचायत में प्रत्येक गांव में खेल मैदान की मांग की गई। तालाबों पर अवैध कब्जों का मुद्दा भी प्रमुखता से उठा।

ढकिया में गाटा संख्या 365, 366 और राज्य सरकार की भूमि 221, 222 तथा ग्राम भगवंतपुर में गाटा संख्या 247 पर अवैध कब्जे की शिकायत की गई। बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष मोहम्मद रफीक, इकरार खान, काले खान, रियाज खान, रहमत खान, रूपसिंह, अबरार मलिक, मुनेश पाल, वेदपाल धनगर और प्रमोद पाल सहित कई किसान मौजूद रहे।

सभी समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर तहसील कार्यालय शाहबाद पहुंचे जहां पर उन्होंने उपजिलाधिकारी शाहाबाद हिमांशु उपाध्याय को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी की अनुपस्थित में नायब तहसीलदार हरीश जोशी को ज्ञापन सौंपा।

# पौधरोपण को लेकर ग्राम पंचायतों में दिखा उत्साह




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जिलेभर की ग्राम पंचायतों में एक पेड़ माँ के नाम 2.0 वृक्षारोपण महाअभियान-2025 के अंतर्गत कार्यक्रम कर वृक्षारोपण किया गया। ग्राम पंचायतों में पंचायत प्रतिनिधियों के अलावा आम लोगों ने भी इस अभियान में बढ़ चढ़कर उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। चमरौआ ब्लॉक की ग्राम पंचायत मनकरा में राष्ट्रीय पंचायतीराज ग्राम प्रधान संगठन के जिला महासचिव काशिफ खां ने पौधारोपण किया। यहां विभिन्न प्रकार की प्रजातियों के पौधे लगाए गए।

इस मौके पर प्रधान सना काशिफ, वीडीओ मोहम्मद उमर फारूक और मनरेगा तकनीकी सहायक अजीम खां ने भी पौधारोपण किया।

# प्रदेश उपाध्यक्ष की मां के देहांत पर की खिराजे अकीदत पेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** राष्ट्रीय लोक दल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश महामंत्री संगठन प्रदेश प्रवक्ता आतिर रिजवी उनके साथ प्रदेश अध्यक्ष न्याय मंच संगीता दोहरे राष्ट्रीय लोक दल मेरे आवास ग्राम पंचायत जुठिया में मेरी माता के इंतकाल की खबर सुनकर उन्हें खिराजे अकीदत पेश करने के लिए आए प्रदेश महामंत्री संगठन द्वारा बोलते हुए पूरे परिवार को सब्र करने को कहा और बोले ऐसी स्थिति में राष्ट्रीय लोकदल और हम आपके साथ खड़े हुए हैं। प्रदेश अध्यक्ष न्याय मंच संगीता दोहरे ने भी सभी परिवार वालों को सब्र करने को कहा राष्ट्रीय लोकदल ऐसी ही पार्टी है हर व्यक्ति के दुख दर्द में पार्टी का हर नेता खड़ा हुआ है। केंद्रीय मंत्री राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय लोकदल चौधरी जयंत सिंह के निर्देश पर दोनों नेताओं का आगमन मेरे आवास पर हुआ जो बड़े गर्व की बात है दोनों



नेताओं ने बड़े अच्छे से पूरे परिवार को समझाया सर पर हाथ रख राष्ट्रीय लोकदल कभी भी धर्म जाति की राजनीति नहीं करता है सभी को साथ लेकर चलने वाला अगर कोई संगठन है।

पूरे देश के अंदर तो राष्ट्रीय लोकदल है बाकी अन्य पार्टी किसी के दुख दर्द से कोई मतलब नहीं रखती है। कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष मोहम्मद अहसान, जिला अध्यक्ष शाहिद हुसैन, फिरोज आलम खान, मंजू खान, हाजी सादिक, बल्लू प्रधान शकील सैफी, सिराज अहमद, मुशाहिद हुसैन, महफूज खान, नाजिया खान, निगार बेगम, नावेद अली, आदिल, साहिल, अमन, मोहम्मद अयान, मोहम्मद फरहान, शमीम अहमद, अथर अली, अबरार अहमद, इदरीस अहमद, मोहम्मद फरमान, मोहम्मद याकूब, रईस अहमद, मुजफ्फर अली, मोहम्मद रेहान, मोहसिन, मोहम्मद रोहन आदि लोग मौजूद रहे।

# सूपा गांव में आदमखोर, मुर्दाखोर जानवर घुस जाने से ग्रामीणों में दहशत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पटवाई/रामपुर।** थाना क्षेत्र के सूपा गांव में जंगलों से आदमखोर /मुर्दाखोर जानवर किसी तरह गांव में घुस गया और एक मकान में अपने बच्चों सहित बैठ गया है। वह जानवर रात में निकलता है। इस जानवर को देखकर सूपा गांव के ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। ग्रामीण रातों रात नहीं सो पा रहे हैं। सूपा गांव निवासी बंटी ने कहा कि मेरे घर के पास एक खंडर जैसे जगह पड़ी है उस जगह में ये आदमखोर जानवर अपने चार बच्चों सहित बैठ गया है यह घर मालिक अपना घर छोड़ कर लुदरपुर में ये लोग रहते हैं मेरे पास दो छोटी बेटी है। दोनों बेटियां पत्नी आस पास के घर वाले रात में नहीं निकलते हैं। क्योंकि ये जानवर रात में निकलता है। हमें डर है कि कही हमारे परिवार पर हमला न कर दे। गांव के बहुत सारे लोगों ने वनविभाग की टीम से इस जानवर को पकड़े जाने की गुहार लगाई है। गांव में आदमखोर/मुर्दाखोर जानवर से डरे हुए हैं लोग।

# चंद्रवंशी भुर्जी समाज का वार्षिक सम्मेलन सम्पन्न, हजारों की तादाद में पहुंचे लोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** क्षेत्र में बुधवार को चंद्रवंशी भुर्जी समाज का वार्षिक सम्मलेन व भंडारा संपन्न हुआ। सम्मलेन में लगभग बीस हजार की भीड़ शामिल हुई। साथ ही सम्मलेन में समाज को शिक्षित व एकजुट होने पर बल दिया गया। बुधवार को शाहबाद जयतौली रोड पर स्तिथ चन्द्रखरताल महाराज समाधि स्थल पर विशाल वार्षिक सम्मलेन व भंडारे का आयोजन किया गया। चंद्रवंशी भुर्जी समाज उत्थान समिति के तत्वावधान में कार्यक्रम की शुरूआत चंद्रखड़ताल महाराज की समाधि पर पूजन के साथ हुई। कोतवाल पंकज पंत और नायब तहसीलदार हरीश जोशी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर सम्मलेन का शुभारंभ किया। उसके बाद भण्डारे का आयोजन किया गया। सम्मलेन में समाज के होनहारों को भी सम्मान से नवाजा गया। हाईस्कूल व इन्टर में प्रथम श्रेणी में पास हुए बच्चों को शील्ड देकर समान्नित किया गया। इस दौरान जनपद बुलंदशहर के स्याना से आये मुख्य अतिथि राजकुमार भुर्जी ने



समाज के लोगों से एकजुटता रहने का आव्हान किया। इस मौके पर कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप चंद्रवंशी, रतनलाल, लक्ष्मीनारायण, वेदप्रकाश चंद्रवंशी, बनवारी लाल, अमित चंद्रवंशी, पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन के उपाध्यक्ष आकाश शंकर, विनोद कुमार, दिनेश चंद्रवंशी, अन्नू चंद्रवंशी, अनुज कुमार, पंकज चंद्रवंशी, अंकुर चंद्रवंशी, लोकेंद्र मुनि, कुलदीप, बबली, रामलाल, जितेंद्र, राकेश कुमार, बोबी, मुन्ना लाल, कृष्ण कुमार, देवीलाल, दयाराम, अंशु चंद्रवंशी, राजा चंद्रवंशी, अर्जुन कुमार, बाबू चंद्रवंशी आदि रहे।

## प्रशासन को किया जाएगा सम्मानित

**शाहबाद।** वार्षिक सम्मेलन सकुशल निपटने पर कमेटी ने पुलिस-प्रशासन के लोगों को सम्मानित करने की बात कही। कमेटी के सदस्य वेदप्रकाश चंद्रवंशी ने बताया कि उपजिलाधिकारी हिमांशु उपाध्याय, क्षेत्राधिकारी हर्षिता सिंह , प्रभारी निरीक्षक पंकज पंत समेत कई अधिकारियों को इसलिए सम्मानित किया जाएगा, क्योकि उन्होंने मेले के आयोजन और सफलता के लिए सकारात्मक भूमिका निभाई।

# मां के नाम एक पेड़, अभियान के अंतर्गत किया पौधरोपण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** पर्यावरण संरक्षण और पारिवारिक मूल्यों को समर्पित "मां के नाम एक पेड़" अभियान के अंतर्गत रामपुर रोड स्थित अमृत सरोवर के चारों ओर व प्राचीन शिव मंदिर परिसर में अध्यक्षा प्रतिनिधि/स्वच्छता प्रेरक वसीम खान एवं डिप्टी कलेक्टर /अधिशासी अधिकारी कुमार संजय एवं नगर पंचायत के स्टाफ द्वारा वृक्षरोपण किया। इस अवसर पर स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति में भावनात्मक वातावरण बना। इस प्रेरणादायक पहल का उद्देश्य केवल हरियाली बढ़ाना नहीं, बल्कि मां के




प्रति सम्मान और प्रकृति के प्रति उत्तरदायित्व को जोड़ना भी है। इस अवसर पर लिपिक नवेद मियां, प्रभारी स्वच्छ भारत मिशन मुजीब मियां, कंप्यूटर ऑपरेटर रेहान अहमद लिपिक रिजवान खान सफाई नायक प्रमोद, शिव कुमार, हरपाल सिंह, रघुवीर एवं समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पुरानी रंजिश को लेकर की मारपीट, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** थाना क्षेत्र के गांव मोतीपुरा निवासी दिनेश शर्मा पुत्र चंद्र सैन ने कोतवाली में कुछ दिन पूर्व तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उसके बेटे अतुल कुमार अजय कुमार पुत्रगण श्री दिनेश चंद्र शर्मा खेत पर उड़द बोने गये थे तभी पुरानी रंजिश के चलते उनके दोनो पुत्रो पर गांव मोतीपुरा निवासी शिवम, निगम पुत्रगण अवधेश कुमार तथा अवधेश कुमार पुत्र चंद्र सैन शर्मा ने मिलकर लकड़ी काटने वाला बड़ा दरात से जान से मारने के इरादे से हमला कर दिया जिसकी वजह से मेरे दोनो पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गये जब उन्हें इस बात का पता लगा तो मे वहा पहुंचा तो इन लोगो ने उनपर पर भी हमला कर दिया व मुझे जान से मारने की कोशिश की शोर शराबा सुन कर राहगीरो ने बीच बचाव कराया जिसके कुछ प्रमाण मेरे छोटे नाती लक्ष्य पुत्र अतुल कुमार द्वारा बनाये गये वीडियो व फोटो मौजूद है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुक. दमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# प्रकृति से प्रेम करने वाली है हमारी संस्कृतिः पाल

## पिछड़ वर्ग राज्य आयोग के सदस्य ने रूद्राक्ष का पौधा लगाकर किया अभियान का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रजबपुर**। पिछड़ा वर्ग राज्य आयोग के उपाध्यक्ष सूर्य प्रकाश पाल ने कहा कि वेदों में भारत को मां की संज्ञा दी गई है। यह ऋषि-मुनियों की भूमि है। इसी के लिये हमे जीना व मरना है। वातावरण को शुद्ध बनाने के लिये हमें अधिक से अधिक पौधे लगाने है।

एक पौधा मां के नाम अभियान का पिछड़ा वर्ग राज्य आयोग के उपाध्यक्ष सूर्य प्रकाश पाल ने कन्या गुरूकुल महाविद्यालय चोटीपुरा में रूद्राक्ष का पौधा लगाकर शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश को हरा-भरा बनाने की जिम्मेदारी हम सभी की है। प्रत्येक व्यक्ति को अपनी मां को समर्पित करते हुए एक पौधा अवश्यक लगाना चाहिये। श्री पाल ने कहा कि वेदों में भारत को मां का दर्जा दिया गया है। यह ऋषि मुनियों की भूमि है। यह एक ऐसी संस्कृति है जहां सूर्य, चन्द्रमा, पशुओं व वृक्षों को देवता माना जाता है। गाय को माता की संज्ञा दी गई है और मां का दूध बच्चों के लिये अमृत के समान होता है। हम बहते हुए पानी को भी गंगाजल कहते है। परिवहन आयुक्त व नोडल अधिकारी बृजेश नारायण सिंह ने कहा कि आज जो वातावरण दूषित हो रहा है उसके लिये

**■ पौधे लगाकर उनकी देखभाल भी जरूरी**

सीधे तौर में हम ही जिम्मेदार है। हमें सावधान होना होगा तथा आने वाली पीढ़ी को बचाने के लिये पर्यावरण को बचाना होगा। उन्होंने सभी का आह्वान करते कहा कि अपने जीवन को सफल बनाने के लिये अधिक से अधिक पौधे लगाये। शिक्षक विधायक डा. हरि सिंह ढिल्लो ने कहा कि वृक्षों से हमें जीवन के लिये आक्सीजन मिलती है। इसके लिये हम सभी को अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिये। किताबों से दोस्ती तथा वृक्षों से प्यार करना चाहिये। मंडी धनौरा विधायक राजीव तरारा ने कहा कि वृक्षों के महत्व को समझना आज की जरूरत बन गया है। यह हमें सकारात्मक ऊर्जा देने के साथ स्वच्छ वातावरण भी प्रदान करते है। गुरूकुल की प्राचार्या सुमेधा ने कहा कि हम सभी को पौधारोपण करना होगा। यदि ऐसा न किया तो प्रकृति को दूषि होने से नहीं बचाया जा सकता। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि अभियान के तहत जो पौधे लगाये जा रहे है उनकी रक्षा करना भी हमारी जिम्मेदारी है। ताकि यह आगे चलकर पेड़ बने और पर्यावरण को स्वच्छ रखने में अपना सहयोग दें। उन्होंने बताया कि जिले को 38 लाख 46 हजार 600 पौधे लगाने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष उदय गिरी गोस्वामी, प्रभागीय डीएफओ सत्य प्रकाश सिंह, जिला विकास अधिकारी सरिता द्विवेदी, डीआईओएस प्रवेश यादव, चौधरी दिवाकर सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन डा. यतीन्द्र कटारिया ने किया।



■ रजबपुर। गुरूकुल चोटीपुरा में रूद्राक्ष का पौधा लगाते पिछड़ा वर्ग राज्य आयोग के उपाध्यक्ष सूर्य प्रकाश पाल।

# घरेलू क्लेश में युवक ने जहर खाकर जान दी


## बिना पुलिस को सूचना दिये अन्तिम संस्कार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। परिवार से विवाद होने पर युवक ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। जिसे गंभीर हालत में मुरादाबाद भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। घटना से घर में कोहराम मच गया। बिना पुलिस को सूचना दिये शव का अन्तिम संस्कार कर दिया गया।

मामला शहर कोतवाली क्षेत्र के एक एक मोहल्ले का है। यहां रहने वाले एक व्यक्ति का बीते कई दिन से परिजनों के साथ विवाद चल रहा था। इससे उनका 25 वर्षीय बड़ा बेटा काफी आहत था। जिसके चलते युवक ने सोमवार शाम घर में रखे जहर का सेवन कर लिया। उल्टी आते ही हालत बिगड़ने पर परिजन पहले तो उसे शहर के एक निजी अस्पताल ले गए लेकिन रिकवरी नहीं होते देख चिकित्सकों ने देर रात में उसे मुरादाबाद रेफर कर दिया। बुधवार सुबह उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। दोपहर में घर पहुंचे शव का परिजनों ने खामोशी से अंतिम संस्कार कर दिया। पुलिस को सूचना नहीं दी गई है।

# विधानसभा चुनावों में भाजपा की सत्ता से विदाई तयः कमाल



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला**। समाजवादी पार्टी के विधानसभा में मुख्य सचेतक व उत्तर प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री कमाल अख्तर का समाजवादी पार्टी पिछड़ा वर्ग के प्रदेश उपाध्यक्ष चौ.भूपेन्द्र सिंह के कार्यालय पर स्वागत किया गया। इस मौके पर मुख्य सचेतक कमाल अख्तर ने कहा कि आने वाले 2027 के चुनावों में समाजवादी पार्टी प्रदेश में सत्तारूढ़ भाजपा सरकार को सत्ता से विदाई देने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि आज भाजपा सरकार में महंगाई और अपराध बहुत बढ़ चुका है। समाजवादी पार्टी गांव, गरीब, किसान, मजदूर की दुख, परेशानी को सड़क से लेकर सदन तक उठाने का काम कर रही है और उनके अधिकारों की लड़ाई लड़ रही है। चौ.भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनावों में सपा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए देश की तीसरी सबसे पार्टी बनने का गौरव हासिल किया है। विधानसभा चुनावों में भी सपा की सरकार बनेगी। इस मौके पर सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. जितेन्द्र यादव, सतेन्द्र सिंह, अनिल कुमार, अमन सिरोही, नमन चौधरी आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### पौधों के बिना मानव जीवन अधूराः गुरेन्द्र



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। ब्लाक प्रमुख गुरेन्द्र सिंह ढिल्लो ने कहा कि जीवन में पौधों का विशेष महत्व है। गांव याहियापुर में मनरेगा योजना के अन्तर्गत 2000 पौधों का रोपण किया गया। जबकि शाहिदपुर, मियांबाकी में 1800 पौधे लगाये गये। इस दौरान ब्लाक प्रमुख गुरेन्द्र सिंह ढिल्लो ने कहा कि पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए पौधारोपण जरूरी है। प्रकृति आज हमसे बुरी तरह दुखी है। यही कारण है कि दैवीय आपदाएं बढ़ती जा रही हैं। बिना मौसम के बारिश को रही है। इन सबकी रोकथाम के लिए हमें अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए। कार्यक्रम में ब्रजभान सिंह भी मौजूद रहे।

### प्रकृति बचाने को करें पौधारोपण



**शाह टाइम्स ब्यूरो जोया**। एएसएम मॉडन एकेडमी में वृक्षारोपण किया गया। प्रबंधक वीरेन्द्र कुमार गुप्ता ने कहा कि हम सभी की जिम्मेदारी बनती है कि पर्यावरण को दूषित होने से बचायें। विकास के नाम पर जिस तेजी से पेड़ों का कटान किया जा रहा है उससे आने वाली पीढ़ी संकट में पड़ सकती है। हम सभी की जिम्मेदारी बनती है कि पौधे लगाकर बच्चों की तरह उनकी देखभाल करें। समय रहते यदि हम सचेत नहीं हुए तो आने वाला समय मानव जाति के लिए गंभीर खतरा लेकर आयेगा। इस मौके पर समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### भगवान राम के जीवन से प्रेरणा लेंः कपिल



**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर**। भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिये। क्योंकि उनका जीवन त्याग, धर्म और सेवा का प्रतीक है। हसनपुर क्षेत्र के गांव शेखूपुर झकड़ी स्थित स्वामी रामप्रसाद उदासीन समाधि ट्रस्ट के परिसर में चल रहे गुरु पूर्णिमा महोत्सव एवं श्रीराम कथा के भव्य आयोजन के दौरान, ट्रस्ट के मुख्य प्रबंधक एवं महामंडलेश्वर स्वामी कपिल मुनि महाराज ने राष्ट्र सेवी संगठन के संयोजक कृष्ण कुमार शर्मा को सम्मानित किया। उन्हें सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में उनकी ईमानदारी एवं सक्रिय भूमिका के लिए भगवान श्रीराम का पटका पहनाकर यह सम्मान दिया गया।

### अम्बेडकर विकास मंच ने किया पौधारोपण



**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर**। सरकार द्वारा चलाये जा रहे पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत एक पौधा मां के नाम के तहत अंबेडकर विकास मंच के पदाधिकारी ने बिजली घर के निकट कॉलोनी में पौधारोपण किया। इस अवसर पर अंबेडकर विकास मंच राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र सिंह आर्य, चंचल सागर, सुशील भगत जी, बृजपाल सिंह सदस्य राजेंद्र उर्फ गुड्डू सदस्य जिला अध्यक्ष डॉक्टर गजराज सिंह डॉ राजेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

# भाजपा नेता व पत्नी पर धोखाधड़ी की रिपोर्ट

## मकान निर्माण के बाद कंस्ट्रक्शन कम्पनी को नहीं दिये 39 लाख 68 हजार रुपये

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। मकान निर्माण पूरा होने के बाद कांट्रैक्ट कम्पनी का 39 लाख 68 हजार रूपये का भुगतान न करने में भाजपा नेता व पत्नी फंस गये हैं। कोर्ट के आदेश पर दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर सात दिन में तलब करने के आदेश दिये गये हैं।

शहर की आवास विकास कॉलोनी द्वितीय निवासी गौरव सिरोही की एम.एम डव्लपर्स एंड कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड के नाम से पंजीकृत फर्म है। उनकी फर्म ठेके पर मकान व नक्शा बनाने आदि का काम करती है। अक्तूबर 2020 में अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के मोहल्ला महम्दी की मंढैया निवासी भाजपा नेता सुरेंद्र सिंह की पत्नी मुनेश कौर ने गौरव सिरोही की फर्म से अपना मकान निर्माण कराने का अनुबंध किया था। तय शर्तो के मुताबिक गौरव ने मकान का निर्माण शुरू करा दिया। इसके बाद मुनेश कौर ने पहली किस्त में 2.50 लाख रुपये तथा दूसरी किस्त में 13.50 लाख रुपये का भुगतान किया। तीन साल यानि अक्तबूर 2023 में मकान का निर्माण लगभग पूरा हो गया। हिसाब के दौरान गौरव सिरोही का मुनेश कौर पर 39 लाख 68 हजार रुपये का भुगतान बकाया निकला। आरोप है कि बकाया रुपये का भुगतान करने को लेकर भाजपा नेता सुरेंद्र सिंह व उनकी पत्नी मुनेश कौर ने आनाकानी शुरू कर दी। ज्यादा दबाव बनाने पर बेटे की शादी में ज्यादा पैसे खर्च होने की बात कहकर कुछ समय बाद रुपये देने का वादा किया लेकिन इसके बावजूद भुगतान नहीं किया। आरोप है कि तकादा करने पर दोनों ने धोखाधड़ी कर पैसे हड़पने की बात कही तथा बेटे विश्वजीत व अन्य लोगों के साथ मिलकर गौरव सिरोही से मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित गौरव सिरोही ने शिकायत की लेकिन पुलिस ने मामले में कोई कार्रवाई नहीं की। लिहाजा, आखिर में उन्होंने अदालत की शरण ली। प्रार्थना पत्र पर सुनवाई के दौरान प्रस्तुत साक्ष्य के आधार पर सीजेएम डा.लकी ने मामले में शहर कोतवाली पुलिस को आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है। इतना ही नहीं कार्रवाई से जुड़ी रिपोर्ट सात दिन के भीतर अदालत में भी तलब की है।

# ककराली के कारपेंटर का फांसी पर लटका मिला शव

## कोलकाता में करने गया था काम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। गांव ककराली माफी निवासी कारपेंटर की कोलकाता में मौत हो गई। उसका शव कमरे में फंदे पर लटका मिला। मृतक ने एक घंटा पहले परिजनों से बातचीत भी की थी। सूचना मिलते ही परिजन कोल. काता के लिए रवाना हो गए हैं। युवक की मौत के पीछे क्या कारण रहे, फिलहाल इसका पता नहीं चल सका है।



मामला डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव ककराली माफी से जुड़ा है। यहां रोहदास सिंह का परिवार रहता है। परिवार में पत्नी मुनेश देवी के अलावा पांच बच्चे हैं। उनका तीसरे नंबर का 25 वर्षीय बेटा सरजीत सिंह कारपेंटर था जो कुछ दिन पहले ही गांव के रहने वाले ठेकेदार शेर सिंह के साथ मजदूरी के लिए कोलकाता गया था। सरजीत के अलावा क्षेत्र के दूसरे युवक भी ठेकेदार के साथ गए थे। सभी लोग कोलकाता के नरेंद्रपुरा क्षेत्र में किराए के मकान में रहते हैं। बुधवार दोपहर सरजीत सिंह ने अपने भाई को कॉल कर बात की, उसने भाई से किसी भी तरह का कोई जिक्र नहीं किया। परिवार वालों संग गांव का हाल-चाल जाना और कॉल काट दी। लेकिन, एक घंटा बाद ठेकेदार शेर सिंह ने परिजनों को कॉल कर सूचना दी कि सरजीत का शव कमरे में फंदे पर लटका हुआ मिला है। फांसी लगाकर उसने आत्महत्या कर ली है। वहीं, बेटे की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। आत्मघाती कदम उठाने के पीछे क्या कारण रहा, ये स्पष्ट नहीं हो सका हैं। डिडौली पुलिस को सूचना देने के बाद परिजन कोलकाता के लिए रवाना हो गए हैं।

# मारपीट में आठ को चार-चार माह की कैद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। मारपीट के मामले में कोर्ट ने आठ लोगों को चार-चार महीने जेल व प्रत्येक पर आठ हजार रूपये का जुर्माना भी लगाया है।

घटना 27 जून 2018 की घटना आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव कोकापुर की थी। घटना वाले दिन गांव की रहने वाली राजवती अपने पति और बेटियों के साथ खेत पर काम कर रही थी। उनके खेत में गांव के कुछ लोगों ने जबरन चकरोड निकाल रखी थी। राजवती ने आरोपियों से हल्का लेखपाल को बुलाकर पैमाइश करने के लिए बोला तो उन्होंने गाली-गलौज करते हुए राजवती, उनके पति राजू और बेटियों के साथ मारपीट की। बाद में आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। मामले में पुलिस ने गांव के रहने वाले हरिदास, जीतपाल, प्रेमद. ास, महिपाल, विजय, राजेंद्र, सिकंदर व रवि के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। मामला अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विशेष एससी-एसटी एक्ट संजय चौधरी की अदालत में विचाराधीन चल रहा था। मंगलवार को अदालत में इस मुकदमे की आखिरी सुनवाई हुई। पत्रावली के अवलोकन व साक्ष्य के आधार पर अदालत ने सभी को मारपीट में दोषी करार दिया। चार-चार महीने जेल की सजा सुनाई तथा आठ हजार रुपये का जुर्माना लगाया।



■ उझारी। नदीम की मौत पर विलाप करते परिजन।

# सांड की टक्कर से किसान की मौत

## बाइक से बरसात के दौरान मक्का ढकने जा रहा था

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उझारी**। नगर के मोहल्ला मनसूरपुर का रहने वाला नदीम पुत्र हाजी कल्लन 36 वर्ष मंगलवार की शाम लगभग 9 बजे बारिश के डर से बाईक से मक्का ढकने घेर पर गया था रास्ते में आवारा साड ने टक्कर मार दी जिससे नदीम घायल हो गया

थाना सैद नगली के नगर पंचायत उझारी के मोहल्ला मनस. ूरपुर का रहने वाला नदीम पुत्र हाजी कल्लन 36 वर्ष मंगलवार की शाम लगभग 9 बजे हलकी बारिश पडने लगी नदीम की मक्का टैक्टर ट्राली में थी नदीम घर से बाईक से तिरपाल लेकर मक्का ढकने के लिए घर से घेर के लिए बाइक से निकला रास्ते में आवारा साड ने बाइक सवार नदीम को टक्कर मार दी जिससे नदीम गम्भीर रूप से घायल हो गया परिजन आनन-फानन में निजी चिकित्सा के यहाँ ले गए डाक्टर ने गम्भीर हालत देख मुरादाबाद को रेफर कर दिया लेकिन रास्ते में ही नदीम 36 की मौत हो गई नदीम मेहनत मजदूरी कर बच्चों का पालन पोषण करता था खबर लगते ही घर में कोहराम मच गया पूरे मोहल्ले में गम का मातम छा गया नदीम अपने पीछे 6 बच्चों को छोड़ गया जिसमें 4 बेटे व 2 बेटी बड़ा बेटा मौ शाद 14 वर्ष मौ सेफूल 12 मौ अफफान 6 वर्ष मौ हस्सान वर्ष बेटी आफिया वर्ष हूदा 4 वर्ष, पत्नी राजदा का रो रो के बुरा हाल ह।



# पति समेत पांच के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। पति ने पत्नी के साथ मारपीट की। बीच बवाच को आयी बेटियों को भी नहीं बख्शा। पति समेत पांच रिश्तेदारों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है।

घटना शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला सद्दो की है। यहां रहने वाले अजादार हैदर की बीती दो जुलाई की सुबह किसी बात को लेकर अपनी पत्नी शाहीन फात्मा से कहासुनी हो गई थी। आरोप है कि दंपति के बीच चल रहे झगड़े के दौरान अचानक घर पहुंचे मोहल्ला पचदरा के रहने वाले कसीम व वसीम तथा मोहल्ला सद्दो के रहने वाले शानदार हैदर व आमिर भी कूद पड़े। अजादार हैदर ने आरोपियों के साथ मिलकर पत्नी से मारपीट की, मां के बचाव में आईं बेटियां भी घायल हो गईं। पीड़ित शाहीन फात्मा ने शहर कोतवाली में आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए तहरीर दी थी। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने मामले में अजादार हैदर, कसीम, वसीम, शानदार हैदर व आमिर के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज व धमकी देने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

# हरियाणा सरकार के खिलाफ भड़के कांग्रेसी

## राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन कलेक्ट्रेट में सौंपा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। हरियाणा में गुर्जर समाज के घरों को तोड़े जाने के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं में कलेक्ट्रेट में जोरदार प्रदर्शन कर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा।

जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह कटारिया ने कहा कि फरीदाबाद के ऐतिहासिक गांव अनंगपुर में हरियाणा सरकार और जिला प्रशासन ने जंगल की जमीन बताकर गुर्जर समाज के घरों को तोड़ दिया है। गांव का इतिहास क रीब 800 साल पुराना है। यह गुर्जर सम्राट अनंगपाल तोमर द्वारा बसाया गया था। आज, बारिश के मौसम में लोग खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हैं। कांग्रेस ने इस कार्रवाई की तुलना अंग्रेजी शासन से की। जिलाध्यक्ष ने कहा कि गुर्जर समाज का इतिहास त्याग और वीरता से भरा है। देश पर संकट के समय इस समाज ने हमेशा अगि म पंक्ति में रहकर कुर्बानी दी है। हरियाणा सरकार को बर्खास्त करने और तोड़े गए घरों के पुनर्निर्माण की मांग की गई। इस दौरान पूर्व जिला अध्यक्ष चौधरी सुखराज सिंह, पूर्व शहर अध्यक्ष फैज आलम राईनी, मयंक कुमार गुर्जर, मनोज कटारिया, उदय सिंह, शमशाद अली सैफी, वाहिद अली सैफी, अली इमाम रिजवी, मोहसिन अली, मुशर्रफ खान, इशरत अली, शहाबुद्दीन सैफी, इकबाल अंसारी, तालिब इदरीसी, शमीम अब्बासी, मंगल सिंह गुर्जर आदि मौजूद रहे।



# 'एडवांटेज लॉर्ड्स' के लिए उतरेंगे भारत-इंग्लैंड

- इंग्लैंड ने लॉर्ड्स में होने वाले तीसरे टेस्ट के लिए तेज और उछाल भरी पिच की मांग की
- तीसरे मुकाबले में भारत को अपने ट्रंप कार्ड बुमराह की वापसी से मजबूती मिलेगी

**लंदन, वार्ता।** भारत और इंग्लैंड सीरीज में 1-1 की बराबरी हो जाने के बाद गुरुवार से ऐतिहा. सिक लॉर्ड्स मैदान पर होने वाले तीसरे टेस्ट मैच में 'एडवांटेज लॉर्ड्स' के लिए उतरेंगे। जीतने वाली टीम को सीरीज में 2-1 की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल हो जायेगी। पहला टेस्ट हारने के बाद भारतीय टीम ने दूसरे टेस्ट में जबरदस्त वापसी करते हुए रनों के लिहाज से 336 रन से विदेशी जमीन पर अपनी सबसे बड़ी जीत हासिल की थी। द

ूसरा मैच हारने के बाद इंग्लैंड की टीम भी वापसी करने के लिए बेताब होगी और इसके लिए उसने लॉर्ड्स में तेज और उछाल वाली पिच रखने को अपना लक्ष्य बनाया है। इंग्लैंड ने लॉर्ड्स में होने वाले तीसरे टेस्ट के लिए तेज और उछाल भरी 'जीवंत पिच' की मांग की है। इंग्लैंड के कोच ब्रेंडन मैकुलम का मानना है कि एजबस्टन में तैयार की गई 'उपमहाद्वीप जैसी' पिच और टॉस पर गें. दबाजी चुनने का इंग्लैंड का फैसला भारत के पक्ष में गया। वे गुरुवार से शुरू हो रहे तीसरे टेस्ट में घरेलू हालात का बेहतर फायदा उठाने की कोशिश करेंगे। वे अपने तेज गेंदबाजी आक्रमण में बदलाव करने पर भी विचार कर रहे हैं क्योंकि इन गेंदबाजों को पिछले दो टेस्ट के दौरान मैदान पर काफी मेहनत करनी पड़ी है। इस मैच में तेज गेंदबाजों जोफ आर्चर और गस ऐटकिंसन की इंग्लिश टीम में वापसी हो सकती है। हैमस्ट्रिंग खिंचाव के बाद एटकिंसन की कमी इंग्लैंड को खली है और उनकी रिकवरी उम्मीद से ज्यादा लंबी रही है। लेकिन उन्हें तीसरे टेस्ट के लिए 16 सदस्यीय दल में शामिल किया गया है, जिसमें आर्चर, सैम कुक और जैमी ओवर्टन भी अतिरिक्त तेज गेंदबाज के रूप में हैं। एटकिंसन का लॉर्ड्स में शानदार रिकॉर्ड रहा है और उन्होंने यहां दो टेस्ट में एक शतक के साथ-साथ 19 विकेट भी लिए हैं। भारत के तेज गेंदबाजों मोहम्मद सिराज और आकाशदीप सिंह ने दूसरे टेस्ट में शानदार गेंदबाजी करते हुए कुल 17 विकेट लिए थे। सिराज ने पहली पारी में छह विकेट और आकाशदीप ने दूसरी पारी में छह विकेट झटके थे। उनके प्रदर्शन ने भारत की जीत के लिए आधार तैयार किया था। तीसरे मुकाबले में भारत को अपने ट्रम्प कार्ड जसप्रीत बुमराह की वापसी से मजबूती मिलेगी। बुमराह ने पिछली बार 24 जून को हेडिंग्ले टेस्ट के दौरान गेंदबाजी की थी। उस टेस्ट में उन्होंने कुल 43-4 ओवर फेंके थे। उस दौरान उन्होंने पहली पारी में पांच विकेट लिए और दूसरी पारी में विकेट रहित रहे। कमर की परेशानी को देखते हुए उन्हें एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में पांच में से तीन टेस्ट खेलने की सलाह दी गई थी। इसी वजह से उन्होंने बर्मिंघम में खेले गए दूसरे टेस्ट से बाहर रहने का फैसला किया। इस फैसले की काफी आला. ेचना हुई, क्योंकि कई लोगों को डर था कि भारत 0-2 से पीछे हो सकता है। एक अनुभवहीन तेज गें. दबाजी आक्रमण के साथ इंग्लैंड को फायदा मिलने के काफी आसार थे। लेकिन वो आशंका ग़लत साबित हुई। भारत ने बर्मिंघम में दबदबे वाली जीत के साथ सीरीज 1-1 से बराबर कर दी। इसके बाद शुभमन गिल की अगुवाई में भारतीय टीम मंगलवार को लॉर्ड्स में अपने पहले अभ्यास सत्र के लिए एक सहज और आत्मविश्वासी माहौल में पहुंची। सबसे ज्यादा सहज बुमराह दिखे, जो इंग्लैंड दौरे की शुरुआत से ही अभ्यास सत्रों में चुलबुले और मजाकिया मूड में रहे हैं। लेकिन गेंद हाथ में आते ही बुमराह की गंभीरता और तीव्रता में कोई कमी नहीं थी। उन्होंने बिना कोई ब्रेक लिए लगभग एक घंटे तक गेंदबाजी की। उन्हें इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ा कि कई प्रमुख भारतीय बल्लेबाज वैकल्पिक अभ्यास सत्र से आराम पर थे। गैरहाजिर खिलाड़ियों में शुभमन गिल, केएल राहुल, यशस्वी जायसवाल, ऋषभ पंत, वॉशिंगटन सुंदर, मोहम्मद सिराज और आकाश दीप शामिल थे। लेकिन बुम. राह ने करुण नायर, बी- साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन और ध्रुव जुरेल की तकनीक और धैर्य की कड़ी परीक्षा ली। बल्लेबाजी में फिलहाल भारत का मजबूत पक्ष है। यशस्वी जायसवाल, राहुल और कप्तान शुभमन गिल की तिकघी एक बार फिर रनों का अम्बार लगाने के लिए तैयार है। ऋषभ पंत इस त्रिकोण में चौथे कोण का काम करते हैं। गिल ने दूसरे टेस्ट में पहली पारी में 269 रन और दूसरी पारी में 161 रन बनाए थे। पंत ने पहले टेस्ट की दोनों पारियों में शतक बनाए थे। रवींद्र जडेजा दूसरे टेस्ट में दोनों पारियों में अर्धशतक बनाकर मध्य क्रम में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इस बार मौसम का पूर्वानुमान ठीक-ठाक है, तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की उम्मीद है।



## अल्काराज-अनिसिमोवा विंबलडन के सेमीफाइनल में

- अल्काराज ने 1:39 मिनट चले मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए नोरी को हराया

**लंदन, वार्ता।** गत विंबलडन चैंपियन कार्लोस अल्काराज ने ब्रिटेन के कैमरन नॉरी को और महिला वर्ग में अमेरिका की अमांडा अनि. सिमोवा ने अनास्तासिया पाव्लुचेनकोवा को हराकर टूर्नामेंट के सेमीफाइल में प्रवेश किया। सेंटर कोर्ट में खेले क्वार्टर फाइनल में अल्काराज ने एक घंटे 39 मिनट तक चले मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए नॉरी को 6-2, 6-3, 6-3 से सेमीफाइनल में जगह पक्की की। अल्काराज अब सेमीफाइनल में अमेरिकी टेलर फिट्ज से मुकाबला करेंगे एक नंबर कोर्ट पर खेले गए मुकाबले में अमांडा अनिसिमोवा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक नाटकीय क्वार्टर फाइनल मुक. ाबले में रूस की अनास्तासिया पाव्लुचेनकोवा को 6-1, 7-6(9) से हराकर पहली बार विंबलडन सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

23 वर्षीय अमेरिकी खिलाड़ी पहले सेट में दबदबा बनाने और दूसरे सेट में 5-2 से आगे होने के बाद सीधी जीत की ओर अग्रसर दिख रही थीं। लेकिन मैच उस समय रोमांच पैदा हो गया जब बीमारी और थकान से जूझ रही पाव्लुचेनकोवा ने जोरदार वापसी की। रूसी खिलाड़ी ने कई मैच पॉइंट बचाए और सेट को रोमांचक टाई-ब्रेकर में पहुँचा दिया। अनिसिमोवा ने आखिरकार अपने चौथे मैच पॉइंट पर 10-9 के स्कोर पर शानदार रिटर्न के साथ मैच अपने नाम कर लिया। अनि. सिमोवा अब सेमीफाइनल में नंबर 1 वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका से भिड़ेंगी।

## रैंकिंग में छठे स्थान पर पहुंचे गिल

- दूसरे टेस्ट में अपने जबरदस्त प्रदर्शन की बदौलत 15 पायदान उपर चढ़कर टेस्ट रैंकिंग में छठे स्थान पर पहुंच गए है शुभमन गिल

**दुबई, वार्ता।** भारतीय टीम के कप्तान शुभमन गिल इंग्लैंड के खिलाफ बर्मिंघम में दूसरे टेस्ट में अपने जबरदस्त प्रदर्शन की बदौलत 15 पायदान ऊपर चढ़कर टेस्ट रैंकिंग में छठे स्थान पर पहुंच गए है। वहीं इंग्लैंड के बल्लेबाज हैरी ब्रूक हमवतन जो रूट को पछाड़ कर शीर्ष पर पहुंच गए हैं। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ओर से जारी ताजा टेस्ट रैंकिंग के अनुसार एजबस्टन में पहली पारी में 158 रन बनाने वाले इंग्लैंड के बल्लेबाज हैरी ब्रूक ने अपने साथी जो रूट को पछाड़ कर जगह शीर्ष स्थान हासिल किया है और अब रूट से 18 अंक आगे हो गए हैं।

जो रूट अब दूसरे स्थान पर खिसक गए हैं। दूसरे टेस्ट में 269 और 161 रनों की ऐतिहासिक पारियां खेलने वाले भारतीय टेस्ट कप्तान शुभमन गिल 15 स्थान ऊपर चढ़कर छठे स्थान पर पहुंच गए हैं। यह उनके करियर के सर्वश्रेष्ठ 807 रेलटग अंक हैं।




इसके अलावा केन विलियमसन (तीसरे), यशस्वी जायसवाल (चौथे) और स्टीवन स्मिथ (पांचवें) हैं। अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ नाबाद 184 रनों की पारी खेलने वाले इंग्लैंड के विकेटकीपर-बल्लेबाज जेमी स्मिथ को भी फायदा हुआ है, वह 16 पायदान ऊपर चढ़कर 10वें नंबर पर पहुंच गए। जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे टेस्ट में नाबाद 367 रन की विशाल पारी खेलने वाले दक्षिण अफ्रीका ऑलराउंडर वियान मुल्डर को बल्लेबाजों और ऑलराउंडरों, दोनों की रैंकिंग में फायदा हुआ है।

## लॉर्ड्स टेस्ट के लिए इंग्लैंड ने जोफ्रा आर्चर को टीम में बुलाया

- भारत से मिली हार के बाद इंग्लैंड ने टीम में बदलाव करते हुए जोश टंग की जगह आर्चर को बुलाया

**लॉर्ड्स, वार्ता।** इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ गुरुवार से शुरु होने वाले तीसरे टेस्ट मैच के लिए तेज गेंदबाज जोफ आर्चर को टीम में वापस बुलाया है। कोहनी और पीठ की चोटों के कारण करीब साढ़े चार साल से सीमित ओवरों के मुकाबलों में खेल रहे जोफ आर्चर को कल लॉर्ड्स में होने वाले मैच के लिए इंग्लैंड की टेस्ट टीम शामिल किया गया है। इंग्लैंड ने पिछले हफ्ते भारत से मिली 336 रनों से करारी हार के बाद टीम में एक बदलाव करते हुए जोश टंग की जगह जोफ्रा आर्चर को टीम में शामिल किया है। टंग इस सीरीज में 11 विकेट लेकर सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। पिछले महीने उन्होंने ससेक्स के लिए 18 ओवर गें. दबाजी करके प्रथम श्रेणी क्रिकेट में वापसी की और उन्हें भारत के खिलाफ उसी मैदान पर होने वाली इंग्लैंड टीम में शामिल किया गया है जहां उन्होंने छह साल पहले अपना टेस्ट पर्दापण किया था।

इंग्लैंड की टीमः जैक ,डकेट,ब्रूक ओली,रूट,स्टोक्स (कप्तान), जेमी (विकेटकीपर), ब्राइडन कार्स, क्रिस, जोफ्रा और शोएब बशीर।

## उत्तर प्रदेश ने चंड़ीगढ़ को हराया, महाराष्ट्र पंजाब मैच रहा ड्रा

**रांची, वार्ता।** पंद्रहवीं हॉकी इंडिया सब जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025 के सातवें दिन बुधवार को जहां उत्तर प्रदेश ने चंडीगढ़ के खिलाफ शानदार प्रदर्शन कर जीत हासिल की, वहीं महाराष्ट्र बनाम पंजाब का मैच ड्रॉ रहा। यहां खेले गए दिन के पहले मैच में महाराष्ट्र ने समूह 'ए' में पंजाब के साथ 1-1 से ड्रॉ खेला। महाराष्ट्र के लिए अन्वी रावत ने (35वें मिनट) गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। इसके दो मिनट बाद ही पंजाब की सलोनी ने गोलकर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। इसके बाद दोनों टीमें गोल करने में विफल रही और मैच ड्रॉ पर समाप्त हुआ। अगले मैच में उत्तर प्रदेश ने समूह 'ए' में चंडीगढ़ को 4-0 से हराया। उत्तर प्रदेश के लिए रैना ने 34वें, 48वें, 59वें मिनट में गोल की हैट्रिक लगाकर शीर्ष गोल का खिताब अपने नाम किया।

### संक्षिप्त खेल समाचार

## चोटिल हसरंगा बांग्लादेश के खिलाफ टी-20 सीरीज से हुए बाहर

**कैंडी, वार्ता।** श्रीलंका के शीर्ष स्पिनर वानिंदु हसरंगा चोट के कारण बांग्लादेश के खिलाफ शुक्रवार से शुरु होने वाली टी-20 सीरीज से बाहर हो गए है। बांग्लादेश के खिलाफ पहले एकदिवसीच मैच में श्रीलंका को मैच में वापसी दिलाने हसरंगा आखिरी एकदिवसीय मैच के दौरान चोटिल हो गए थे। मेजबान टीम श्रीलंका ने यह एकदिवसीय सीरीज 2-1 से जीती ली थी। हसरंगा के स्थान पर अभी तक किसी अन्य खिलाड़ी का चयन नहीं किया गया है। वह कोलंबो लौटकर हाई परफॉर्मेंस सेंटर में अपनी रिहैबिलिटेशन प्रक्रिया शुरू करेंगे। चरित असालंका टीम की कप्तानी करेंगे।

## चोटिल फिन एलन जिम्बाब्वे में होने वाली त्रिकोणीय श्रृंखला से बाहर

**वेलिंगटन, वार्ता।** न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज फिन एलन चोट के कारण दक्षिण अफ्रीका और जिम्बाब्वे के साथ होने वाली आगामी त्रिकोणीय से बाहर हो गए है। एलन को अमेरिका में मेजर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट में सैन फांसिस्को यूनिकॉर्न्स के लिए खेलते समय पैर में चोट लगी। उन्हें आगे की जाँच के लिए न्यूजीलैंड भेजा जाएगा।

चोट के कारण 26 वर्षीय एलन 14 जुलाई से शुरू होने वाली मेजबान जिम्बाब्वे और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाली त्रिकोणीय श्रृंखला के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। न्यूजीलैंड एलन की जगह किसी खिलाड़ी के नाम की घोषणा करेगा। जिम्बाब्वे में त्रिकोणीय श्रृंखला में न्यूजीलैंड का पहला मैच 16 जुलाई को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ है।

## सीरीज जीतने का प्रयास करेगी हरमनप्रीत एंड कंपनी




- मेनचेस्टर की पिच पारंपरिक रूप से सीम मूवमेंट देती है लेकिन टी-20 में बल्लेबाजी के लिए अच्छी है

**मैनचेस्टर, वार्ता।** भारत और इंग्लैंड की महिला टीमों के बीच मैनचेस्टर में 9 जुलाई को होने वाला मुकाबला इतिहास का हिस्सा बनने जा रहा है। 2012 के बाद पहली बार ओल्ड ट्रेफर्ड मैदान पर कोई महिला टी-20 खेला जाएगा, और भारत पहली बार इस मैदान पर कदम रखेगा। सीरीज के पहले तीन मैचों में रोमांच बना रहा है, लेकिन चौथे मुकाबले में पिच, मौसम और दबाव - तीनों का मिजाज अलग होगा। अगर भारत यह मैच जीतता है तो सीरीज उनके नाम हो जायेगी, वहीं अगर इंग्लैंड जीतता है तो सीरीज बराबर पर आ जाएगी।

मैनचेस्टर की पिच पारंपरिक रूप से सीम मूवमेंट देती है, लेकिन टी-20 में यह बल्लेबाज़ी के लिए अच्छी भी रही है। ऐसे में टॉस अहम भूमिका निभाएगा। यदि बादल छाए रहे, तो पहले गेंदबाजी का फैसला लिया जा सकता है। अक्सर इंग्लैंड की टीम घरेलू परिस्थितियों में मजबूत रही है, लेकिन भारत ने पिछले मुकाबलों में दिखाया है कि वो तेज गेंदबा. जों के सामने टिक सकती है। शेफाली वर्मा और स्मृति मंधाना की सलामी जोड़ी अगर रंग में आ जाए तो इंग्लैंड की गेंदबाजी की परीक्षा होनी तय है। दूसरी ओर, इंग्लैंड पिछले मैच में सलामी जोड़ी द्वारा 137 रनों की साझेदारी के बावजूद नौ विकेट के नुकसान पर 171 रन ही बना पाई थी। ऐसे में नियमित कप्तान नैट सिवर-ब्रंट की अनुपस्थिति में कार्यवाहक कप्तान टैमी बोमॉन्ट और एमी जोंस पर इंग्लैंड के मध्य क्रम की जिम्मेदारी होगी। भारत इस सीरीज में काफ़ी अच्छी लय में रहा है। इसी कारण से उनकी टीम में शायद ही कोई बदलाव हो। साथ ही इंग्लैंड ने भी अपना पिछला मुकाबला जीता था, वह भी अपनी टीम में कोई बदलाव नहीं करना चाहेगा।

## रैना आईएससीएल के ब्रांड एंबेसडर बने

**बेंगलुरु, वार्ता।** पूर्व भारतीय क्रिकेट स्टार सुरेश रैना को इंडियन सॉफ्टबॉल क्रिकेट लीग (आईएससीएल) का आधिकारिक एंबेसडर नियुक्त किया गया है। रैना ने कहा कि मैं जमीनी स्तर के क्रिकेट की अपार संभावनाओं में विश्वास करता हूँ। यहीं से सपनों की शुरुआत होती है और मैं इस लीग का हिस्सा बनकर उत्साहित हूँ जो देश भर की प्रतिभाओं को सामने लाती है। संस्थापक और अध्यक्ष डॉ-गंगाधर राजू के नेतृत्व में इस अभूतपूर्व पहल के माध्यम से रैना का लक्ष्य महत्वाकांक्षी खिलाड़ियों को सामने लाना है। आईएससीएल के पहले सीजन में 32 टीमें विभिन्न भारतीय राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों का प्रतिनिधित्व करेंगी, जो



क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व के लिए डिजाइन किए गए फेंचाइजी-आधारित मॉडल में होंगी। 29 करोड़ रुपये के कुल निवेश के साथ, लीग का लक्ष्य एक मजबूत प्रतिस्पर्धा संरचना स्थापित करना है जो महत्वपूर्ण ध्यान और भागीदारी को आकर्षित करे। इंडियन सॉफ्टबॉल क्रिकेट लीग 1 दिसंबर से 29 दिसंबर, 2025 के बीच मुख्य रूप से बेंगलुरु के आचार्य स्टेडियम में होगा।

## भारत 'ए' ने हॉकी में आयरलैंड को हराया

- भारत 'ए' पुरुष हॉकी टीम ने अपने यूरोप दौरे की शानदार शुरुआत करते हुए आयरलैंड को 6-1 से हराया

**नीदरलैंड, वार्ता।** भारत ए पुरुष हॉकी टीम ने आयरलैंड पर 6-1 की शानदार जीत के साथ अपने यूरोप दौरे की शुरुआत की। ओरांजे-रूड हॉकी क्लब में मंगलवार को खेले गए मुकाबले में भारतीय टीम ने चारों क्वार्टर में शानदार प्रदर्शन किया।

उत्तम सिंह ने गोलकर भारतीय टीम को बढ़त दिलाई। अमनदीप लाकड़ा ने गोल दागकर टीम की बढ़त को दोगुना कर दिया। इसके बाद आदित्य लालगे ने लगातार दो गोल दागकर शानदार प्रदर्शन किया। फॉरवर्ड सेल्वम कार्थी और बॉबी सिंह धामी ने भी एक-एक गोल दागकर स्कोर में योगदान दिया। भारत की मजबूत रक्षापंक्ति के आगे आयरलैंड एकमात्र सांत्वना गोल कर सका। भारतीय टीम अपने दूसरे मैच मे आयरलैंड से भिड़ेगी।

इसके बाद, वे अगले दो हफ्तों में भारत फ्रांस, इंग्लैंड, बेल्जियम और मेजबान नीदरलैंड्स के खिलाफ खेलेंगा।



### आरटीए के करन सिंह बने भारत के नंबर-2 रैंक वाले खिलाड़ी

**चंडीगढ़, वार्ता।** राउंडग्लास टेनिस अकादमी के करन सिंह ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल करते हुए नवीनतम एटीपी रैंकिंग में वर्ल्ड नंबर 426 का स्थान प्राप्त किया है। इसके साथ ही वह भारत के दूसरे नंबर के एकल खिलाड़ी बन गए हैं, भारत के नंबर 1 सुमित नागल (वर्ल्ड नंबर 307) के ठीक पीछे।

## ज्योति सुरेखा वेन्नम-ऋषभ यादव ने कंपाउंड मिक्सड टीम में तोड़ा विश्व रिकॉर्ड

**स्पेन, वार्ता।** एशियाई खेलों की चैंपियन ज्योति सुरेखा वेन्नम और ऋषभ यादव ने तीरंदाजी विश्व कप 2025 स्टेज 4 में कम्पाउंड मिक्स्ड टीम स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए डेनमार्क के तंजा गेलेन्थियन और माथियास फुलरटन द्वारा यूरोपियन गेम्स 2023 में बनाए रिकार्ड को तोड़ दिया। वाल्हेर्मोसो स्टेडियम में हुए मुकाबले में ज्योति और ऋषभ ने व्यक्तिगत तीरंदाजी स्पर्धा के क्वालीफाइंग राउंड में व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ स्कोर के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। यादव ने 85 तीरंदाजों के बीच शुरू हुई स्पर्धा में अंत तक नेतृत्व करते हुए 716 अंक बनाए, वहीं ज्योति सुरेखा वेन्नम ने 715 अंक हासिल किए। ज्योति और ऋषभ ने मिलकर कुल 1431 अंकों का स्कोर बनाया, जो कि डेनमार्क के तंजा गेलेन्थियन और माथियास फुलरटन द्वारा यूरोपियन गेम्स 2023 में बनाए गए पिछले मिक्स्ड टीम वर्ल्ड रिकॉर्ड (1429 अंक) से बेहतर रहा। हालांकि, व्यक्तिगत कम्पाउंड विश्व रिकॉर्ड 718 अंकों पर बरकरार है। यादव ने विश्व आर्चरी के साथ हुए एक साक्षात्कार में कहा, ह्यह बेहद खास है क्योंकि कम्पाउंड मिक्स्ड टीम स्पर्धा को हाल ही में ओलंपिक गेम्स में शामिल किया गया है और हम समय के साथ




ऐसी छोटी-छोटी उपलब्धियां हासिल कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि यादव और ज्योति ने सेंट्रल फ्लोरिडा में सीजन के पहले टूर्नामेंट में मिक्स्ड टीम स्वर्ण पदक जीता था। भारत ने पुरुष और महिला टीम स्पर्धाओं में भी शीर्ष सीड़िग हासिल की। प्रियांश (710), अमन सैनी (709) और ऋषभ यादव के 716 अंकों ने भारत को पुरुष टीम स्टैंड़िग में 2135 अंकों के साथ शीर्ष स्थान पर पहुंचा दिया। वे तुर्की (2127) और दक्षिण कोरिया (2124) से आगे रहे। ज्योति (715), परनीत कौर (702) और पर्दापण कर रहीं 16 वर्षीय पृथिका प्रदीप (699) ने भारत को महिला टीम में 2116 अंकों के साथ शीर्ष सीड़िग दिलाई। वे मेक्सिको (2108) और दक्षिण कोरिया (2095) से आगे

# ब्रिक्स देशों को धमकी

अमेरिका फर्स्ट की नीति को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पर पूरी तरह से एक तरह का भूत सवार है। वह किसी भी मंच से अमेरिका की जरा सी भी आलोचना को सहन करने के लिए बिल्कुल भी तैयार नहीं हैं। अब तो उन्होंने ब्रिक्स देशों को ही सीधे निशाने पर ले लिया है और उनको एक अगस्त से दस प्रतिशत एक्सट्रा टैरिफ लगाने की धमकी दे डाली। गत रविवार को हुई ब्राजील में ब्रिक्स देशों की बैठक में ट्रम्प की व्यापार नीति को लेकर आलोचना की गई थी। चीन ने तो खुलकर यह कहकर विरोध किया था कि व्यापार समानता पर आधारित होना चाहिए और इसमें किसी भी देश की एकतरफा मनमानी नहीं होनी चाहिए। अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष को लेकर भी अमेरिका की आलोचना की गई थी कि वह उसके दबाव में काम करता है। जाहिर है, डोनाल्ड ट्रम्प यह आलोचना नहीं सुनने वाले और उन्होंने अब सीधे तौर से ब्रिक्स पर ही हमला बोल दिया और कहा कि ब्रिक्स ग्रुप अमेरिकी डॉलर को कमजोर करने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने यहां तक कह डाला कि ब्रिक्स हमें नुकसान पहुंचाने और हमारे डॉलर को कमजोर करने के लिए ही बनाया गया था। ट्रम्प ने धमकी दे डाली कि जो ब्रिक्स के सदस्य देश हैं, उनको दस फीसदी टैरिफ देना होगा।

इससे अमेरिका डॉलर की ताकत बनी रहेगी और इसे चुनौती देने वालों को बड़ी कीमत चुकानी होगी। वह यह कहने से भी नहीं चूके कि डॉलर राजा है। हम इसे ऐसे ही रखेंगे। उन्होंने सदस्य देशों को चेताते हुए कहा कि अगर लोग इसे चुनौती देना चाहते हैं, तो वह कर सकते हैं, लेकिन उन्हें बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी। वह दंभई अंदाज में यह भी बोल गए कि उन्हें नहीं लगता कि उनमें से कोई वह कीमत चुकाने के लिए तैयार है। भारत भी इस ब्रिक्स का सदस्य होने के चलते ट्रम्प की इस धमकी के दायरे में आ गया। ट्रम्प ने साफ कहा कि भारत को भी दस फीसदी टैरिफ देना होगा। किसी को कोई छूट नहीं दी जाएगी। हालांकि ट्रम्प ने भारत के साथ व्यापार की बात को भी स्वीकारा और आशा जताई कि इस महीने ही या उनकी भारत यात्रा के दौरान एक व्यापारी समझौता हो सकता है और 2030 तक दोनों देश आपसी ट्रेड को 500 डॉलर तक पहुंचा देना चाहते हैं। उन्होंने अपनी टैरिफ नीति का बचाव करते हुए कहा कि अब तक सौ अरब डॉलर से ज्यादा का टैरिफ जमा हो चुका है। उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन पर भी हमला बोला और कहा कि पिछली बार जैसा मूर्ख राष्ट्रपति होता तो अमेरिकी लोगों का स्टैंडर्ड गिर जाता। ट्रम्प ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा कि 1 अगस्त 2025 से टैरिफ लागू होंगे और इसमें कोई बदलाव या छूट नहीं होगी। हालांकि उन्होंने हमेशा की तरह यह जरूर कहा कि अगर कोई देश उनसे अलग से बात करना चाहता है, तो उसके साथ अलग से डील हो सकती है। जाहिर है ट्रम्प के इस कदम से दुनियाभर का व्यापार प्रभावित होगा। जैसाकि कहा जाता है कि ट्रम्प खुद एक बड़े व्यापारी हैं इसलिए व्यापार पर जोर दे रहे हैं, जोकि स्वाभाविक भी है, लेकिन जिस तरह का ट्रम्प आचरण कर रहे हैं और दूसरे देशों पर एक तरह से अपने फैसले थोंप रहे हैं, यह विश्व बिरादरी के लिए अच्छे लक्षण नहीं हैं।

## ये गरीबों का वोट छीनने का तरीका



जैसे महाराष्ट्र का चुनाव चोरी किया गया था, वैसे ही बिहार के चुनाव को चुराने की साजिश रची जा रही है, इलेक्शन कमिश्नर भाजपा और आरएसएस नेताओं की तरह बात करते हैं, भाजपा पता चल गया है कि हमने महाराष्ट्र मॉडल समझ लिया है, वे अब बिहार मॉडल लाए हैं, ये गरीबों का वोट छीनने का तरीका है, आपको जो करना है करिए, लेकिन बाद में कानून आप पर हावी होगा, कानून आपको नहीं छोड़ेगा, आप कितने ही बड़े क्यों न हो कानून आपको नहीं छोड़ेगा, आप अपना काम नहीं कर रहे हो, कुछ महीने पहले महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव हुआ, उसके कुछ महीने बाद महाराष्ट्र और हरियाणा का विधानसभा का चुनाव हुआ, लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन ने जीत दर्ज की, कुछ महीने बाद विधानसभा के चुनाव में हार गया।

**–राहुल गांधी, नेता विपक्ष, लोकसभा**

# ओली के हवा हवाई दावे से भारत का बेफिक्र रहना ही अच्छा





यशोदा श्रीवास्तव

नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की छवि भारत विरोधी की है,यह बात छिपी नहीं है लेकिन वे खुल्लम खुल्ला भारत को चुनौती देने की अपनी आदतों से बाज नहीं आ रहे, यह हैरान करने वाली बात है। वे कभी भारत के खिलाफ तीसरे देश के हाथ की कठपुतली बन जाते हैं तो कभी भारतीय भू क्षेत्र पर अपना दावा ठोक कर भारत को आंख दिखाते हैं। हद तो यह हो गई कि ओली अब भगवान राम के जन्म स्थान तक को नेपाल में होने का दावा कर रहे हैं। ओली के बे सिर पैर के दावे पर नेपाल के ही एक टिप्पणी कार ने कहा इस पर गौर कर दिमाग खपाने से बेहतर है कि भारत बेफिक्र ही रहे।

ओली के इस तरह अनाप-शनाप बकवास के पीछे का एक सच यह है कि वे नेपाल की राजनीति में निष्प्रयोज्य होते जा रहे हैं। अभी वे गठबंधन सरकार के प्रधानमंत्री हैं और उस दल के (नेपाली कांग्रेस) गठबंधन में हैं जो अपेक्षाकृत हिंदूवादी है और उसके भारत के हिंदुवादी नेताओं से अच्छे संबंध है। ऐसे में ओली को यह डर सताता रहता है कि भारत अपने समर्थक दल नेपाली कांग्रेस का पेंच जरा सा भी कस दिया तो उनकी कुर्सी गई। इस डर के बीच ओली नेपाल की राजनीति में कम्युनिस्ट होते हुए ही हिंदुत्व कार्ड खेलने की रणनीति पर तेजी से काम शुरू कर दिए हैं। जाहिर है भगवान राम भारत और नेपाल में समान रूप से सर्वमान्य और पूज्यनीय हैं। भगवान राम का ससुराल जनकपुर में है जो नेपाल में स्थित है। यह माता सीता का मायका है। इस रिश्ते की वजह से ही भारत और नेपाल के बीच रोटी बेटी जैसे संबंध को प्रगाढ़ता मिली है जो आज भी कायम है।

नेपाल में इन दिनों राज संस्था और हिंदू राष्ट्र की मांग जोर शोर से चल रही है। आने वाले चुनाव में नेपाल में दो ही मुद्दे हावी रहेंगे। एक गणतंत्र और धर्मनिरपेक्ष दूसरे राजशाही और हिन्दू राष्ट्र। ओली संभावित राजनीति की इस धारा को बखूबी समझ रहे हैं और इससे भयभीत भी हैं। यही वजह है कि वे कभी देश भक्ति का कार्ड खेलते हैं तो कभी हिंदुत्व का।

इस बार हिंदुत्व का कार्ड खेलते हुए ओली ने भगवान राम के नेपाल में जन्मने का राग अलापना शुरू किया है। नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एमाले) के केंद्रीय पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में ओली ने स्पष्ट लहजे में कहा कि प्रभु राम का जन्म नेपाल में ही हुआ है यह सच्चाई कहने में किसी को डरने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि नेपाल के चितवन जिले के माड़ी में ही प्रभु राम का जन्म हुआ है। वह पवित्र स्थल राम की जन्मस्थली है। प्रधानमंत्री ओली आगे कहते हैं कि हम पर्यटन की बातें करते हैं, लेकिन राम नेपाल में जन्मे थे यह बात कोई और कहे, यह कब तब चलेगा? केवल कथाएं बना कर किसी और स्थान को जन्मभूमि बताना कहां तक उचित है? ओली का इशारा साफ तौर पर भारत की ओर है। उन्होंने कहा, राम के जन्म के वक्त नेपाल राज्य की क्या सीमाएं थीं, क्या प्रशासन था, वह अलग बात है। शायद वहां था-समुदाय का गांव रहा होगा, लेकिन आज वह भूभाग नेपाल में ही है। इसलिए सच कहने में हिचक क्यों? प्रधानमंत्री ओली ने स्पष्ट किया कि किसी को यह बात बुरी लग सकती है, इससे डर कर सत्य बोलने से नहीं रुकना चाहिए। उन्होंने कहा, राम भगवान हैं या नहीं, यह हर किसी का व्यक्तिगत विश्वास है, लेकिन जो लोग भगवान राम को मानते हैं, उनके लिए राम की जन्मभूमि एक पवित्र स्थल है। ओली ने कहा अगर सच्चाई बोलने से कोई नाराज होता है तो वह होता रहे।

प्रधानमंत्री ओली ने यह भी दावा किया कि भगवान शिव, ऋषि विश्वामित्र और कौशिक ऋषि भी नेपाल के ही हैं। उन्होंने कहा, शिव यहीं के हैं, विश्वामित्र यहीं के हैं। यह रामायण में खुद लिखा है। प्रधानमंत्री ओली ने कहा कि वाल्मीकि कृत रामायण में उल्लेख है कि विश्वामित्र ने राम और लक्ष्मण को कोशी नदी पार करके पश्चिम दिशा में यानी नेपाली भूभाग में ही शिक्षा दी थी। यह रामायण में यह लिखा गया है। वाल्मीकि रामायण में यह वर्णित है कि कोशी नदी पार करके विश्वामित्र ने राम-लक्ष्मण को शिक्षा दी। इससे स्पष्ट है कि विश्वामित्र चतरा नेपाल के थे।

इतना ही नहीं उन्होंने नेपाल पर्यटन बोर्ड से कहा कि भगवान राम की जन्मस्थली का डिजिटल माध्यम से प्रचार प्रसार कर अधिक से अधिक विदेशी श्रद्धालुओं को नेपाल आने के लिए आकर्षित किया जाय। ओली ने कहा कि नेपाल के धार्मिक स्थलों का प्रचार बिल्कुल आधुनिक तरीके से और आक्रामक ढंग से किया जाना सुनिश्चित किया जाए। प्रधानमंत्री ओली ने स्पष्ट किया कि धर्म में विश्वास करना या न करना हर व्यक्ति का स्वतंत्र अधिकार है, लेकिन भगवान राम नेपाल में जन्मे थे और सीता का निधन भी यहीं हुआ था, जैसी बातों का ग्रंथों में उल्लेख है, इसे पूरी दुनिया में प्रचारित करने से डरने की जरूरत नहीं है। इसके पहले ओली जब भारत के उत्तराखंड में स्थित काला पानी, लिपुलेख और लिंपियाधुरा नामक पहाड़ी क्षेत्र को अपने भू भाग का हिस्सा बताते हुए भारत पर कब्जा करने का आरोप मढ़ते हैं तो इससे वे खुद को पक्का देशभक्त साबित करने की कोशिश करते हैं।

यह भू क्षेत्र उत्तराखंड के कुमाऊं मंडल के पिथौरागढ़ जिले का हिस्सा है। दर असल यह भू क्षेत्र भारत, नेपाल और चीन सीमा पर स्थित है जो नेपाल और भारत में बहने वाली काली या महाक. ाली नदी का उद्गम स्थल है। इस इलाके को काला पानी भी कहते हैं। यहीं पर लिपुलेख दर्रा भी है। यहां से उत्तर-पश्चिम की तरफ कुछ दूरी पर एक और दर्रा है, जिसे लिंपियाधुरा कहते हैं।

1816 में अंग्रेजों और नेपाल के गोरखा राजा के बीच हुए सुगौली समझौते में काली नदी के जरिए भारत और नेपाल के बीच सीमा तय की गई थी। समझौते के तहत काली नदी के पश्चिमी क्षेत्र को भारत का इलाका माना गया, जबकि नदी के पूर्व में पड़ने वाला इलाका नेपाल का हिस्सा माना गया। काली नदी के उद्गम स्थल को लेकर दोनों देशों के बीच विवाद रहा है। भारत नदी के पूर्वी धारा को काली नदी का उद्गम मानता है जबकि नेपाल पश्चिमी धारा को काली नदी का उद्गम स्थल मानता है। इसी आधार पर दोनों देश काला पानी के इलाके पर अपना-अपना दावा करते हैं। ए तीनों इलाके 370 वर्ग किमी में फैले हुए हैं। यहां रहने वाले लोगों की नागरिकता भारतीय है। काला पानी भारत, तिब्बत और नेपाल के बीच ट्राई-जंक्शन पर है। यह क्षेत्र सामरिक तौर पर इतना महत्वपूर्ण है कि यहां से भारत का चीनी सेना पर नजर रखना आसान है।भारत ने पहली बार 1962 के युद्ध में यहां सेना तैनात की थी। अभी भी यहां भारत-तिब्बत सीमा पुलिस तैनात है। लिपुलेख दर्रा उत्तराखंड को तिब्बत से जोड़ता है। भारत से मानसरोवर जाने वाले तीर्थयात्री लिपुलेख दर्रे से होकर गुजरते हैं। 1962 में चीन के हमले के बाद भारत ने लिपुलेख दर्रे को बंद कर दिया था। 2015 में चीन के साथ व्यापार और मानसरोवर यात्रा को सुगम बनाने के लिए इसे दोबारा खोला गया। मई 2020 में भारत ने कैलाश मानसरोवर यात्रा को सुगम बनाने के लिए पिथौरागढ़ से लिपुलेख दर्रे तक 80 किमी लंबी नई सड़क का उद्घाटन किया था, जिसे लेकर नेपाल ने नाराजगी जताई थी। अंग्रेजों के साथ संधि के करीब 100 साल बाद तक इस इलाके को लेकर कोई विवाद नहीं हुआ। यहां तक कि भारत ने 1962 में चीनी आक्रमण को रोकने के लिए इस इलाके में अपनी सेना तक तैनात कर दी थी। अभी भी इस इलाके के कई हिस्सों में भारतीय सेना तैनात है। फिर ओली इस दुर्गम इलाके को अपना बताते हैं। सवाल उठता है कि यदि ऐसे ही हवा हवाई सबूतों के आधार पर किसी भू क्षेत्र अथवा जन्मस्थली पर दावा ठोकना हो तो भारत भी नेपाल के लुंबिनी को अपने देश का हिस्सा कह सकता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# गुरु मौन ईश्वर की अभिव्यक्त वाणी है



श्री श्री परमहंस योगानंद

**जब सर्वोच्च सत्य को प्राप्त करने की हमारी लालसा अत्यधिक तीव्र हो जाती है, तो ईश्वर हमें आत्म-साक्षात्कार की चुनौतीपूर्ण यात्रा पर प्रगति करने हेतु मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए एक ईश्वरीय माध्यम अर्थात गुरु को भेजकर प्रत्युत्तर देते हैं।**

नेहा प्रकाश

गुरु वह अनन्त द्वार हैं जिसके माध्यम से ईश्वर हमारे जीवन में प्रवेश करते हैं। तथा यदि हम अपनी इच्छा और चेतना को गुरु के साथ समस्वर नहीं करते हैं तो सम्भवत: ईश्वर भी हमारी सहायता नहीं कर सकते। आजकल लोग ऐसा मानते हैं कि शिष्यत्व स्वेच्छापूर्वक गुरु को अपनी स्वतंत्र इच्छाशक्ति समर्पित करने के समान है परन्तु गुरु की सार्वभौमिक करुणा के प्रति निष्ठा निश्चित रूप से दुर्बलता का प्रतीक नहीं है।

स्वामी युक्तेश्वरजी ने कहा था, इच्छा की स्वतंत्रता पूर्वजन्म और जन्मोत्तर की आदतों या मानसिक भावनाओं के अनुसार कार्य करने में निहित नहीं है परन्तु, सामान्य मनुष्य अपना दैनिक जीवन वस्तुत: अपनी इच्छाशक्ति का रचनात्मक प्रयोग किए बिना ही व्यतीत करते हैं संकट में, दु:ख में और यहां तक कि आनन्द में भी।

स्वतन्त्रता का वास्तविक अर्थ है अपने अहंकार से मुक्त जीवन जीना। यह तभी सम्भव है जब हम अनन्त ज्ञान, सर्वसमावेशी चेतना, सर्वव्यापी प्रेम पर ध्यान करते हैं, जिसे शिष्य एक सच्चे गुरु की शिक्षाओं के माध्यम से अनुभव कर सकते हैं। गुरु शब्द दो शब्दों से मिलकर बना है 'गु' का अर्थ है अन्धकार और 'रु' का अर्थ है समाप्त करना या भंग करना।

गुरु जन्म-जन्मान्तर तक हमारे हाथों को थामे रखते हैं जब तक कि हम माया की अन्धकारपूर्ण गलियों को पार कर अपने वास्तविक निवास अर्थात आत्मज्ञान में स्थित होकर सुरक्षित नहीं हो जाते, तो कोई व्यक्ति सच्चे गुरु को कैसे प्राप्त कर सकता है? ऐसा कहा जाता है कि गुरु को हम नहीं खोजते हैं, अपितु स्वयं गुरु ही हमें खोज लेते हैं।

जब सर्वोच्च सत्य को प्राप्त करने की हमारी लालसा अत्यधिक तीव्र हो जाती है, तो ईश्वर हमें आत्म-साक्षात्कार की चुनौतीपूर्ण यात्रा पर प्रगति करने हेतु मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए एक ईश्वरीय माध्यम अर्थात गुरु को भेजकर प्रत्युत्तर देते हैं। ऐसे गुरु ईश्वर के द्वारा निर्धारित होते हैं। वे ईश्वर के साथ एकाकार होते हैं और उन्हें धरती पर ईश्वर के एक प्रतिनिधि के रूप में उपदेश देने की ईश्वरीय स्वीकृति प्राप्त होती है। गुरु मौन ईश्वर की अभिव्यक्त वाणी हैं। माया के सागर को पार करने के लिए शिष्य गुरु-प्रदत्त साधना का अनुसरण करके ज्ञान की अपनी जीवनरक्षक नाव का निर्माण करता है।

परमहंस योगानन्द एक ऐसे ही सच्चे गुरु थे जो दिव्य गुरुओं की परम्परा से थे और जिन्होंने सम्पूर्ण विश्व में क्रियायोग मार्ग के ज्ञान का प्रसार करने की दिशा में कार्य किया। क्रियायोग आत्म-साक्षात्कार प्राप्त करने के सर्वोच्च मार्गों में से एक है। अपने आध्यात्मिक गौरव ग्रन्थ, योगी कथामृत में, जिसने लाखों व्यक्तियों के जीवन को उन्नत किया है, योगानन्दजी लिखते हैं कि क्रियायोग एक मनोदैहिक प्रणाली है जिसके द्वारा मानव रक्त को कार्बन से मुक्त और ऑक्सीजन से संचारित किया जाता है। इस अतिरिक्त ऑक्सीजन के परमाणु प्राणधारा में परिणत हो जाते हैं जिसके द्वारा योगी ऊतकों के क्षय को नियन्त्रित और यहां तक कि रोक भी सकता है। आध्यात्मिक प्रगति की ऐसी शक्तिशाली पद्धति को मानवजाति के साथ साझा करना आवश्यक था और इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए योगानन्दजी ने अपने गुरु स्वामी युक्तेश्वरजी के आदेश से सन् 1917 में रांची में योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ इण्डिया (वाईएसएस) और सन् 1920 में लॉस एंजेलिस में सेल्फ-रियलाइजेशन फेलोशिप (एसआरएफ) की स्थापना की। सत्य के साधकों के लिए एसआरएफ और वाईएसएस से आत्म-साक्षात्कार गृह-अध्ययन पाठमाला के माध्यम से क्रियायोग की शिक्षाएं उपलब्ध हैं।

ऐसा माना जाता है कि यदि किसी श्रद्धावान व्यक्ति की लालसा गहन और ईश्वर को जानने की तड़प अथक है, तो एक सच्चे गुरु स्वयं ही अपने शिष्य का मार्गदर्शन करने के लिए आते हैं। यह एक सच्चे गुरु का दिव्य वचन है। गुरु चाहे भौतिक शरीर में हों या न हों, वे सदैव उस शिष्य के निकट रहते हैं जो उनके साथ समस्वर होता है, क्योंकि एक सच्चे गुरु की चेतना शाश्वत होती है। सन्त कबीर के शब्दों में, ह्वह शिष्य अत्यन्त सौभाग्यशाली होता है जिसने एक सच्चे गुरु को खोज लिया है।

# पत्रकारिता की नाक काटने पर तुला गोदी मीडिया



निर्मल रानी

यदि आप गोदी मीडिया से जुड़े भोंपू टीवी चैनल्स पर टी आर पी केंद्रित चोंच लड़ाने व उत्तेजना पैदा करने वाली डिबेट देखें तो शायद ही कोई दिन ऐसा गुजरता हो जिस दिन गोदी मीडिया के इन टीवी एंकर्स को किसी न किसी डिबेट के सहभागी या दर्शकगण के बीच बैठे किसे जागरूक व्यक्ति के हभाथों घोर अपमान न सहना पड़ता हो। जनता के बीच तो यह लोग अब जाने से ही डरते हैं क्योंकि वहां भी कई बार इन्हें अपमानित होकर वापस आना पड़ा है। स्वयं के सेलेब्रेटी होने का भ्र्म पाले ऐसे कई पत्रकारों को कई बार जनता धक्के देकर भगा चुकी है। आखिर क्या कारण है कि पत्रकारिता जैसा पवित्र व जिम्मेदार पेशा अब इतना बदनाम हो गया है कि गोदी मीडिया से जुड़े वर्तमान भोंपू व पक्षपातपूर्ण एवं झूठी रिपोर्टिंग करने वाले पत्रकारों का बर्ताव व उनका मनोभाव देखकर लोग अपने बच्चों को पत्रकारिता सिखाने से परहेज करने लगे हैं?

आम लोग बड़े ही भरोसे के साथ टी वी देखते व पत्र पत्रिकाएं पढ़ते हैं। पत्रकारों का एक राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय नेटवर्क जगह जगह के ताजा हालात के बारे में अपने अपने मीडिया संस्थान को पूरी जिम्मेदारी के साथ अवगत कराता है। इसी सामग्री को प्रकाशित या प्रसारित कर देश दुनिया को किसी घटना की जानकारी दी जाती है। इसके अतिरिक्त मीडिया सरकार व समाज के दर्पण का भी काम करता है। सत्ता से उसकी नाक. ामियों पर सवाल पूछता है परन्तु गत दस वर्षों से तो यही मीडिया न केवल सरकार का वफादार भोंपू बन चुका है




बल्कि उल्टे सत्ता से सवाल करने वालों को ही कटघरे में खड़ा कर रहा हे। यह सत्ता के बजाए विपक्ष से सवाल करने को ही पत्रकारिता समझता है। गोदी मीडिया सरे आम सांप्रदायिक एजेंडा परोसता है और देश में साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण करने में अपनी मुख्य भूमिका अदा कर रहा है।

पत्रकारिता को शर्मसार करने वाले ऐसे ही दलाल किस्म के पत्रकारों पर न जाने कितने मुकद्दमे चल चुके हैं और कई पर तो अभी भी चल रहे हैं। देश की अदालतें ऐसे टी वी चौनल्स व पत्रकारों को कई बार डांट फटकार लगा चुकी हैं। अभी पिछले ही दिनों रिपब्लिक टीवी के एडिटर-इन-चीफ अर्नब गोस्वामी के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट में कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने मानहानि का मामला दायर कर दिया। अर्नब गोस्वामी ने ऑपरेशन सिंदूर की रिपोर्टिंग के समय कांग्रेस पार्टी को राष्ट्र के दुश्मनों के साथ खड़ी होने वाली पार्टी बताकर कांग्रेस की छवि धूमिल करने की कोशिश की थी। रिपब्लिक टीवी वही न्यूज चैनल है जिसकी स्थापना मई 2017 में अर्नब गोस्वामी व भाजपा सांसद राजीव चंद्रशेखर ने संयुक्त रूप से की थी। राजीव चंद्रशेखर उद्यमी होने के साथ साथ वर्तमान में भाजपा केरल के प्रदेश अध्यक्ष होने के अलावा पूर्व इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी, कौशल विकास, उद्यमिता व जल शक्ति मंत्रालय के राज्य मंत्री भी हैं। उधर अर्नब गोस्वामी की तारीफ यह है कि इन्हें 4 नवम्बर 2020 को 53 साल के एक इंटीरियर डिजाइनर को आत्महत्या के लिए मजबूर करने के मामले में मुंबई पुलिस ने गिरफ्तार किया था। इसके अलावा भी गोस्वामी के विरुद्ध कई आपराधिक और सिविल मामले दर्ज किए गए थे। इनमें मानहानि, उकसाने, गलत सूचना फैलाने और अन्य संबंधित आरोप शामिल हैं। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के मुंह पर कालिख पोतने वाला ऐसा दागदार व्यक्ति अब यह प्रमाण पत्र बांट रहा है कि कौन सा व्यक्ति व दल राष्ट्र भक्त है और कौन राष्ट्र के दुश्मनों के साथ खड़ा है?

कुछ दिन पहले ऐसे ही किसी एजेंडा पत्रकार ने पूरी पत्रकार बिरादरी को उस समय जलील किया जब उसने भारत की अंतर्राष्ट्रीय खुफिया एजेंसी रॉ के पूर्व निदेशक अमरजीत सिंह दुलत का साक्षात्कार किया और उस दौरान उसने दुलत से एक अप्रासंगिक प्रश्न पूछ लिया। उसने पुछा कि कुछ दिन पहले आप पाकिस्तान गए थे? इस सवाल पर पहले तो दुलत ने पूछा की यह किसने बताया आपसे? जवाब न मिलने के बाद वे खड़े हो गए और निकालो इसको साले को...। मालूम है मैं कौन हूं? इसी तरह पिछले दिनों जी न्यूज और CNN-News18 के विरुद्ध पुंछ की अदालत ने एफआईआर का आदेश दिया तथा प्रत्येक पर 5 करोड़ रूपए का जुर्माना सुनाया। मामला यह था कि 7 मई 2025 को ऑपरेशन सिंदूर के दौरान, पुंछ में पाकिस्तानी हमले में कारी मोहम्मद इकबाल नामक एक सज्जन व्यक्ति शहीद हो गए थे। उस समय ममछमू और CNN news 18 जैसे चैनल बड़ी ही बेशर्मी से इकबाल को आतंकवादी बता रहे थे तथा बिना किसी सबूत के यह दावा कर रहे थे कि कारी मोहम्मद इकबाल का सम्बन्ध लश्कर-ए-तैयबा से था, जबकि वे स्थानीय लोकप्रिय समाजसेवी थे तथा राष्ट्रभक्त व्यक्ति थे। मरणोपरांत उनकी छवि बिगाड़ने, फर्जी व अपमानजनक सामग्री प्रसारित करने के लिए ही अदालत ने इन चैनल्स पर 5 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया। निश्चित रूप से यह पक्षपातपूर्ण पत्रकारिता के मुंह पर जोरदार तमाचा है। यह कैसा गैर जिम्मेदार मीडिया है कि दुश्मन की गोली से शहीद होने वाले अपने ही देशवासियों को आतंकवादी बता रहा है?

याद कीजिए 14 जून 2020 का वह दिन जब अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत ने आत्महत्या कर ली थी परन्तु आत्महत्या करने के बाद उसके परिवार वालों ने सुशांत की मित्र अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती को इस तरह कटघरे में खड़ा कर दिया था गोया रिया चक्रवर्ती पर दोष मढ़ने के लिए मीडिया के पास सारे सुबूत मौजूद हों। उस दौरान इसी मीडिया ट्रायल की वजह से रिया को 27 दिनों तक जेल में भी रहना पड़ा था।

रिया चक्रवर्ती पर न केवल न केवल सुशांत को आत्महत्या के लिए उकसाने भर का आरोप था बल्कि उस पर 15 करोड़ की हेराफेरी का भी आरोप लगाया गया था। यहां तक कि इस मामले में ड्रग्स के एंगल से भी जांच की गई थी परन्तु पिछले दिनों इस मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो ने अदालत में दो क्लोजर रिपोर्ट दाखिल कर दी। सीबीआई की इस रिपोर्ट में अभिनेता की मौत के मामले में किसी साजिश से इनकार किया गया। गोया सीबीआई द्वारा रिया चक्रवर्ती को क्लीन चिट दे दी गई। इस रिपोर्ट के फौरन बाद जी न्यूज के स्वामी सामने आए थे और उन्होंने अपने चौनल पर इस सम्बन्ध में गलत खबर चलाने के लिए मुआफी मांगी। परन्तु बेशर्म पत्रकारों ने मुआफी मांगने की भी जरुरत महसूस नहीं की? देश में जिस तरह मीडिया द्वारा बेशर्मी की सारी हदें पार की जा रही हैं उसे देखकर यही कहा जाएगा कि पत्रकारिता की नाक कटाने पर तुला है गोदी मीडिया।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# रजत जयंती वर्ष 25 YEARS 2000–2025 ... ढाई दशक का सुनहरा सफर

## दैनिक शाह टाइम्स के सभी विज्ञापनदाताओं, पाठकों व शुभचिंतकों को रजत जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं

दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र की रजत जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं

**मुनेश कुमार**
शंकर ईंट उद्योग
पता: चन्दैना कोली तल्हेडी बुजुर्ग

दैनिक शाह टाइम्स न्यूज पेपर की रजत जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं

**सचिन पुनिया**
थाना प्रभारी फतेहपुर
जनपद सहारनपुर

दैनिक शाह टाइम्स न्यूज पेपर की रजत जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं

**मौ. अतहर**
भावी चेयरमैन प्रत्याशी
नगर पंचायत छुटमलपुर

दैनिक शाह टाइम्स न्यूज पेपर की रजत जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं

**डा. फैसल खान**
लाईफ केयर हॉस्पिटल
गंदेवडा छुटमलपुर

दैनिक शाह टाइम्स न्यूज पेपर की रजत जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं

**नीरज पुंडीर**
वरिष्ठ समाजसेवी व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि मुजफ्फराबाद

दैनिक शाह टाइम्स न्यूज पेपर की रजत जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं

**अंकित वर्मा**
जिला कार्यकारिणी सदस्य
भारतीय जनता पार्टी

दैनिक शाह टाइम्स न्यूज पेपर की रजत जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं

**इमरान अली**
भावी प्रधान प्रत्याशी
ग्राम पंचायत गंदेवडा ब्लाक पुंवारका, सहारनपुर

दैनिक शाह टाइम्स न्यूज पेपर की रजत जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं

**सुलतान अहमद**
वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष
भारतीय किसान यूनियन तोमर
भावी प्रधान प्रत्याशी
ग्राम भटपुरा

**फरमान अली**
पूर्व प्रधान भटपुरा
भावी जिला पंचायत प्रत्याशी
वार्ड नंबर 3

दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र की रजत जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं
**चांदनी राठौर**
वरिष्ठ समाजसेवी व भाजपा नेत्री


दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र की रजत जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं
**सुधीर प्रकार सैनी**
ग्राम प्रधान
बादशाहपुर बिहारीगढ


दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र की रजत जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं
**हरेन्द्र कश्यप**
वरिष्ठ समाजसेवी
ग्राम पंचायत इस्माईलपुर, बिहारीगढ


दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र की रजत जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं
**सईद अहमद त्यागी**
व्यापार मण्डल अध्यक्ष
तल्हेडी बुजुर्ग


BRAIN DISCOVERY GLOBAL SCHOOL
Pathway to wisdom
**ADMISSION OPEN**
Pre- Nursery to Class 9
Day Boarding School
Run by Ex-DPS PRINCIPALS AND PROFESSORS

PROF. MOHAMMAD KAMIL
Free Meals, Tuition, Foundation Classes
Home work completed at school only
Enroll Now 9911002019, 9911002046
NH-344 Dehradun National Highway, Near Health Centre, Harode, Saharanpur - 247709 U.P.

दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र की रजत जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं
**विनोद कुमार**
थाना प्रभारी
गागलहेडी


दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र की रजत जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं
**धनराज सिंह**
यूनिट हैड
दया शुगर मिल
गागलहेड़ी


दैनिक शाह टाइम्स न्यूज पेपर की रजत जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं
सीबीएसई बोर्ड से मान्यता प्राप्त इंग्लिश मीडियम शिक्षण संस्थान **राष्ट्र देव इंटरनेशनल एकेडमी** में कक्षा नर्सरी से इंटरमीडिएट तक के प्रवेश प्रारम्भ
शिक्षण संस्थान में बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए कंप्यूटर क्लास व उचित क्रीडा स्थल आदि की विशेष सुविधाएं उपलब्ध

**शिवानी अग्रवाल**
पता: तल्हेडी बुजुर्ग से पनियाली मार्ग, तहसील देवबंद जनपद सहारनपुर

दैनिक शाह टाइम्स न्यूज पेपर की रजत जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं
**कैम्ब्रिज इंटरनेशनल स्कूल**
सीबीएसई बोर्ड से मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थान कैंब्रिज इंटरनेशनल स्कूल में कक्षा नर्सरी से इंटरमीडिएट तक प्रवेश प्रारम्भ।

**चेयरमैन प्रमोद त्यागी**
पता: तल्हेडी बुजुर्ग तहसील देवबंद जनपद सहारनपुर

दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र की रजत जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं
**विपिन कुमार**
चौकी प्रभारी
तल्हेडी बुजुर्ग


दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र की रजत जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं
**बाबूराम**
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत बेगमपुर तल्हेडी बुजुर्ग


सभी देशवासियों को शाह टाइम्स रजत जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं

**अंकुर सैनी**
(सभासद)
वार्ड नंबर 7
नगर पंचायत छुटमलपुर